## विचार बिन्दु

**निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी**

# उनके शहर बनाम हमारे शहर

हमारे देखते–ही–देखते कितना कुछ बदल गया है! एक समय था जब लोग अपना गांव छोड़कर भी बाहर जाने से गुरेज़ करते थे। हर इलाके में इस तरह का सोच चलन में हुआ करता था कि 'गेहूं छोड़ कर मक्की खाना, लेकिन मेवाड़ (या अन्य कोई भी अपना इलाका) छोड़ कर कहीं नहीं जाना'। लेकिन हमारे देखते ही देखते दुनिया एक वैश्विक गांव में बदल चुकी है और अपना गांव तो छोड़िये, अपना इलाका, अपना प्रदेश, अपना राज्य, यहां तक कि अपना देश भी छोड़कर लोग अन्यत्र इस सहजता से जाते–आते हैं जैसे एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले में जा रहे हों। देशों के बीच की सीमाएं अदृश्य नहीं तो शिथिल अवश्य हो गई हैं। लोग केवल पर्यटन के लिए ही नहीं आजीविका के लिए भी एक से दूसरे देश में खुशी–खुशी जाने लगे हैं। स्वाभाविक है कि विकसित देशों की तरफ जाने वालों की संख्या अधिक है, लेकिन बहु राष्ट्रीय निगमों के प्रसार के बाद इसका उलट भी खूब हो रहा है। विकसित देशों में अवस्थित बहु राष्ट्रीय कंपनियां विकासशील और तीसरी दुनिया के देशों में भी अपने कार्मिकों को भेजना ज़रूरी मानने लगी हैं। ऐसे में यह जानने की ज़रूरत भी बहुत तेज़ी से महसूस की जाने लगी है कि अगर हमें अपने देश को छोड़कर किसी अन्य शहर या देश में जाना है तो वहां की जीवन स्थितियां कैसी हैं। नियोक्ता गण भी इस बात का ध्यान रखते हैं और कम सुविधा वाले स्थानों पर अपने कार्मिकों को भेजने के लिए वे उन्हें कुछ अधिक सुविधाएं या वित्तीय संसाधन देकर उन्हें होने वाली असुविधाओं की क्षित पूर्ति करने का प्रयास करते हैं। इस पूरे परिदृश्य में सामने आते हैं वे लोग जो बाकायदा शोध और अध्ययन करके यह बताते हैं कि रहने के लिहाज़ से कौन–सा शहर किसी अन्य शहर की तुलना में बेहतर या बदतर है। ऐसा ही अध्ययन करने वाली एक अठाणी संस्था मर्सर है जो हर बरस अपने क्वालिटी ऑफ लिविंग अर्थात जीवन गुणवत्ता सर्वे के आधार पर एक सूची ज़ारी करती है। इस वर्ष सितम्बर और नवम्बर 2023के बीच किए गए अध्ययन के आधार पर मर्सर ने पांच महाद्वीपों के कुल 241 शहरों का अध्ययन करके एक सूची हाल में ज़ारी की है। यह बात पहले ही स्पष्ट हो जानी चाहिए कि इस सूची में केवल उन शहरों को शामिल किया गया है जिनके बारे में मर्सर के क्लाइण्ट्स ने जानना चाहा था। इसलिए अगर इस सूची में अन्य शहर नहीं हैं तो यह न मान लिया जाए कि उनमें जीवन की गुणवत्ता इन 241 शहरों से खराब है। असल में उनके बारे में विचार ही नहीं गया है।

इसके बावज़ूद यह जानना न केवल रोचक होगा, बल्कि उपयोगी भी होगा कि जीवन गुणवत्ता के इस सर्वे में भारत के किन शहरों को शामिल किया गया है, उनकी रैंकिंग क्या है और यह भी कि दुनिया के वे कौन से शहर हैं जो रैंकिंग में बहुत ऊपर हैं, और अपनी किन सुविधाओं वगैरह की वजह से वे यह बेहतर रैंकिंग हासिल कर सके हैं। यह जानने के बाद हम अपन देश की स्थितियों और यहां नागरिकों को मिल रही सुविधाओं पर भी कुछ विचार कर सकते हैं। तो, सबसे पहले तो यही बात कि इस सूची में भारत के पांच शहर शामिल हैं। इन शहरों के नाम के आगे मैंने इनकी रैंकिंग भी अंकित की है। ये पांच शहर हैं – हैदराबाद (153), पुणे (154), बेंगलुरु (156), चेन्नई (161), मुंबई (164), कोलकाता( 170) और नई दिल्ली (172)। प्रसंगवश बताता चलूं कि नई दिल्ली अपनी रैंकिंग सऊदी अरब के रियाद शहर के साथ साझा करती है। अब क्योंकि पड़ोसी देश पाकिस्तान में हमारी बहुत अधिक रुचि रहती है, यह भी जान लें कि वहां के तीन शहर इस सूची में शामिल हैं – इस्लामाबाद (206), कराची (215), और लाहौर (217)। बांग्लादेश का एक ही शहर इस सूची में है – ढाका (216)। कुछ अन्य शहर जिनकी रैंकिंग के बारे में जानने को हम उत्सुक हो सकते हैं वे हैं – सिंगापुर (29), कुआलालम्पुर (86), शंघाई (109), बैंकॉक (124), बीजिंग (126), जकार्ता (148) और कोलम्बो (178)।

**सार्वजनिक परिवहन प्रणाली देश के बहुत कम शहरों में अच्छी स्थिति में है। मुंबई को एक अपवाद माना जा सकता है। नगरीय स्वास्थ्य सेवाएं हर जगह चरमरा रही हैं। कला साहित्य संस्कृति कहीं भी किसी भी सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। पुरा संपदा और सांस्कृतिक वैभव हमारे पास खूब है, लेकिन हमें उसकी सार संभाल में कोई दिलचस्पी नहीं है।**

इस सर्वे में जिन दस शहरों को सर्वोच्च स्थान प्राप्त हुआ है उनमें से सात शहर पश्चिमी यूरोप के, 2 पैसिफ़िक के और एक उत्तरी अमरीका का है। यहीं यह भी जान लेना रोचक होगा कि इस सर्वे सूची में अमरीका के 19 और चीन के 13 शहर शामिल हैं। इस सूची में जो शहर पहले दस स्थानों पर हैं वे क्रमशः ये हैं: वियना (ऑस्ट्रिया), ज़्यूरिख़ (स्विटज़रलैण्ड), ऑकलैण्ड (न्यूज़ीलैण्ड), कोपेनहेगन (डेन्मार्क), जेनेवा (स्विटज़रलैण्ड), फ्रैंकफर्ट (जर्मनी), म्यूनिख़ (जर्मनी), वैंकूवर (कनाडा), सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) और डुसेल्डॉर्फ़ (जर्मनी)। यह जानना भी बहुत दिलचस्प होगा कि शीर्ष दस शहरों की इस सूची में संयुक्त राज्य अमरीका का एक भी शहर नहीं है। यही नहीं, इस सूची में अमरीका का एक शहर पहली बार 37 वें नम्बर पर नज़र आता है। शहर है सैन फ्रांसिस्को। और भी अधिक रोचक बात यह है कि इस सूची को तैयार करते समय संयुक्त राज्य अमरीका के न्यूयॉर्क को आधार शहर माना गया है और वही न्यूयॉर्क इस सूची में 40 वें स्थान पर है। कहना अनावश्यक है कि अन्य 39 शहर जीवन गुणवत्ता के मामले में उससे बेहतर पाए गए हैं।

अब पहले हम यह देखते हैं कि जिन शहरों को इस सूची में उच्च स्थान मिला है उनमें खास क्या है! इस सूची में जर्मनी के तीन शहर हैं और उन्हें अपनी आर्थिक समृद्धि, दक्ष सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था और सांस्कृतिक संपन्नता के कारण इतनी बढ़िया रैंकिंग प्रदान की गई है।

कोपेनहेगन को इसलिए सराहा गया है कि यह शहर साइकिल चलाने वालों के लिए बहुत सुरक्षित है और यहां की जीवन पद्धति में संवहनीयता (सस्टेनेबिलिटी) पर बहुत बल दिया जाता है।

इसके अलावा यहां की हरियाली और उत्कृष्ट स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाओं ने भी इसे उच्च रैंकिंग दिलवाने में सहायता की है। ऑकलैण्ड का उच्च जीवन स्तर, मज़बूत चिकित्सा व्यवस्था और गतिशील सांस्कृतिक परिवेश बहुत आकर्षक पाया गया तो सिडनी को उसकी आर्थिक संपन्नता के साथ–साथ वैविध्य पूर्ण जीवन शैली और विश्व विख्यात स्मारकों के कारण इतनी ऊंची रैंकिंग हासिल हुई। कुछ बातें जो सब जगह समान पाई गईं, और जिन्होंने रैंकिंग देने वालों को प्रभावित किया, वे थीं राजनीतिक स्थिरता, स्वास्थ्य और शिक्षा की उत्कृष्ट सुविधाएं और सामाजिक–सांस्कृतिक पर्यावरण।

अब अगर हम इन सब बातों को जानने के बाद अपने देश के शहरों के जीवन पर नज़र डालें तो जो तस्वीर सामने आती है वह बहुत आश्वस्त करने वाली नहीं है। बेशक आज़ादी के बाद हमने स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं के मामले में काफी लम्बी यात्रा की है लेकिन अभी भी स्थितियां ऐसी नहीं हैं जिन पर हम गर्व कर सकें। इन दोनों में ही निजी क्षेत्र खूब फला–फूला है लेकिन सार्वजनिक क्षेत्र, जिससे आम आदमी का काम पड़ता है, बदहाली का शिकार है। कभी–कभार बहुत अच्छी शुरुआत होती है लेकिन जल्दी ही वह हांफने भी लग जाती है। दिल्ली में मोहल्ला क्लिनिक और राजस्थान में भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना इस बात के ताज़ा उदाहरण हैं।

अधिकांश शहरों में सरकारी शिक्षण संस्थाएं बदइंतजामी और उपेक्षा की जीती–जागती मिसालें हैं।

सार्वजनिक परिवहन प्रणाली देश के बहुत कम शहरों में अच्छी स्थिति में है। मुंबई को एक अपवाद माना जा सकता है। नगरीय स्वास्थ्य सेवाएं हर जगह चरमरा रही हैं। कला साहित्य संस्कृति कहीं भी किसी भी सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। पुरा संपदा और सांस्कृतिक वैभव हमारे पास खूब है, लेकिन हमें उसकी सार संभाल में कोई दिलचस्पी नहीं है। ऐसे में यह सोचा जा सकता है कि अगर जीवन गुणवत्ता की यह सूची और बड़ी, बहुत बड़ी भी होती तो हमारे शहर इसमें नीचे ही होते।

देखने की बात यह उतनी ज़्यादा नहीं है कि दुनिया के दूसरे देशों से हमारे यहां जो लोग काम करने आते हैं उन्हें हमारे शहर कैसे लगते हैं, देखने की बात यह अधिक है कि हम अपने नागरिकों को कैसा जीवन सुलभ करा रहे हैं। मुझे लगता है कि बहुत बड़ी–बड़ी बातें करने से अधिक अच्छा यह होगा कि हम अपने नागरिकों को स्वास्थ्य और शिक्षा की ज़रूरी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को अपनी प्राथमिकता बनाएं, हम अपनी सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को मज़बूत बनाएं, हम अपने शहरों के पर्यावरण की रक्षा करें, हम अपने नागरिकों को एक सुरक्षित और निश्चिंत जीवन उपलब्ध कराएं। ये बहुत बड़ी आकांक्षाएं नहीं हैं। इन्हें सुलभ कराने जितने संसाधन भी हमारे पास हैं। कमी है तो प्राथमिकताओं के सही निर्धारण की और फिर उन्हें कार्य रूप में परिणत करने और करते रहने की इच्छा शक्ति की।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# जोधपुर पोलो–2023: पोलो हेरिटेज ने इंडियन नेवी पर जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया

## दूसरे मैच में जोधपुर-जयपुर व 61 कैवेलरी-रॉयल इनफील्ड के बीच प्रतिस्पर्धा देखने को मिली



एच.एच. महाराजा ऑफ जोधपुर कप ( 8 गोल ) टूर्नामेंट सेमीफाइनल में मैच हुये।

■ **कैवलरी टीम के मेजर अनन्त राजपुरोहित ने गोल्डन गोल कर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया**

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, एयरफोर्स रोड, पाबूपुरा में चल रहे 24वें जोधपुर पोलो सीजन 2023 में रविवार को एच.एच. महाराजा ऑफ जोधपुर कप (8 गोल) टूर्नामेंट के तहत खेले गये सेमीफाइनल मैचों में पहले मैच में पोलो हेरिटेज ने इण्डियन नेवी को साढे पांच के मुकाबले बारह गोल कर साढे छह गोल के अन्तर से हराते हुए फाइनल में जगह बनायी।

वहीं दूसरे मैच में जोधपुर–जयपुर व 61 कैवेलरी–रॉयल इनफील्ड के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। मैच समाप्ति तक दोनों ही टीमों के समान स्कोर सात–सात गोल होने के कारण अतिरिक्त चक्कर का खेल खेला गया जिसमें कैवलरी टीम के मेजर अनन्त राजपुरोहित ने गोल्डन गोल कर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टूर्नामेंट का फाइनल मंगलवार को खेला जायेगा।

जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि दोपहर 2.30 बजे खेले गये पहले सेमीफाइनल मैच में आधे गोल की शुरुआती बढ़त के साथ खेलते हुए इण्डियन नेवी के चार हैण्डीकेप के खिलाड़ी योहान फिलीप ने पहले व तीसरे चक्कर में एक–एक गोल व दूसरे चक्कर में दो गोल किए। साथी खिलाड़ी दो हैण्डीकेप के कैप्टन ए.पी. सिंह ने तीसरे चक्कर में एक गोल किया। चौथे चक्कर में यह टीम कोई गोल नहीं कर पायी। मुकाबले में पोलो हेरिटेज के चार हैण्डीकेप के खिलाड़ी सैय्यद शमशेर अली ने मैच की शुरुआत में ही पहले चक्कर में लगातार चार गोल कर अपनी मंशा जाहिर कर दी थी। सैय्यद ने चौथे चक्कर में भी एक गोल सहित कुल पांच गोल किए। टीम के अन्य खिलाड़ी धनन्जयसिंह राठौड़ व योगेश्वर सिंह ने भी टीम को फाइनल में पहुंचाने में महत्वपूर्ण रोल अदा किया। धनन्जय ने दूसरे, तीसरे व चौथे चक्कर में एक–एक गोल व योगेश्वर ने दूसरे चक्कर में एक व चौथे चक्कर में दो गोल किए।

उन्होंने बताया कि दोपहर 3.30 बजे समान हैण्डीकेप आठ–आठ गोल की टीमों के बीच खेले गये दूसरे सेमीफाइनल मैच में जोधपुर–जयपुर टीम की ओर से खेलते हुए चार हैण्डीकेप के खिलाड़ी सवाई पद्मनाभ सिंह जयपुर ने तीसरे चक्कर में एक गोल, साऊथ अफ्रीका के चार हैण्डीकेप के खिलाड़ी लांस वाटसन ने पहले चक्कर में एक गोल व चौथे चक्कर में दो गोल किए। साथी खिलाड़ी राव हिम्मतसिंह बेदला ने पहले, तीसरे व चौथे चक्कर में एक–एक गोल किया। मुकाबले में 61 कैवेलरी टीम की ओर से तीन हैण्डीकेप के वरिष्ठ खिलाड़ी ध्रुवपाल गोदारा ने विपक्षी टीम को टक्कर देते हुए दूसरे, तीसरे व चौथे चक्कर में दो–दो गोल किए। तीन हैण्डीकेप के साथी खिलाड़ी अंगद कलान ने तीसरे चक्कर में एक गोल किया। अन्तिम चक्कर तक दोनों टीमों के सात–सात गोल होने के कारण पांचवा अतिरिक्त चक्कर का खेल खेला गया जिसमे कैवेलरी टीम कें अनन्त राजपुरोहित ने गोल्डन गोल कर अपनी टीम का स्थान फाइनल में सुनिश्चित करवाया। मैच की कॉमेन्ट्री ऑस्ट्रेलिया के डेविड विंडसर व राजवी शैलेन्द्रसिंह ने संयुक्त रूप से की। मैच के अम्पायर अर्जेन्टीना के निकोलस स्कोर्टीचीनी व दक्षिण अफ्रीका के रोडनी ज्योफरी गुटरिज रहे जबकि रैफरी गोंजालो यजोन थे। मैच के दौरान मेजर जनरल नरपतसिंह राजपुरोहित वीएसएम, कर्नल गिरेन्द्रसिंह, मदनसिंह, राजेन्द्रसिंह, हर्षवर्धनसिंह भांवरी, दिग्विजयसिंह भांवरी, वीर विजयसिंह अनेक देशी–विदेशी पोलो प्रेमी मैदान में उपस्थित थे।

सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि सोमवार 18 दिसम्बर को पोलो ऑफ डे रहेगा। मंगलवार को एच.एच. महाराजा ऑफ जोधपुर कप (8 गोल) टूर्नामेंट का फाइनल पोलो हेरिटेज व 61 कैवेलरी के बीच दोपहर तीन बजे खेला जाएगा।

# जैसलमेर में सैलानियों के साथ होने वाली धोखाधड़ी थमने का नाम नहीं ले रही

■ **पग-पग पर होने वाली ठगी का जिक्र सैलानी सोशल मीडिया पर करते हैं**

**जैसलमेर,** (निसं)। एक तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के जतन कर रहे हैं। दूसरी तरफ जैसलमेर आने वाले देशी–विदेशी सैलानी पग–पग पर धोखे का शिकार हो रहे हैं लेकिन सैलानियों के साथ होने वाली धोखाधड़ी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। पग–पग पर होने वाली ठगी का जिक्र सैलानी सोशल मीडिया पर करते हैं जिससे ठगी की पोस्ट का पूरी दुनिया में प्रचार प्रसार होने से बुरा असर पड़ता है।

जैसलमेर में रेल–बस से पहुंचे चाहे निजी वाहन से, पर्यटक के सामने सबसे बड़ी चुनौती यहां पग रखते ही स्वयं को लूट का शिकार होने से बचाने की रहती है। होटलों और रिसोर्ट्स के लिए काम करने वाले लपके उन्हें सब्जबाग दिखा कर किसी भी तरह भ्रमित करने पर उतारू हो जाते हैं। सबसे पहले उन्हें जैसलमेर में महज 200–300 रुपए में कमरा देने का ऑफर दिया जाता है। फिर बाद में गाड़ी किराया और रिसोर्ट में ठहराने के नाम पर उनकी जेब पर चाकू चला देते हैं। सम में पर्यटकों के साथ सबसे ज्यादा दुर्व्यवहार लपका तत्व करते हैं, जो दामोदरा के आगे से सड़क के किनारे खड़े रहते हैं। सैलानियों की गाड़ी देखते ही बाइक पर सवार लपके उनके पीछे लग जाते हैं। किसी भी तरह पर्यटकों को अपने पसंदीदा रिसोर्ट में न जाने के लिए लपके एक तरह से उन्हें मजबूर कर देते हैं।

जैसलमेर और विशेषकर सम में होटल्स व रिसोर्ट्स की फेक आइडी बनाकर ऑनलाइन ठगी भी की जाती है। इस तरह के मामले तो पुलिस तक भी खूब पहुंच चुके हैं लेकिन इस तरह के मामलों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई अब तक नहीं हो सकी है। हैंडीक्राफ्ट का सामान बेचने वाले कुछ तत्वों के लिए तो पर्यटक रातोरात लखपति बनाने की मशीन सी बन जाती है। वे उन्हें अपनी बातों के भ्रमजाल में फंसा कर सामान कई गुना ज्यादा भावों में बेचने से गुरेज नहीं करते।

ठगी से अनजान सैलानियों को धक्का तब पहुंचता है, जब किसी और दुकान या स्थान पर वहीं वस्तु उन्हें कम भाव पर खरीदने के लिए उपलब्ध मिलती है। सैलानियों को जैसलमेर के पर्यटन स्थलों और बाजारों में घूमते समय भिक्षावृत्ति वाली महिलाएं और बच्चे बेजा परेशान करते हैं। दुर्ग ले जाना हो या रेलवे स्टेशन या किसी अन्य ठौर, सैलानियों को कहीं भी लाने–ले जाने के लिए तिपहिया संचालक मनमाने दाम मांगते हैं। आज तक उनकी दर सूची परिवहन विभाग तय नहीं कर पाया है। जैसलमेर के जनप्रतिनिधियों को प्रशासन को समय–समय पर निर्देश दिए जाने चाहिए।

# शिक्षा प्राप्त कर किसी प्रकार का अहंकार नहीं पालना चाहिए : राज्यपाल मिश्र



समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने पुरस्कार वितरित किये।

■ **अजमेर के मयूर स्कूल के 43वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने शिरकत की**

**अजमेर,** (कासं)। मयूर स्कूल के 43वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि शिक्षा प्राप्त कर किसी प्रकार का अहंकार नहीं पालना चाहिए। उन्होंने संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया तथा मूल कर्तव्यों की जानकारी दी।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि शिक्षा जीवन को गढ़ती है। वही समाज आगे बढ़ता है जो शिक्षा के क्षेत्रा में अग्रणी होता है। शिक्षा की नींव विद्यालय ही तैयार करते हैं। विद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने के केन्द्र ही नहीं होते बल्कि हमारे यहां इसे संस्कार निर्माण की पाठशाला से जाना गया है। शिक्षा समस्त प्रकार के बन्धनों से मुक्त कराती है। इसके बहुत गहरे अर्थ है। हम उदात्त जीवन मूल्यों की ओर प्रवृत्त हों। शिक्षा प्राप्त करने के बाद हम उसे पाने का अहंकार नहीं पाले। हम बहुत अच्छा करें परन्तु अपने किए पर कभी अभिमान नहीं करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सर्वोच्च है। उसके प्रति हमारे कर्तव्य के लिए सदा प्रतिबद्ध होकर कार्य करने की आवश्यकता है। हम संविधान की संस्कृति से निरन्तर जुडे रहें। भारतीय संविधान अधिकारों और कर्तव्यों का बहुत सुन्दर समन्वय है। भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों का संविधान एक प्रकार से संवाहक है।

उन्होंने कहा कि भारत का संविधान हमारा सर्वोच्च विधान ग्रंथ ही नहीं है बल्कि यह भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्य की उदार दृष्टि का संवाहक है। संविधान निर्माण के पीछे की मूल मानसिकता लोकतन्त्र के मूल्यों में विश्वास जगाती है। संविधान की संस्कृति से सभी नागरिकों का जुड़ाव रहा। राजभवन में संविधान उद्यान का निर्माण करवाया है। संविधान को वहां मूर्तियों और कलात्मक निर्माण में जीवन्त देखा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा में आर्चाय का स्थान बड़ा ही गौरव का था। उनका बड़ा आदर और सम्मान होता था। आचार्य पारंगत, विद्वान और सदाचारी होते थे। वे विद्यार्थियों के कल्याण के लिए सदा कटिबद्ध रहते थे। शिक्षा में अध्यापक, छात्रों के चरित्रा निर्माण पर सर्वाधिक ध्यान देते थे। विद्यार्थी भी गुरू का सम्मान और उनकी आज्ञा का पालन करते थे। आचार्य का चरण स्पर्श कर दिनचर्या के लिए प्रातःकाल ही प्रस्तुत हो जाते थे। उन्होंने कहा कि अध्यापन भी विद्यार्थी के योग्यतानुसार होता था। विषयों को स्मरण रखने के लिए कथा, कहानियों और उद्धरणों से गुरू समझाते थे। आधुनिक संदर्भो में भी शिक्षा की इसी पद्धति पर कार्य करने की आवश्यता है। नई शिक्षा नीति के आलोक में विकसित भारत 2047 के लिए विद्यार्थी तैयार होने के लिए शिक्षण संस्थानों की ही भविष्य में सवाधिक प्रासंगिकता रहनी है।

मयूर स्कूल के 43 वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के समापन कार्यक्रम में स्कूल के लगभग 200 विद्यार्थियों द्वारा केसेंडो नामक ओर्केस्ट्रा की शानदार प्रस्तुति दी गई जो राग किरवानी में सरगम, बंदिश, तराना एवं गत के माध्यम से बेला सियाओ और सासपुतिन गाने का केसियों आदि विभिन्न वाद्ययंत्रों ने तबला, सिता, हारमोनियम, गिटार, वायलिन, इम, कोंगा, केसियो आदि विभिन्न वाद्ययंत्रों के सुन्दर सामजस्य का परिचय देते हुए एक शानदार प्रस्तुति दी। मयूर स्कूल कमेटी के चैयरमेन ठाकुर सिद्धार्थ सिंह रोहिट ने स्वागत भाषण में राज्यपाल कलराज मिश्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से परिचय करवाया।

प्राचार्य संजय खाती ने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा कि मयूर स्कूल एक अन्तर्राष्ट्रीय स्कूल की छवि में अपनी अमिट छाप छोड़ने को तैयार है। विद्यालय में आयोजित गतिविधियों ने यहां के विद्यार्थियों को विद्यालय के अतिरिक्त समाज, राष्ट्र एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक क्षेत्र में सफल प्रदर्शन के लिए तैयार किया है। इस अवसर पर सम्भागीय आयुक्त सी.आर.मीणा, पुलिस महानिरीक्षक लता मनोज कुमार, जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट उपस्थित रहे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### सोमवार 18 दिसम्बर, 2023

मार्गशीर्ष मास, शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2080, शतभिषा नक्षत्र रात्रि 1:22 तक, वज्र योग रात्रि 9:31 तक, तैतिल करण दिन 3:14 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–धनु, चन्द्रमा–कुम्भ, मंगल–वृश्चिक, बुध–धनु, गुरू–मेष, शुक्र–तुला, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज रवियोग रात्रि 11:22 तक है। आज श्री राम कलेवा स्कन्द षष्ठी व्रत, पंचक, चम्पा षष्ठी, मित्र सप्तमी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 9:31 तक, शुभ 9:48 से 11:06 तक, चर 1:40 से 2:58 तक, लाभ–अमृत 2:58 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:14, सूर्यास्त 5:32

**मेष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**कर्क**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यक्तिगत कारणों से मन में असंतोष बना रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**सिंह**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**कन्या**
अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित योजना बनेगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा।

**वृश्चिक**
घर–परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। परिवार में आपसी आपसी अनबन होने का भय रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**कुंभ**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
घर–परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। बाहर जाना पड़ सकता है।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 137 प्रभात जयपुर, सोमवार 18 दिसम्बर, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT




**SHYAM BENEGAL: The Explorer Of Arts**

*Ankur* brought him criticism for using an "*un-Indian*" approach and for "victimizing" women. The film brought feudal and patriarchal structures to the fore.

**A Swish, Snazzy & Desi Twist!**

It's time to get over the quintessential *Western-wear outfit* code and give in to the irreplaceable charm of *Indian ethnicity*



*सन् 2018 में जब उत्तरी सऊदी अरेबिया में शोधकर्ताओं को ऊँट की विशाल मूर्तियों की श्रृंखला मिली थी तब उनका अनुमान था कि ये तकरीबन 2000 साल पुरानी हैं। अब एक नए शोध से पता चला है कि, ये मूर्तियां 6000 साल पुरानी हो सकती हैं। जर्नल ऑफ आर्किओलॉजिकल साइन्स में छपे नतीजों के अनुसार यह तथाकथित ''कैमल साइट'' वास्तव में तकरीबन 7 से 8 हजार साल पुरानी है। इस आधार पर, इन्हें विश्व की, जानवरों की सबसे पुरानी ''थ्री डायमैन्शनल'' नक्काशी कह सकते हैं। इसके विपरीत मिस्र के पिरमिड 4500 साल और ब्रिटेन के स्टोनहैंज 5000 साल पुराने हैं। शोधकर्ताओं ने रासायनिक विश्लेषण से इन कलाकृतियों के समय का पता लगाया है। मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर द साईन्स ऑफ ह्यूमन आर्किऑलजी की पुरातत्व वैज्ञानिक मारिया ग्वानिन, जो मुख्य शोध लेखक हैं, ने कहा कि, ''मूल रुप से आदमकद ऊँटों और घोड़ों की ये मूर्तियाँ एक के ऊपर एक दो परतों में थीं। प्राचीन कलाकारों ने तीन पथरीली पहाड़ियों के शीर्ष पर ऊँटों की छवियाँ उकेरी थीं। तकरीबन एक दर्जन ऊँटों के अलावा यहाँ दो और जानवरों की छवि भी गढ़ी गई है जो शायद घोड़े, गधे या खच्चर हैं। पहले इनकी डेट के बारे में जो अनुमान लगाया गया था वह जॉर्डन में मिली ऊंट की कलाकृतियों पर आधारित था, पर, रेडियोकार्बन डेटिंग व अन्य वैज्ञानिक तरीकों से पता चला कि, ये तो और भी पुरानी हैं। इसके अलावा इस साइट पर पॉटरी या धातु के औजारों के इस्तेमाल के कोई चिन्ह नहीं मिले हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस नक्काशी के लिए पत्थर के औजार ही इस्तेमाल किए गए थे जो नौ मील दूर से लाए गए थे। हरेक कलाकृति के निर्माण में 10-15 दिन लगे होंगे। ऐसा लगता है कि कई लोगों ने एक साथ मिलकर यह प्रोजैक्ट पूरा किया होगा। इनमें कुछ ऊँटों की गर्दन मोटी हैं और पेट भी गोल-मटोल है, जो प्रणयकाल की खासियत है। इससे लगता है कि यहां ऊंटों का प्रजनन होता होगा। माना जाता है कि, शिकारियों व चरवाहों के समुदाय यहां इकट्ठे होते होंगे। ये लोग खानाबदोश थे पर साल में एक खास समय सब एक जगह एकत्र होते थे। नक्काशियों का पैटर्न दर्शाता है कि, कुछ -कुछ समय के अंतर पर नक्काशी के ऊपर दोबारा नक्काशी की गई और दोबारा उन्हें आकार दिया गया। ग्वानिन ने कहा कि, निओलिथिक समुदाय इस जगह बार-बार लौटते थे, इसका अर्थ है कि यह स्थान कई पीढ़ियों तक महत्वपूर्ण रहा। तथापि, यह बात स्पष्ट नहीं है कि इन्हीं लोगों ने ऊँटों की मूर्तियाँ बनाई थीं।*

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति व रक्षा मंत्री से मुलाकात की

## नड्डा, अमित शाह, बीएल संतोष के साथ बैठक में अरुण सिंह, सीपी जोशी, गजेन्द्र सिंह, कैलाश चौधरी, मेघवाल, राजेन्द्र राठौड़ व सतीश पूनिया भी शामिल हुए

- **लोकसभा चुनाव, प्रदेश में होने वाले कार्यक्रमों के साथ मंत्री मंडल गठन पर चर्चा हुई बताते हैं।**
- **यह भी चर्चा है कि पहले दौर में 10 केबिनेट तथा 5 राज्य मंत्री बनाये जा सकते हैं।**

जयपुर, 17 दिसम्बर (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को विशेष विमान से दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी उनके साथ रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इसके बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के साथ बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, अर्जुन राम मेघवाल, राजेंद्र राठौड़, सतीश पूनिया शामिल हुए।

इस बैठक में मंत्रिमंडल गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं इसके साथ ही प्रदेश में आने वाले दिनों में होने वाले कार्यों के बारे में भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों की केंद्रीय नेताओं से मुलाकात के दौरान राजस्थान के नए मंत्रिमंडल गठन को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि एक-दो दिन में मंत्रिमंडल को लेकर स्थिति साफ हो जाएगी।

शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, दीया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा का यह पहला दिल्ली दौरा है। उनका दिल्ली जाने का यह कार्यक्रम अचानक बना। ऐसे में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी अटकलें शुरू हो गई हैं। दिल्ली जाने से पहले मुख्यमंत्री भजनलाल ने शनिवार को राज्यपाल कलराज मिश्र से भी मुलाकात की थी। बताया जा रहा है कि भजनलाल शर्मा के मंत्रिमंडल में 10 कैबिनेट मंत्री और पांच राज्य मंत्री बनाए जा सकते हैं।

इसे लेकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मंथन होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सोमवार को दोपहर बाद जयपुर लौटने का कार्यक्रम है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि सोमवार या मंगलवार को मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा आज जयपुर से विशेष विमान से दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली हवाई अड्डे पर चीफ रेजिडेंट कमिश्नर (आईएएस अधिकारी) शुभ्रा सिंह ने उनका स्वागत किया और गुलदस्ता भेंट किया। सी.एम. भजनलाल शर्मा ने अपना एक फोटो भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया है, जिसमें वे प्लेन में फाइल्स पढ़ते दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस हवाई यात्रा के दौरान उन्होंने करीब आधा दर्जन जरूरी फाइल्स पढ़ी और उनका निस्तारण किया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सोमवार दोपहर बाद जयपुर लौटने का कार्यक्रम है।

इसके बाद वे शाम को 5 बजे सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों की बैठक लेंगे। सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में होने वाली इस बैठक में मुख्य सचिव उषा शर्मा भी शामिल होंगी।

## श्रीकरणपुर चुनाव के लिए कांग्रेस ने प्रबंधन समिति बनाई

- **समिति में स्थानीय तथा जिले के नेताओं को तरजीह दी गयी है।**

जयपुर, 17 दिसम्बर (का.प्र.)। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की श्रीकरणपुर विधानसभा सीट पर 5 जनवरी को होने वाले मतदान के लिए कांग्रेस ने एक चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया है। इसमें 25 लोगों के नाम शामिल हैं। इस संबंध में रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आदेश जारी किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने चुनाव प्रबंधन समिति में पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल, तारानगर विधायक नरेंद्र बुढानिया, प्रभारी महासचिव जियाउर रहमान, गंगानगर जिलाध्यक्ष अंकुर मिगलानी, जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा, हनुमानगढ़ जिलाध्यक्ष सुरेंद्र दादरी, विधायक डूंगरराम गेदर, सोहनलाल नायक, शिमला देवी, विनोद गोठवाल, अमित चाचान, अभिमन्यु पूनिया को इस समिति में शामिल किया है।

पूर्व मंत्री विनोद लीलावाली, पूर्व मंत्री करतार सिंह कंग, पीसीसी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कमलनाथ को हटा जीतू पटवारी प्रदेश अध्यक्ष बने

## करारी हार के बाद कांग्रेस ने मध्यप्रदेश में महत्वपूर्ण परिवर्तन किये

- **पटवारी राहुल गाँधी के करीबी माने जाते है। मंदसोर में किसान आंदोलन के समय पुलिस के भारी पहरे के बीच राहुल गाँधी पटवारी की मोटर साईकिल पर सभा स्थल पहुंचे थे।**
- **युवा उमंग सिंघार को प्रतिपक्ष का नेता और हेमन्त कटारे को उपनेता नियुक्त किया गया है।**

भोपाल, 17 दिसंबर। आगामी लोकसभा चुनाव के पहले मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने अपना चेहरा बदलने की कोशिश करते हुए अब तक राज्य में पार्टी की कमान संभाले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाते हुए पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को ये जिम्मेदारी सौंप दी है।

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मालवांचल के इंदौर से आने वाले पार्टी के युवा नेता और पूर्व मंत्री पटवारी को कांग्रेस अध्यक्ष और इसी अंचल के धार जिले के युवा नेता और गंधवानी विधायक उमंग सिंघार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर नियुक्त किया है। साथ ही भिंड जिले के अटेर विधायक हेमंत कटारे को उप नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। इस के साथ ही राज्य में विधानसभा चुनाव के समय से पार्टी की कमान को लेकर चली आ रही अटकलों पर विराम लग गया है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले पटवारी इंदौर जिले के राऊ से विधायक रहे हैं। वे कमलनाथ सरकार में मंत्री रहे हैं। इस बार वे भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी मधु वर्मा से चुनाव हार गए हैं।

वहीं उमंग सिंघार राज्य में पार्टी का बड़ा आदिवासी चेहरा माने जाते हैं। वे पूर्व उप मुख्यमंत्री जमुना देवी के भतीजे हैं। इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भारी नुकसान के बीच भी सिंघार अपनी परंपरागत सीट गंधवानी को कांग्रेस की झोली में डालने में कामयाब रहे हैं। हालांकि कमलनाथ सरकार के दौरान मंत्री पद पर रहते उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर कई सनसनीखेज आरोप लगाए थे और बाद तक भी वे अपने आरोपों पर कायम रहे थे।

हेमंत कटारे भिंड जिले के अटेर से दूसरी बार विधायक चुन कर आए हैं। वे पूर्व मंत्री सत्यदेव कटारे के पुत्र हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में वे भाजपा के कद्दावर नेता अरविंद भदौरिया से हार गए थे, लेकिन इस बार उन्होंने भदौरिया को धूल चटा कर ये सीट एक बार फिर कांग्रेस की झोली में डाल दी है।

कमलनाथ वर्ष 2018 के चुनाव के पहले से कांग्रेस अध्यक्ष पर कायम थे। पिछले दो चुनाव कांग्रेस ने उन्हीं के नेतृत्व में लड़े थे। इस बार पार्टी की ऐतिहासिक हार के बाद से उन्हें इस पद से हटाए जाने की खबरों ने जोर पकड़ रखा था।

## पूववर्ती कांग्रेस सरकार में बने बोर्ड, निगम व आयोग भंग किए

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 17 दिसंबर। राजस्थान में भाजपा की सरकार बनते ही पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय दी गई राजनैतिक नियुक्तियों को भंग कर दिया गया है। राज्य व जिला स्तरीय समितियों, सभी बोर्ड, निगम, आयोग और टास्क फोर्स में मनोनीत गैर सरकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों की सेवाओं को भी समाप्त कर दिया है। प्रशासनिक सुधार विभाग (अनुभाग-3) की संयुक्त शासन सचिव मुन्नी मीणा ने इसके संबंध में रविवार को एक आदेश जारी किया है।

- **राजस्थान में भाजपा की सरकार बनते ही प्रशासनिक सुधार विभाग का आदेश जारी।**

संयुक्त शासन सचिव मुन्नी मीणा की ओर से जारी इस आदेश में बताया गया है कि, विभिन्न विभागों के अंतर्गत राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय समितियां, आयोग, निगम, बोर्ड और टास्क फोर्स आदि कार्यरत हैं, जिनमें गैर सरकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य मनोनीत किए हुए हैं। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न संस्थाओं में सभी गैर सरकारी सदस्यों के मनोनयन को तुरंत प्रभाव से समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही जिन विभागों में गैर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आपसे राजनीति की जादूगरी सीखनी है : शेखावत

## गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में गहलोत से हुई बात बताई

- **मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में गजेन्द्र सिंह व अशोक गहलोत अगल-बगल बैठे थे। उनके हाथ मिलाने व हंसकर बात करने का विडियो सोशल मीडिया पर बहुत वायरल हुआ था।**

जोधपुर, 17 दिसम्बर (कासं)। सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में अशोक गहलोत के साथ हुई बातचीत का खुलासा करते हुए गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि, मैंने उनसे कहा था कि आपसे राजनीति की जादूगरी सीखनी है, इस पर गहलोत बोले कि, साथ बैठकर चाय पिएंगे।

गौरतलब है कि, राजस्थान के नए सीएम भजनलाल शर्मा ने 15 दिसंबर को जयपुर के अल्बर्ट हॉल के बाहर शपथ ली थी। कार्यक्रम में पूर्व सीएम अशोक गहलोत और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद थे। इसी कार्यक्रम में गहलोत और शेखावत मंच पर अगल-बगल में बैठे थे। दोनों के बीच काफी हंसी-मजाक हुई। दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़ बातें कर रहे थे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी शेयर किया गया।

इस बातचीत का खुलासा खुद गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया है। शेखावत रविवार को जोधपुर में थे। उन्होंने शहर की अजीत कॉलोनी में अपने निवास स्थान पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने मंच पर हुई बात को भी शेयर किया।

शेखावत ने कहा कि, मैंने उनके राजनीतिक अनुभव का जिक्र करते हुए यह कहा था कि, मुझे आपसे राजनीति की जादूगरी सीखनी है। इसके बाद यह भी तय हुआ कि दोनों चाय पर भी मिलेंगे।

पूर्व सीएम गहलोत और खुद के रिश्तों को लेकर शेखावत बोले- उनके और मेरे बीच वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं। कार्यक्रम के दौरान जब वे मिले तो मैंने उनसे कहा था, आपका 50 साल का राजनीतिक अनुभव है। मुझे आपसे राजनीति की जादूगरी सीखनी है। इसलिए आपके साथ चाय पीने जरूर आऊंगा।

# सरदारशहर में पं. भंवरलाल शर्मा स्मृति स्थल पर तोड़फोड़, समर्थकों में फूटा गुस्सा

## आक्रोशित समर्थकों ने दिल्ली रोड पर लगाया जाम, सोमवार को सरदारशहर में बाजार बन्द रहेंगे

- **आरोपियों द्वारा शर्मा की मूर्ति के साथ छेड़छाड़ करने के साथ अपशब्द भी लिखे गये। विभिन्न संगठनों ने घटना की निन्दा की।**
- **पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरंत कार्रवाई करते हुए दो जनों को राउन्डअप किया।**

सरदारशहर, 17 दिसम्बर (निसं)। दिल्ली रोड पर स्थित राजस्थान सरकार में पूर्व मंत्री पण्ड़ित भंवरलाल शर्मा स्मृति स्थल पर शनिवार रात को अज्ञात लोगों ने तोड़फोड़ की। स्मृति स्थल के अंदर तोड़फोड़ करने के साथ पौधों के गमले तोड़ दिये। इसके साथ ही समाधि स्थल के चारों और लगे शीशे तोड़ दिये और शर्मा की मूर्ति के साथ छेड़छाड़ करने के साथ अपशब्द भी लिखे गये हैं। मामले की जानकारी मिलते ही थानाधिकारी मदनलाल विश्नोई ने मौके पर पहुंचकर समाधि स्थल का मौका मुआयना किया।

थानाधिकारी विश्नोई ने बताया कि, अज्ञात लोगों द्वारा शर्मा के स्मृति स्थल पर तोड़फोड़ की गई है, मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इधर घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस शहर ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर घटना की निंदा की और आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। आक्रोशित समर्थकों ने हाइवे जाम कर दिया। मामले को बढ़ता देख विधायक अनिल शर्मा जयपुर से सरदार शहर पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने समाधि स्थल पर माथा टेक कर प्रशासन से वार्ता की और समर्थकों से समझाइश कर जाम खुलवाया। विधायक शर्मा ने कहा कि, असामाजिक तत्वों द्वारा निंदनीय घटना को अंजाम दिया गया जिसकी जितनी भर्त्सना की जाए कम है। उन्होंने कहा कि, इस घटना को लेकर पूरे राजस्थान में आक्रोश है। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि, कुछ लोग शहर में अशांती पैदा करने चाहते है, यह संभव नहीं है। इस दौरान उपखंड अधिकारी हरिसिंह शेखावत, डीवाईएसपी पवन भदोरिया, सीआई सतपाल विश्नोई के अलावा राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष पुनमचन्द तिवाड़ी, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र राजवी, नगर अध्यक्ष महावीर माली, विकास मंच के अध्यक्ष एडवोकेट राजेन्द्र राजपुरोहित, ओमकार बाली, शेर मोहम्मद बिसायती, पार्षद मदनसिंह निर्वाण, भीखमसिंह राठौड़, व्यापार एवं उद्योग मण्डल के अध्यक्ष शिवभगवान सैनी, गजानन्द पारीक, पार्टी के नगर महामंत्री शांतिलाल नाहटा, ओमप्रकाश मेघवाल, विप्र फाण्डेशन के सुनील मिश्र, कल्याणसिंह शेखावत, गजेन्द्रसिंह शेखावत, तेजकरण चौधरी, श्रीराम प्रजापत, ताराचन्द सैनी, अशोक पारीक, मुरलीधर सिवाल, जगदीश स्वामी, फारूक ज्यानमोहम्मद, भीमसेन सैनी, प्यारेलाल आचार्य सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

बुकनसर बास निवासी मदनलाल पुत्र हनुमान प्रसाद पारीक ने पुलिस को रिपोर्ट दी है जिसमें बताया कि, वह भंवरलाल शर्मा स्मृति स्थल के पास स्थित ट्यूबवेल पर खेत काश्त करता है और विधायक अनिल कुमार शर्मा ने स्मृति स्थल की साफ सफाई सार संभाल व देखभाल का कार्य सौंप रखा है। शनिवार को शाम के समय वह हमेशा की भांति स्मृति स्थल को संभालकर अपने खेत में बनी ढ़ाणी में जाकर रात्रि 11 बजे सो गया। उसके पश्चात सुबह 7 बजे उठकर हमेशा की भांति स्मृति स्थल की साफ सफाई करने गया तो देखा कि स्मृति स्थल का गेट तोड़कर, प्रवेश कर गुंबद के शीशे टूटे हुए मिले तथा पौधों के गमले टूटे हुए मिले। अज्ञात लोगों ने भंवरलाल शर्मा के परिवारजन को अपमानित करने एवं जन सामान्य की आस्था को चोट पहुंचाने के लिए उनकी फोटो को क्षतिग्रस्त कर दिया और मूर्ति के सिर पर पहनी हुई पगड़ी को फाड़कर टुकड़े-टुकड़े कर नष्ट कर दिया। मूर्ति

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मणिपुर में तीन नागा उग्रवादी मारे गये

इंफाल, 17 दिसंबर। मणिपुर में नोनी जिले के लामडांगमेई गांव में रविवार को दो नागा उग्रवादी समूहों के बीच हुई झड़प में तीन लोग मारे गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि, संदिग्ध ज़ेलियानग्रोंग यूनाइटेड फ्रंट (जेडयूएफ) और नेशनल सोशलिस्ट कौंसिल ऑफ नगालैंड-आइसक-मुइवा (एनएससीएन-आईएम) कैडरों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें दो जेडयूएफ और एक एनएससीएन-आईएम कैडर की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद खुपुम पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची।

## प्रदेश के विकास के लिए कर्मचारी समर्पित भाव से करें काम -देवनानी

- **राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ ने नवनिर्वाचित विधानसभाध्यक्ष देवनानी का अभिनंदन किया।**

जयपुर, 17 दिसम्बर (का.सं.)। पूर्व शिक्षा मंत्री, अजमेर उत्तर विधायक एवं भाजपा के नवमनोनीत विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि, राजस्थान प्रदेश के विकास के लिए कर्मचारी समर्पित भाव से काम करें। कर्मचारियों के सतत प्रयास एवं सहयोग से ही प्रदेश का विकास संभव होगा। श्री देवनानी रविवार को राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ द्वारा आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

देवनानी ने कहा कि, कर्मचारी अपनी समस्या सरकार को समय समय पर अवगत कराएं, यह कर्मचारियों का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नाबालिग का अपहरण कर पांच दिनों तक बंधक बनाकर दुष्कर्म

-कार्यालय संवाददाता-

- बदमाश के चंगुल से छूटकर पीड़िता घर पहुंची तो आरोपी उसे अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा
- परिवार की बदनामी के डर से बच्ची ने घर की दूसरी मंजिल से नीचे कूदकर जान देने की कोशिश की
- अब घायल पीड़िता का सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचार जारी है, उधर नाबालिग के पिता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में 15 साल की नाबालिग बच्ची को पांच दिनों तक बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बदमाशों के चंगुल से छूटकर भागी पीड़िता को आरोपियों ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी।, जिसके बाद नाबालिग बच्ची ने घर की दूसरी मंजिल से नीचे कूदकर सुसाइड करने की कोशिश की। घायल पीड़िता का सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचार चल रहा है। उसके पिता ने करणी विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

पुलिस ने बताया कि करणी विहार निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वह अपने परिवार के साथ इसी इलाके में रहता है। गत 8 दिसंबर को उनकी 15 साल की नाबालिग बेटी को इंद्र सिंह उर्फ पल्ली नाम का युवक बहला-फुसलाकर किडनैप कर ले गया, उसने बच्ची को पांच दिनों तक बंधक बनाये रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने दुष्कर्म के साथ-साथ उसकी अश्लील फोटोज और वीडियो भी बना ली। पांच दिनों तक बंधक बनाकर ब्लैकमेल करने के साथ उनकी बेटी का देहशोषण किया, किसी तरह बच्ची 13 दिसंबर को आरोपी के चंगुल से छूटकर जैसे-तैसे घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई।

पीड़ित का कहना है कि 14 दिसंबर को आरोपी इंद्र सिंह बार-बार कॉल कर उनकी बेटी को अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। बदनामी के डर से नाबालिग ने घर की दूसरी मंजिल की छत से नीचे छलांग लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। परिजनों ने उसे लहुलुहान हालात में सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। करणी विहार थाना पुलिस ने नाबालिग पीड़िता के पिता की रिपोर्ट पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक और बच्ची का परिवार दोनों परिचित है।

## मुख्यमंत्री ने वेदांता पिंकसिटी हॉफ मैराथन को फ्लैग ऑफ किया

**जयपुर, (का.सं.)**। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "स्वस्थ भारत" के संकल्प को साकार करती वेदांता पिंकसिटी हॉफ मैराथन रविवार को जगतपुरा में आयोजित हुई। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सुबह 7 बजे मैराथन को फ्लैग ऑफ किया।

उन्होंने हजारों धावकों को आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। शर्मा ने कहा कि युवाओं को स्वस्थ और उत्साहित रहकर देश में राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लेना चाहिए। यह मैराथन रन फॉर जीरो हंगर के महत्वपूर्ण उददेश्य से हो रही है। इस आयोजन के जरिए 12 हजार से अधिक धावकों को एकजुट किया गया है। इससे एक लाख से अधिक जरूरतमंदों भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। हमें मिलकर इस संकल्पना को साकार करना होगा। मैराथन में 21 किमी की हाफ मैराथन, 10 कि.मी की कूल रन और 5 किमी की ड्रीम रन कैटेगरी में धावकों ने दौड़ पूरी करते हुए फिटनेस और एकजुटता का संदेश दिया। इस अवसर पर वेदांता समूह व आयोजन से जुड़ी प्रिया अग्रवाल हेब्बर, आकर्ष हेब्बर, डॉ. स्टीव मूर, अरूण मिश्रा और डॉ. मनोज सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सभी रनर्स को फिनिशर मेडल प्रदान किये गये। फिनिशर मेडल, राजस्थान में दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी खदानों से प्राप्त शुद्ध और उच्चतम श्रेणी के जिंक से बने है, जो वेदांता समूह की एक इकाई हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा उत्पादित किये जाते है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की।

# 10वीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म


**जयपुर**। तूंगा इलाके में 10वीं क्लास की छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी रिश्तेदार उसे बहला-फुसलाकर घर से ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर देहशोषण करता रहा। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर नाबालिग पीड़िता ने जहर खाकर सुसाइड का प्रयास किया। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद नाबालिग पीड़िता की मां ने थाने में मामला दर्ज करवाया।

पुलिस ने बताया कि तूंगा निवासी महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि दूर के रिश्तेदार त्रिलोक ने उनकी 17 वर्षीय बेटी से दुष्कर्म किया है। साल-2021 में उनकी बेटी 10वीं क्लास में पढ़ रही थी। रिश्तेदार होने के कारण आरोपी त्रिलोक का घर पर आना-जाना था। आरोप है कि 15 अप्रैल 2021 को मिलने के बहाने घर आया। नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर काम के बहाने अपने साथ नाले की तरफ ले गया। सुनसान जगह ले जाकर आरोपी त्रिलोक ने नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसके अश्लील फोटो-वीडियो बना लिए। किसी को बताने पर अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर आरोपी त्रिलोक उसे मिलने बुलाकर देह शोषण करने लगा। 23 नवंबर 2023 को वीडियो डिलीट करने के कहकर उसे बस्सी स्थित होटल में बुलाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर वीडियो को शेयर करने के साथ ही भाई को जान से मारने की धमकी दी। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर नाबालिग पीड़िता ने घर पर जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। अस्पताल से छुट्टी मिलने पर पीड़िता ने अपनी मां को आपबीती सुनाई। इस संबंध में पीडिता की मां ने थाने में आरोपित रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर मेडिकल करवाकर जांच में जुटी है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**जयपुर**। मुहाना थाना इलाके में शादी करने का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि आरोपित युवक पिछले तीन तक लिव-इन में रहकर शादी करने का झांसा देकर देहशोषण करता आ रहा है। पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी 30 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि वह मानसरोवर इलाके में रहकर नौकरी करती है। नवंबर 2020 में लिव-इन का एग्रीमेंट कर वह अपने प्रेमी के साथ रहने लगी। आरोपित प्रेमी ने शादी का वादा कर उसके साथ दुष्कर्म किय।

# विश्व हिंदू परिषद् ने जयपुर में निकाली भगवा यात्रा



अयोध्या से आए पीले चावलों को घर-घर वितरण करने के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद ने रविवार को भगवा वाहन यात्रा निकाली। स्टेच्यू सर्किल से बड़ी संख्या में युवाओं का समूह वाहनों पर सवार होकर जयश्री राम का जयघोष करते हुए रवाना हुआ। पांच बत्ती, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता, नेहरू बाजार, किशनपोल बाजार होते हुए यात्रा छोटी चौपड़ पहुंची। यहां यात्रा का समापन हुआ।

## संत भंडारे के साथ हुआ धनुर्मास प्रारम्भ

**जयपुर**। उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि श्रीगलताजी में स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में धनुर्मास महोत्सव का शुभारंभ हुआ। युवराज स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि श्री गलता पीठ में गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के पावन सान्निध्य में एक माह तक आयोजित किए जाने वाले धनुर्मास महोत्सव का शुभारम्भ भव्य सन्त भंडारे का साथ हुआ। इस अवसर पर जयकारों के साथ सैकड़ों संतों ने प्रसादी ग्रहण की।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा , उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और डॉ.प्रेमचंद बैरवा ने रविवार को दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की।

## ब्राह्मण समाज का उपनयन संस्कार शिविर 21 को

**जयपुर, (का.सं.)**। ब्राह्मण समाज राजस्थान की ओर से छठवां उपनयन संस्कार 21 जनवरी को चौमूं में आयोजित कियास जायेगा। इसके लिये रविवार को ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अम्बिका प्रकाश पाठक ने प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की बैठक ली। सीकर रोड स्थित प्रधान कार्यालल पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पाठक ने कहा कि ब्राह्मण समाज राजस्थान की आरे से हर वर्ष उपनयन शिविर का आयोजन कियास जाता है। इसमें अब तक हजारों ब्राह्मण बटुकों को उपनयन यज्ञोपवीत संस्कार दिया गया है। इसी क्रम में अब छठवां शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर 21 जनवरी को होगा और इसके लिये रजिस्ट्रेशन का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

# देश में केवल मोदी की गाड़ी और मोदी की गारंटी ही चलेगी : बोहरा

**जयपुर**। रविवार को जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने बगरू विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत श्री राम की नांगल एवं आशाला में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान सांसद बोहरा ने मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सांसद बोहरा ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही जो लोग केंद्र सरकार की योजनाओं से वंचित रह गए हैं उन्हें भी इस यात्रा के माध्यम से केंद्र की योजनाओं से जोड़ा जाएगा। सांसद बोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि देश में अब केवल मोदी की गाड़ी और मोदी की गारंटी ही चलेगी। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम छू रहा है। आज गरीब की रसोई से धुआं हट रहा है, घर-घर नल से जल पहुंच रहा है, गरीब के घर में शौचालय बन रहे हैं, आयुष्मान भारत योजना से मुफ्त इलाज हो रहा है, पीएम आवास योजना के तहत पक्का घर मिल रहा है। सांसद बोहरा ने कहा कि पहले किसानों को यूरिया के लिए लाइन लगानी पड़ती थी, पर आज उन्हें नैनो यूरिया बड़ी आसानी से मिल जाता है। किसानों को किसान सम्मान निधि सीधे उनके खाते में मिल जाती है उसमें एक रुपये का भी भ्रष्टाचार नहीं होता। आज देश में रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं देश का युवा आज रोजगार लेने वाला नहीं देने वाला बन रहा है। महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं वह भी स्वयं का रोजगार स्थापित कर रही हैं।



राजस्थान के 15वीं विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर सीपी जोशी से रविवार को विधायक वासुदेव देवनानी ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## दिल्ली के ब्रेनडेड सुशील का हार्ट जयपुर में मरीज को ट्रांसप्लांट किया

**जयपुर, (का.सं.)**। दिल्ली में हुए एक सड़क हादसे में मृत सुशील कुमार ने जयपुर में एक युवक को नई जिन्दगी दी। दिल्ली से जयपुर के बीच ग्रीन कॉरिडोर बनाकर ब्रेनडेड सुशील का हार्ट जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में लाया गया और एक रोगी को सफल ट्रांसप्लांट किया गया है। डॉक्टर्स का कहना है कि सर्जरी के बाद रेसिपियेंट को आईसीयू में रखा गया है, उसकी हालत बेहतर है। आने वाले दिनों में उसे छुट्टी दे दी जायेगी।

ज्ञात रहे कि दिल्ली में हुए एक सड़क हादसे में सुशील कुमार (37) गंभीर घायल हो गये थे जिन्हें परिजनों ने सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां डॉक्टर्स ने उन्हें ब्रेनडेड घोषित कर दिया।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# खोले के हनुमानजी को 56 व्यंजनों का भोग लगाया

- अन्नकूट महोत्सव में हजारों लोगों ने पंगत प्रसादी ली
- भजनों की स्वर लहरियों के साथ हुआ प्रसाद वितरण

**जयपुर**। श्री खोले के हनुमान मंदिर में 63वां अन्नकूट महोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। दोपहर से देर रात तक पंगत प्रसादी का दौर चलता रहा। करीब पौने दो लाख लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। श्रद्धालुओं ने मूंग, चौला, बाजरा, चावल, सब्जी, कड़ी के साथ ही हलवा और भुजिए की प्रसादी ग्रहण की। पंगत प्रसादी वितरण से पूर्व लक्ष्मण डूंगरी के खोले में विराजे रामजी, हनुमानजी, अन्नपूर्णा, गायत्री, वैष्णों माता, द्वादश ज्योर्तिलिंग सहित सभी देवालयों में 56 व्यंजनों का भोग लगाया गया।

श्री नरवर आश्रम सेवा समिति प्रन्यास के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा ने खोले के हनुमान जी के दर्शन किए और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। विधायक गोपाल शर्मा ने इस मौके पर गोविंद देव जी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी को सम्मानित करते हुए समारोह की शुरुआत की। काले हनुमान जी मंदिर के महंत गोपालदास महाराज, सरस निकुंज के अलबेली शरण महाराज सहित सैकड़ों साधु-संतों का गोपाल शर्मा ने आशीर्वाद भी लिया। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में साधु संत और प्रबुद्धजन मौजूद रहे। जात-पात, छोटे-बड़े और अधिकारी-कर्मचारी, राजनेताओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। अन्नकूट महोत्सव के दौरान खोले के हनुमानजी के फल-सब्जी की झांकी, श्री आनन्देश्वर महादेव के अन्न की झांकी, सियारामजी महाराज की छप्पन भोग की झांकी, श्री गणेश जी के लड्डुओं की झांकी सजाई गई। मंदिर में परम्परागत झाकियों के साथ द्वादश ज्योतिर्लिंग बर्फ की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। इसके अलावा आसपास के क्षेत्र के 61 मंदिरों में भी प्रसादी का भोग लगाया गया। खोले के हनुमान जी के मंदिर परिसर के पास स्थित हड्डीशाह बाबा की मजार पर भी छप्पन भोग, अन्नकूट की प्रसादी एवं चादर चढ़ाई गई। 41 भट्टियों पर अन्नकूट प्रसादी बनाने का कार्य लगातार जारी रहा। प्रसादी स्थल पर सभी जगह गरम और ताजा बनी हुई प्रसादी पहुंचे इसके लिए पुख्ता प्रबंध किए गए। समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि प्रसादी के लिए अलग-अलग 13 खंडों की व्यवस्था की गई। प्रसादी के लिए अलग-अलग खंड बनाए गए। अन्नकूट समारोह के लिए बनाई समितियों के हजार कार्यकर्ताओं ने सेवाएं दीं। अन्नकूट समारोह की शुरूआत सुबह हनुमान जी महाराज के अभिषेक और सिंदूरी चौला धारण कराने के साथ हुई। हनुमानजी महाराज का श्रृंगार कर छप्पन भोग अर्पित किए गए। इसके बाद वेद विद्यालय के छात्रों ने मंगलाचरण किया। दोपहर शिव सत्संग मंडल की ओर से हरिनाम संकीर्तन किया। इसके बाद बैंडवादन किया। संत-महंतों ने हनुमानजी महाराज की महाआरती की।

नरवर आश्रम सेवा समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि धर्म एवं जाति भेदभाव से रहित व्यवस्था के कारण ही अन्नकूट का यह आयोजन पूरे राजस्थान में मिसाल बन गया है। द्वादश ज्योतिर्लिंग की बर्फ से निर्मित झांकी इस दौरान आकर्षण का केंद्र रही। इस लक्खी अन्नकूट महोत्सव के दौरान हनुमान जी सहित मंदिर परिसर में बने 61 से अधिक मंदिरों में भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए गए। इसके बाद प्रसादी वितरण का कार्य शुरू हुआ। एक ओर पंगत में भोजन परोसा जा रहा था, दूसरी ओर भजन संध्या चल रही थीं। श्री गुरूकृपा जागरण मंडल के भजन गायन के बाद पी आर स्वामी और मोहन बालोदिया सहित अन्य भजन गायकों ने राम मंदिर में भजनों की प्रस्तुतियां दीं।



खोले के हनुमान मंदिन में रविवार को अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भगवान को छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। इस दौरान विधायक गोपाल शर्मा मौजूद रहे।

# पार्क में लावारिश हालात में मिली दो माह की बच्ची

- मानवता को शर्मसार करने वाला यह मामला जवाहर सर्किल इलाके में सामने आया

**जयपुर (कासं)**। राजधानी जयपुर के जवाहर सर्किल इलाके में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां रविवार सुबह एक पार्क में कडाके की सर्दी के बीच दो माह की मासूम बच्ची लावारिश हालात में मिली है। रविवार सुबह सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और बच्ची को जेके लॉन अस्पताल में भर्ती करवाया। अब पुलिस आरोपी परिजनों की तलाश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार जवाहर सर्किल के पिछले गेट के पास पार्क में मासूम बच्ची मिली है। गुरुवार सुबह 6 बजे पार्क में मॉर्निंग वॉक पर आए लोगों को बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर दौड़कर लोग पार्क में मंदिर की तरफ पहुंचे। जहां कपड़े में लिपटी हुई मासूम बच्ची को देखकर लोगों में सनसनी फैल गई। मॉर्निंग वॉक पर आए जगतपुरा निवासी लोकेन्द्र शर्मा ने पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल कर लावारिस बच्ची मिलने की सूचना दी।

पुलिस ने मासूम बच्ची को कब्जे में लेकर इलाज के लिए तुरंत जेके लॉन हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। डॉक्टर्स ने पुलिस को बताया कि बच्ची करीब 2 महीने की है, वह पूरी तरह स्वस्थ है। पुलिस का मानना है कि अलसुबह ही बच्ची को कपड़े में लपेटकर पार्क में छोड़ा गया है। पुलिस वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने के साथ अज्ञात परिजनों की तलाश कर रही है। जेके लॉन हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को गांधी नगर शिशु गृह भेज दिया गया है। शिशु गृह में बच्ची की देखरेख की जा रही है। वहीं पुलिस आरोपी परिजनों की तलाश कर रही है।


**नाम परिवर्तन**

I have Changed my name from Narpat Singh and N.S. Shekhawat to Narpat Singh Shekhawat. In future known me Narpat Singh Shekhawat S/o Nand Singh R/o 94, K-5C Scheme, Near Chand Bihari Nagar, Khatipura, Jaipur-Rajasthan 302012

**खोया-पाया**

भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना श्रीराम नगर ख, झोटवाड़ा, जयपुर के प्लाट नम्बर 46 ए के सोसायटी की मूल रसीद एवं साईड प्लान खो गये है।
दिनेश कुमार शर्मा - 9828013802

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा श्री छत्रपति गृ.नि.स. समिति लि. की योजना प्रतापनगर विस्तार के प्लाट न. 216 के पट्टे के साथ लगे स्टाम्प में 10 रुपये का स्टाम्प जिसका नंबर 4671 है। कहीं गुम हो गया मिलने पर सूचित करे।
अलिमुद्दीन - 9950252762

# राजधानी में अवैध बूचड़खाना सीज, 350 किलो मीट फिनाइल डालकर नष्ट कराया

## ग्रेटर नगर निगम की पशु प्रबंधन टीम ने झोटवाड़ा, सांगानेर और विद्याधर नगर में छापा मारा



-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजस्थान में भाजपा की सरकार बनते ही ग्रेटर नगर निगम भी एक्टिव मोड पर आ गया है। रविवार को पशु प्रबंधन शाखा ने झोटवाड़ा, सांगानेर और विद्याधर नगर इलाके में 40 से ज्यादा अवैध मांस की दुकानों पर छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान 350 किलो अवैध मांस पर फिनाइल डालकर नष्ट कराया और एक अवैध बूचड़खाना भी सीज किया। इसके साथ ही 15 बकरे और 5 पेटी मुर्गियां भी जब्त की। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने पिछले दिनों उपायुक्त हरेन्द्र सिंह को शहर में औचक निरीक्षण कर अवैध बूचड़खानों पर कार्रवाई करने के आदेश दिए थे।

पशु प्रबंधन शाखा के उपायुक्त हरेन्द्र सिंह ने बताया कि महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के आदेश पर रविवार को शहर में औचक निरीक्षण रखा गया था। इस दौरान झोटवाड़ा, विद्याधर नगर और सांगानेर इलाके में 40 से ज्यादा मांस की दुकानें खुली मिली, जिन पर नियम विरूद्ध तरीके से मांस काटने के साथ

- **कार्रवाई के दौरान 40 मांस की दुकानें खुली मिली, जिनसे 15 बकरे और 5 पेटी मुर्गियां जब्त**
- **निगम की कार्रवाई होती देखकर कई अवैध मांस की दुकानें बंद कर भागे संचालक, इनके खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कराने की तैयारी**

ही बेचने के लिए जानवर रखे हुए थे। निगम टीम ने एक अवैध बूचड़खाने और दुकान को सीज किया, साथ ही 350 किलो अवैध मांस के ऊपर फिनाइल डालकर उसे नष्ट कराया। इसके साथ ही 15 बकरे और 5 पेटी मुर्गिंया भी जब्त की, इन्हें भी खुलेआम काटकर मांस बेचने की तैयारी थी। नगर निगम की कार्रवाई होती देखकर कई दुकान संचालक फरार हो गये, उनके खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कराने की तैयारी है। जिन लोगों ने नगर निगम से लाइसेंस नहीं ले रखा है, उनके खिलाफ तो कार्रवाई होगी ही, साथ ही जो लोग नियम विरूद्ध तरीके से मांस काटकर बेच रहे हैं, उन्हें भी बख्शा नहीं जायेगा। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि शहर में अवैध रूप से संचालित मांस बिक्री बंद हो।

ग्रेटर निगम के वार्ड 71 के पार्षद गणेश सिंह नाथावत ने कहा कि आखिकार ग्रेटर नगर निगम प्रशासन देर आया, लेकिन दुरुस्त आया। यह कार्रवाई काफी वक्त पहले शुरू हो जानी चाहिए थी, लेकिन लंबे अर्से के बाद नगर निगम के अधिकारी नींद से जागे है। अवैध मांस की दुकानों और उन पर खुले आम पशुओं को काटने का दृश्य देखकर हर कोई दहल जाता है। ज्ञात रहे कि पिछले दिनों हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने भी परकोटा क्षेत्र में अवैध मांस की दुकानों के खिलाफ मोर्चा खोला था। काफी विरोध के बाद नगर निगम हैरिटेज की टीम ने एक-दो दिन तो कार्रवाई की, लेकिन बाद में अधिकारी चुप्पी साध गए।

## जीवन में कल्याण के लिए सुनो भागवत कथा : श्रीजी महाराज



**जयपुर,** (का.सं.)। श्री निंबार्क तीर्थ किशनगढ़ के पीठाधीश्वर श्याम शरण देवाचार्य ने रविवार को भागवत कथा के दूसरे दिन कहा कि परमात्मा से बढ़कर कोई और सुख एवं संपदा नहीं है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण होता है।

महाराज ने कहा कि नारदजी ने देखा अज्ञान रूपी अंधकार से दुखी है, सारा संसार इस अज्ञान को दूर करने के लिए ही श्रीमद्भागवत महापुराण है। उन्होंने हरि की व्यापकता का वर्णन किया गया। कथा व्यास ने भागवत के रहस्यमय प्रसंगों का उद्घाटन करते हुए कहा कि वृंदा का अर्थ है जहां के लोग हिंसक नहीं हो, भागवत महात्म्य का प्रसंग आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि भागवत ही भगवान है। भागवत भगवान् का अक्षरावतार है।

वक्ता व श्रोता के धर्म को विवेचना करते हुए बताया कि वक्ता का चरित्र स्वच्छ होना चाहिए, वहीं श्रोता भगवान् के प्रति समर्पित होना चाहिए। वक्ता प्रेरणा का पुंज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान जीव का उद्धार करते हैं। भक्ति, ज्ञान और वैराग्य तीनों हमारे जीवन में होना चाहिए। श्री निम्बार्काचार्य ने कहा कि श्रीमद्भागवत् के प्रारंभ में सत्य की वन्दना की गई है, क्योंकि सत्य व्यापक होता है सत्य सर्वत्र होता है और सत्य की चाह सबको होती है। पिता अपने पुत्र से सत्य बोलने की अपेक्षा रखता है भाई भाई से सत्य पर चलने की चेष्टा करता है मित्र मित्र से सत्यता निभाने की कामना रखता है यहां तक की चोरी करने वाले चोर भी आपस में सत्यता बरतने की अपेक्षा रखते है, इसलिए प्रारंभ में श्रीवेदव्यास जी ने सत्य की वंदना से मंगलाचरण किया और भागवत कथा का विश्राम ही सत्य की वन्दना से किया, क्योंकि सत्य ही कृष्ण है सत्य ही प्रभु श्रीराम है सत्य ही शिव एवं सत्य ही मां दुर्गा है अतः कथा श्रवण करने वाला सत्य को अपनाता है।

उन्होंने यह भी कहा कि श्रीमद्भागवत में निष्कपट धर्म का वर्णन किया गया है जो व्यक्ति निष्कपट हो, निर्मत्सर हो उसी व्यक्ति की कथा कहने एवं कथा श्रवण करने का अधिकार है। कथा आयोजक ब्रजकिशोर 'बिरजू' गोयल ने बताया कि सोमवार को महाराजश्री ध्रुव और प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाएंगे। महोत्सव के तहत 19 दिसंबर को श्री राम अवतार, श्री कृष्ण जन्म एवं नंद उत्सव का आयोजन होगा।

## जयपुर मोटर रिपेयरिंग एसो. का चुनाव 7 जनवरी को

**जयपुर** (कासं)। जयपुर मोटर रिपेयरिंग एसोसिएशन के द्विवार्षिक सत्र के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंधक मंडल के सदस्यों का चुनाव 7 जनवरी 2024 को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक गोवर्धन गार्डन, गलता रोड जयपुर में होगा। चुनाव समिति के अध्यक्ष जगदीश सिंह भच्चू ने बताया कि नामांकन फॉर्म 15 दिसंबर से 22 दिसंबर के बीच प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक प्राप्त कर भरे जाएंगे। चुनाव में मतदान के लिए वर्ष 2023-24 तक का चंदा (वार्षिक शुल्क) जमा होना आवश्यक हैं।

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तीसरे चरण का शुभारंभ आज

**जयपुर** (कासं)। "विकसित भारत संकल्प यात्रा" का तीसरा चरण 18 दिसंबर से शुरू होगा। सांगानेर स्टेडियम में यात्रा के तीसरे चरण का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुभारंभ करेंगे। रविवार को ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर और आयुक्त बाबू लाल गोयल ने अधिकारियों के साथ स्टेडियम में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ज्ञात रहे कि कार्यक्रम स्थल पर वैन रहेगी, जो विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार भी करेगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सम्मान निधि, हैल्थ चेक अप कैंप, आधार कार्ड अपडेशन शिविर, पीएम उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना की भी जानकारी दी जाएगी। पत्र सूचना कार्यालय एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रादेशिक कार्यालय जयपुर की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने बताया कि जयपुर के अलावा कोटा, उदयपुर, भरतपुर, जोधपुर, अजमेर, अलवर, बीकानेर, भीलवाड़ा जिलों में भी सोमवार से नगर निगम एवं परिषद क्षेत्रों में भी अभियान का शुभारंभ होगा।

# भव्य फूल बंगले में सजी बाबा श्याम की झांकी

## श्री श्याम सेवा संघ मानसरोवर का 19वां वार्षिक उत्सव



**जयपुर**। श्री श्याम सेवा संघ मानसरोवर की 19वीं श्री श्याम भजन संध्या शिप्रा पथ मानसरोवर के टैगोर इंटरनेशनल स्कूल स्थित दीप स्मृति ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। सेवा संघ के अध्यक्ष विमल कुमार सोनी ने बताया कि श्याम प्रभु का दरबार सजाकर मनमोहक श्रृंगार कर छप्पन भोग की झांकी सजाई। भजन संध्या में मुंबई की प्रीत प्रेरणा श्रीवास्तव के साथ जयपुर के संजय पारीक, अमित नामा, सुनील-शैली, निशा गोविंद, लक्ष्मीकांत, गोपाल सेन और दौसा के अजय शर्मा सहित अनेक भजन गायकों ने श्याम प्रभु के दरबार में हाजिरी लगाई। पुष्प और इत्र वर्षा के बीच आयोजित भजन संध्या में अनेक लोगों ने हाजिरी दी। काले हनुमान मंदिर के महंत गोपाल दास महाराज, श्री श्याम मंदिर कमेटी खाटू श्यामजी के मंत्री श्याम सिंह चौहान, सालासर धाम के जय पुजारी के सान्निध्य में आयोजित भजन संध्या के मुख्य अतिथि सांसद रामचरण बोहरा, बगरू विधायक कैलाश वर्मा, राजस्थान पुलिस के पूर्व महानिदेशक भूपेंद्र यादव, वरिष्ठ पत्रकार आनंद चौधरी, शिक्षाविद् कमल राठौड़ प्रख्यात चिकित्सक डॉ. एस बी सोलंकी, डॉ. पूनम उपाध्याय, समाजसेवी ओम प्रकाश मोदी भजन संध्या में शिरकत की।

# कैफे कर्मचारी के 5 अपहरणकर्ताओं को पुलिस ने 20 कि.मी. पीछा कर पकड़ा

**जयपुर**। ज्योति नगर इलाके के एक कैफे में तोड़फोड़ कर बदमाश कर्मचारी का अपहरण कर ले गए। बताया जा रहा है कि चलती गाड़ी में मारपीट कर उसे 20 किलोमीटर लेकर चले गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और 20 किलोमीटर तक पीछा कर पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर अपहरण कर्मचारी को सुरक्षित छुड़वा लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि कैलाश कॉलोनी निवासी कुलदीप (21) को अपहरण कर मारपीट की गई। जो ज्योति

- **ज्योति नगर में कैलाश कॉलोनी स्थित कैफे में तोड़फोड़ कर कर्मचारी को उठा ले गए थे आरोपी**

नगर स्थित नाइट वर्ड कैफे में काउंटर पर बैठता है। जहां देर रात को दो युवक आए और खाने-पीने का ऑर्डर दिया। जब उसने बकाया रुपए मांगे तो दोनों वहां से चले गए। इसके बाद युवक अपने अन्य साथियों के साथ वापस आए और कैफे में तोड़फोड़ की। इसके बाद कुलदीप को कार में डालकर उसका अपहरण कर ले गए। आरोपियों ने उसके साथ चलती कार में जमकर मारपीट की। अपहरण की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोकेशन के आधार पर बदमाशों का बीस किलोमीटर पीछा कर हल्दी घाटी, प्रताप नगर में कार सवार किडनैपर यश, रवि, राजा, सुरेन्द्र और स्वरूप को गिरफ्तार कर अपहरण हुए कुलदीप को सुरक्षित छुड़वा लिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल कार को भी जब्त कर पूछताछ करने में जुटी है।

# 'सुनहरे गीत और कुछ यादें' कार्यक्रम में हुआ जयपुर-मुंबई के गायकों का संगम

## कार्यक्रम में बेला सुलाखे, मधुरा दातार और श्याम राज की प्रस्तुतियों ने समां बांधा

**जयपुर,** (का.सं.)। शहर में रविवार को बॉलीवुड के गीतों से सराबोर 'सुनहरे गीत और कुछ यादें' कार्यक्रम आयोजित किया गया। बिड़ला ऑडिटोरियम में सिंगर राजेश शर्मा के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में एक ओर जहां बॉलीवुड गोलडन एरा के तीन मशहूर कलाकार गायिका बेला सुलाखे, मधुरा दातार और सेक्सोफोन वादक श्याम राज ने अपनी दिलकश प्रस्तुतियों से शहर के संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया। वहीं जयपुर के दस नामी गायक गायिकाओं ने भी एक से बढ़कर एक गीत गाकर ये जता दिया कि मौका मिले तो जयपुर की प्रतिभाएं भी किसी से कम नहीं। ये कार्यक्रम संकल्प कल्चरल सोसायटी की ओर से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुंबई के इन कलाकारों के अलावा जयपुर के राजेश शर्मा, डॉ. साकेत माथुर, जय शर्मा, डॉ. अनिल शर्मा, जया शर्मा, राजश्री सेमंत, किशोर सरावगी, सतीश जैन, सरिता काला और हेमंत सेकिया भी कई सुपर हिट गीतों की एकल और युगल रूप से प्रस्तुति देकर पूरे बिड़ला ऑडिटोरियम को बॉलीवुड के रंग मे रंग लिया।

कार्यक्रम में सेक्सोफोन वादक श्याम राज को बॉलीवुड संगीत में उनके अपूर्व योगदान के लिए 'भक्त शिरोमणि मीरा बाई' सम्मान से भी नवाजा गया। कार्यक्रम संचालन डॉ. सालेहा गाजी ने किया। कार्यक्रम में जयपुर-मुंबई के कलाकारों ने कुल 27 दिलकश गीतों की माला सजाई लेकिन "मस्त बहारों का मैं आशिक, चाँद आहें भरेगा, सुहानी रात ढल चुकी, सुहाना सफर और ये मौसम हसीं, आने वाला पल जाने वाला है, तुम्हे देखती हूं तो लगता है ऐसे और मन



क्यूं बहका री बहका ऐसे गीत थे जिनके भावों नें श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अमर गायक किशोर कुमार के साथ कई मंचीय कार्यक्रम दे चुकीं बेला सुलाखे को किशोर कुमार 'हमारी छोटी लता' कहकर पुकारते थे, इसी तरह आशा भौंसले के गीतों को गाने में दक्ष मधुरा दातार बॉलीवुड में 'प्रति आशा' के नाम से जानी जाती हैं।

## 32 लाख की चोरी का 6 माह बाद भी खुलासा नहीं कर पाई पुलिस

**जयपुर** (कासं)। हरमाड़ा इलाके में छह महीने पहले चोरी हुई वारदात का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है। वारदात के खुलासे के लिए पीड़ित ने परिवार सहित 10 से 12 किलोमीटर जाकर लोगों के यहां लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज निकलाकर पुलिस को उपलब्ध करवाए, ताकि इसका खुलासा हो सके। छह महीने बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। पीड़ित का आरोप है कि जब चोरी के मामले में जानकारी जुटाने थानाधिकारी के पास पहुंचा तो उनका कहना था कि इस तरह की और चोरी होगी, तब चोर पकड़ में आ पाएंगे। पुलिस अब एक और चोरी का इंतजार कर रही है। त्रिवेणी नगर राजावास हरमाड़ा निवासी नन्द किशोर गुप्ता 1 जुलाई 2023 को रात करीब 8 बजे घर के सभी लोग छोटे भाई के गृह प्रवेश के प्रोग्राम में ग्रीन आशियाना सनसिटी सीकर रोड पर गए थे। जब देर रात लौट कर आए तो मकान का ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा हुआ था। चोर अलमारी का लॉक तोड़कर दो सोने के हार, एक सोने की तगडी, सोने की अंगूठी, सोने की चूडी, कानों के टॉप्स, चांदी की पायजेब जोडी, चांदी के बर्तन, चांदी के सिक्के और अलमारी में रखे 7 लाख 50 हजार रुपए चुरा ले गए थे। पुलिस चोरों को पकड़ने के बजाय वारदात होने का इंतजार कर रही है।



**फूटी एसोसिएशन ऑफ राजस्थान की ओर से टूर्नामेंट की तीसरी वार्षिक राज्य चैंपियनशिप 18 दिसंबर को खंडेलवाल कॉलेज ग्राउंड शास्त्री नगर जयपुर में आयोजित होगी। इसकी ट्रॉफी का अनावरण रविवार को डेविड डिकोस्टा सैकेट्री, हेलेन मेल मेंबर ऑफ़ वेस्ट कोस्ट ईगल्स ऑस्ट्रेलिया, राहुल योगी स्टेट कोच और राजस्थान टीम मैनेजर ने किया। प्रतियोगिता में जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, पाली, झुंझुनूं और बूंदी की 10 टीमें, शामिल होंगे। इसमें अंडर-14, अंडर-16 और सीनियर खिलाड़ियों का जन्म यू/14 के लिए 2010 या उससे पहले 2008 /16 में होना चाहिए।**

## सार-समाचार

### होम्योपैथी एसोसिएशन की बैठक संपन्न




**जयपुर**। दिल्ली के होटल हयात सेंट्रिक जनकपुरी में होम्योपैथी मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारी की उपस्थिति में राष्ट्रीय कार्यकारणी का गठन किया गया। इस बैठक में डॉ. एस मुखर्जी प. बंगाल को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना, डॉ.राजेन्द्र आचार्य को राष्ट्रीय ऑर्गेनाइजिंग सचिव बनाया गया। ज्ञात रहे कि डॉ. आचार्य 20 साल से राजस्थान राज्य शाखा के विभिन्न पदों पर कार्य किया है। उन्हें इस पद पर सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है। होटल हयात सेंट्रिक में दो दिन की कार्यशाला का आयोजन किया हुआ, जिसमें देशभर के एक हज़ार सदस्यों ने भाग लिया। इस नेशनल कांफ्रेंस में राजस्थान के वरिष्ठ होमियोपैथिक डॉ. जे.डी.दरयानी को लाइफटाइम सेवाओं के लिय सम्मानित किया। इसके अलावा डॉ. अनिल कुमार शर्मा, डॉ. प्रमोद सिंह ने भी भाग लिया। डॉ. अनिल शर्मा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने राजस्थान शाखा का महासचिव नियुक्त कर डॉ. आचार्य को राजस्थान की नई राज्य कार्यकारिणी का गठन करने के लिय अधिकृत किया।

### विद्याधर नगर मोक्ष धाम की सफाई



**जयपुर**। हरि ओम जन सेवा समिति राजस्थान की ओर से सीकर रोड पर विद्याधर नगर स्थित मोक्षधाम में रविवार को सफाई अभियान चलाया गया। समिति से जुड़े कार्यकर्ताओं ने विद्याधर नगर बस डिपो के पास स्थित मोक्षधाम पर साफ सफाई की। समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल ने बताया कि हरिओम जन सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने मोक्ष धाम के बाहर-अंदर एवं पीछे साफ सफाई अभियान चलाया। कई दिनों से एकत्रित गंदगी को वहां से हटाकर निगम की गाड़ियों के द्वारा कचरा डिपो में पहुंचाया। आज स्वच्छता अभियान में समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल, जयपुर शहर अध्यक्ष एवं पार्षद सुरेश जांगिड़, प्रदेश संगठन मंत्री अजयकांत पारीक, मीडिया प्रभारी विवेक गुप्ता, मनोज अग्रवाल, विकास सैनी, सुरेश शर्मा, उमाशंकर तिवारी, दशरथ अग्रवाल, श्रवण सिंह करीरी, इंद्र सिंह, सोनिया जैन, प्रकाश शर्मा, राजकुमार शेखावाटी, राजकमल शर्मा, मुकेश मीणा आदि कार्यकर्ताओं की सेवाएं रही। ज्ञात रहे कि हरिओम जन सेवा समिति समय-समय पर जन सेवा के कार्य करती रहती है जिसमें प्रतिदिन मां अन्नपूर्णा भंडारा, गौ सेवा, कच्ची बस्तियों एवं अस्पतालों में मरीज को दूध वितरण, निशुल्क गंगाजल वितरण,निर्धन कन्याओं का विवाह आदि जन सेवा के कार्य कर रही है।

### केपी सक्सेना के गीतों ने किया आनंदित



**जयपुर**। रंग कलश संस्था की ओर से रविवार को यहां महाराणा प्रताप सभागार में जीना इसी का नाम है... सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में सुरीले सिंगर पूर्व जज केपी सक्सेना, सुनीत शाह समेत अनेक कलाकारों ने सदाबहार बॉलीवुड गीतों की मिठास का खुशनुमा अहसास कराया। कार्यक्रम में सिंगर केपी सक्सेना ने पुकारता चला हूं मैं...गीत को अपनी पुरकशिश आवाज में पिरोकर सभागार का कोना-कोना झंकृत कर दिया। कार्यक्रम में सुनीत शाह, गोविंद मिश्रा, तृप्ति शाह, प्रियंका मुखर्जी, डॉ. सोनिका पारीक, डॉ.उषा नायर, कोमल सराफ, विनेहा प्रेती जी.पुरोहित ने भी बॉलीवुड गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। संस्था सचिव नंदकिशोर पारीक के निर्देशन में सजे इस कार्यक्रम का संचालन अरुण किम्मतकर और डॉ.रितिका पारीक ने किया।

### सम्मान समारोह का आयोजन


**जयपुर**। निःशक्तजन कल्याण परिषद राजस्थान की ओर से को गवर्नमेंट हॉस्टल स्थित जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक डॉ गोपाल शर्मा का परिषद के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा एवं अन्य ने साफा, माला, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। सम्मान समारोह के बाद अन्नकूट प्रसादी हुई। श्री अग्रसेन विकास ट्रस्ट जयपुर का पाटोत्सव एवं स्नेह मिलन रविवार को शर्मा कॉलोनी नंदपुरी स्थित कार्यालय में मनाया गया। अध्यक्ष प्रहलाद स्वरूप अग्रवाल और महासचिव नेमीचंद गुप्ता ने अन्य पदाधिकारियों ने पाटोत्सव के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा का सम्मान किया। इससे पूर्व सुबह पूजा, अभिषेक, भजन-कीर्तन हुआ। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

### "नानी बाई को मायरो" कथा शुरू

**जयपुर**। जवाहर सर्किल के पास मालवीय नगर के सेक्टर 78 स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर में तीन दिवसीय नानी बाई को मायरो कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा मालवीय नगर सेक्टर- 6 के रामजीपुरा स्थित श्री राधा मोहन जी के मंदिर से गाजेबाजे के साथ रवाना होकर कथा स्थल पहुंची। व्यासपीठ से पं. उमेश व्यास ने कहा कि सच्चे मन से भगवान की भक्ति करने वाले भक्त का कार्य भगवान स्वयं करते हैं। नरसी भगत की निष्काम भक्ति के कारण ठाकुर जी उनके लिए कभी बढई बने तो कभी मुनीम। नरसी की बेटी का मायरा इतना शानदार भरा कि पूरा नगर देखता रह गया। दोपहर एक से शाम 4 तक कथा श्रवण कराएंगे। कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ।

### सांस्कृतिक संध्या 18 दिसम्बर को

**जयपुर**। नगर निगम जयपुर हैरिटेज द्वारा जयपुर के 296वें स्थापना दिवस के क्रम में समापन की कड़ी में सोमवार 18 दिसम्बर को जलमहल की पाल पर भव्य सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जायेगी। महापौर मुनेश गुर्जर ने बताया कि गुलाबीनगर जयपुर के स्थापना दिवस को अविस्मरणीय बनाने के लिये जलमहल की पाल पर सांयः 6 बजे से 10 बजे तक आयोजित सांस्कृतिक संध्या में इंडियन आईडल फैम बालीवुड सिंगर सवाई भट्ट बांधेगें संगीत की प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। गुर्जर ने बताया कि समारोह में जयपुर सांसद, विधायक, उप महापौर सहित निगम के समस्त पाषर्द एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया है। इस अवसर पर निगम के अधिकारी कर्मचारी व उनके परिजन उपस्थित रहेंगे। सांस्कृतिक संध्या के आयोजन के लिए आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की आयोजन समिति बनाई गई है।




## World Arabic Language Day

Like a melody from a distant land, this language dances with intricate calligraphy, inviting exploration into its rich tapestry. With an estimated 390 million speakers, Arabic is one of the most widely spoken languages in the world. It is also one of the six official languages of the United Nations. Being one of the only modern languages to be written and read in a right-to-left form, Arabic is a fascinating language with a long history. For all of these reasons and many more, we can all agree that Arabic is more than deserving of its very own day.




#RESEARCH

## Ear Squeaks Reveal Where Your Eyes Are Looking

Scientists can now pinpoint where someone's eyes are looking, just by listening to their ears





"You can actually estimate the movement of the eyes, the position of the target that the eyes are going to look at, just from recordings made with a microphone in the ear canal," says senior study author Jennifer Groh, a professor in the departments of Psychology and Neuroscience and Neurobiology at Duke University.

In 2018, Groh's team discovered that the ears make a subtle, imperceptible noise when the eyes move.

It also works the other way around. Just by knowing where someone is looking, Groh and her team were able to predict what the waveform of the subtle ear sound would look like.

These sounds, Groh believes, may be caused when eye movements stimulate the brain to contract either middle ear muscles, which typically help dampen loud sounds, or the hair cells that help amplify quiet sounds.


The exact purpose of these ear squeaks is unclear, but Groh's initial hunch is that it might help sharpen people's perception.

"We think that this is part of a system for allowing the brain to match up where sights and sounds are located, even though our eyes can move when our head and ears do not," Groh says.

"If each part of the ear contributes individual rules for the eardrum signal, then they could be used as a type of clinical tool to assess which part of the anatomy in the ear is malfunctioning," says lead author Stephanie Lovich, a graduate student in Psychology and Neuroscience.

Just as the eye's pupils constrict or dilate like a camera's aperture to adjust how much light gets in, the ears too have their own way to regulate hearing.

In 2018, Groh and her team discovered that these same sound-regulating mechanisms were also activated by eye movements, suggesting that



the brain informs the ears about the eye's movements.


To decode people's ear sounds, Groh's team and Christopher Shera, a professor at the University of Southern California, recruited 16 adults with unimpaired vision and hearing to take a fairly simple eye test.


Participants looked at a static green dot on a computer screen, then, without moving their heads, tracked the dot with their eyes as it disappeared and then reappeared either up, down, left, right, or diagonal from the starting point. This gave Groh's team a wide-range of auditory signals generated as the eyes moved horizontally, vertically, or diagonally.

An eye tracker recorded where participant's pupils were darting to compare against the ear sounds, which were captured using a microphone-embedded pair of earbuds. The researchers analysed the ear sounds and found unique signatures for different directions of movement. This enabled them to crack the ear sound's code and calculate where people were looking, just by scrutinizing a soundwave.

"Since a diagonal eye movement is just a horizontal component and vertical component, my labmate and co-author, David Murphy realized that you can take those two components and guess what they would be, if you put them together," Lovich says.

"Then you can go in the opposite direction and look at an oscillation to predict that someone was looking 30 degrees to the left." Groh is now starting to examine whether these ear sounds play a role in perception.





# SHYAM BENEGAL

## The Explorer Of Arts

When asked what triggered him to make '*The last hero*', Benegal said, "My uncle, Ramesh was a member of *Netaji's Tokyo Cadet*. As a young boy growing up in Hyderabad, he would regale me with stories of thrills and adventure, picked directly out of the experiences of the *Azad Hind Fauj*. One day soon after World War II had ended, my uncle and I stood on the shores of a Mumbai beach, waiting for the return of *Netaji*, after his release as a prisoner of the British. The seeds for this film might have been sown then, I do not know. During the eighties, I had come to Calcutta for some research on my film on Nehru. I met Dr. Sisir Kumar Bose, the head of the *Netaji Research Bureau* and took a close look at the historical documents and objects within the bureau, representing episodes in the life of a great man. I had wished to make a film on the *Indian National Army* for a long time. For one reason or another, these ideas never took concrete shape."

#BIRTHDAY TRIBUTE



ANKUR






SURAJ KA SAATVA GHODA




**Dr. Shoma A. Chatterji**
*Film scholar, journalist & author*


Shyam Benegal was born in Trimulgherry, Andhra Pradesh, on December 19, 1934. He will be celebrating his 89th birthday this year and he is still active as his recent film '*Mujib: The Making of a Nation*' is a proof of this belief.

Many years before, I interviewed him for the first time, I went to listen to an informal talk he was giving to a group of very young film students at some film festival. I knew him as a filmmaker and was not familiar with his power of oratory and his scholarship in cinema, literature, politics, et al. I was mesmerized, entirely, also by his thorough groundedness which stripped away the awe one felt when listening to such great scholarship.

He made his first amateur film at the age of 12 with his father's 16 mm camera. He studied Economics at the Osmania University and got involved in student theatre. He was deeply influenced by the ideology and work of *Netaji Subhash Chandra Bose* during India's struggle for freedom. His uncle fought in the *Indian National Army* founded by Bose and *Netaji's* controversial life has been a constant source of fascination and inspiration. Many years later, he was to celebrate his deep regard for *Netaji* through the film *Netaji – The Last Hero*, part of which was shot in Kolkata.

> He made his first amateur film at the age of 12 with his father's 16 mm camera. He studied Economics at the Osmania University and got involved in student theatre. He was deeply influenced by the ideology and work of Netaji Subhash Chandra Bose during India's struggle for freedom. His uncle fought in the Indian National Army founded by Bose and Netaji's controversial life has been a constant source of fascination and inspiration.

When asked what triggered him to make this film, Benegal said, "My uncle, Ramesh was a member of *Netaji's Tokyo Cadet*. As a young boy growing up in Hyderabad, he would regale me with stories of thrills and adventure, picked directly out of the experiences of the *Azad Hind Fauj*. One day soon after World War II had ended, my uncle and I stood on the shores of a Mumbai beach, waiting for the return of *Netaji,* after his release as a prisoner of the British. The seeds for this film might have been sown then, I do not know. During the eighties, I had come to Calcutta for some research on my film on Nehru. I met Dr. Sisir Kumar Bose, the head of the *Netaji Research Bureau* and took a close look at the historical documents and objects within the bureau, representing episodes in the life of a great man. I had wished to make a film on the *Indian National Army* for a long time. For one reason or another, these ideas never took concrete shape."

I happened to interview him at his Tardeo office one day, soon after he was bestowed the *Dadasaheb Phalke Award* for his rich contribution to cinema in 2005. The office was neat and clean, simply furnished without any decorative frills, an expression of a man who believes in simplicity. He went on and on without bothering about the questions and held me in thrall with his knowledge and his beliefs. When asked what his reaction was, to the biggest award, he simply said, "Winning an award is one aspect of filmmaking. But you don't make films only to win awards. Rather you want it to be seen and enjoyed by the people and the sense you can provide them through your film. This award is a lifetime achievement award. The award overwhelms me and also, I feel slightly saddened because it is like saying that this is the end of the line. But the show must go on."

As a student, he formed the *Hyderabad Film Society*, which screened Ray's *Pather Panchali* as its inaugural film. During his journey through advertising, he made more than 900 advertising shorts and 11 corporate films. He also made documentaries. His first feature film in Hindi, *Ankur* (The Seedling, 1973), tells the story of an arrogant urban youth who returns to his ancestral home in feudal Andhra Pradesh. His subsequent affair with the wife of one of his labourers (played powerfully by *Shabana Azmi* in her debut) and her eventual call to arms against the feudal system brought him criticism for using a purportedly "*un-Indian*" approach and for "victimizing" women. The film brought the problem of feudal and patriarchal structures to the fore.

He shifted to Mumbai in 1959 to join *Lintas*, one of the foremost advertising agencies in the country and worked there till 1963. He was soon making commercials, shorts, documentaries and corporate films. He left to join *Advertising & Sales Promotion Co.*, where he worked for the next ten years. During his journey through advertising, he made more than 900 advertising shorts and 11 corporate films. He also made documentaries.

> In response to my question on what is it about cinema as a medium of expression that attracted him, Benegal said, "Cinema uses elements practically from all the different arts – literature, painting, music, photography, dance, mime, movement and poetry. This is what attracts me to cinema. It allows you to explore all the arts while you are actually making a film, or, while you are working towards making a film."

He taught at Bhawan's College from 1966 to 1973 and at the FTII in 1969. In 1969, he received the *Homi Bhabha Fellowship* that had a four-year tenure. The Fellowship took him to UK and USA where he worked as an associate producer for Boston WGBH TV and with the Children's Television Workshop in New York. He played an active part in shaping film education as the Chairman of the *Film and Television Institute of India* during 1980-83 and 1989-92. As a person deeply committed to social integration in India, Shyam Benegal was a part of the National Integration Council (1986-89) and the National Council of Arts. He has taught at the Northwestern University in Chicago in 2002 and in Austria several years ago.

In response to my question on what is it about cinema as a medium of expression that attracted him, Benegal said, "Cinema uses elements practically from all the different arts – literature, painting, music, photography, dance, mime, movement and poetry. This is what attracts me to cinema. It allows you to explore all the arts while you are actually making a film, or, while you are working towards making a film."


rajeshsharma1049@gmail.com




ZUBEIDAA



BHUMIKA

#J'ADORE

## A Swish, Snazzy & Desi Twist!


It's time to get over the quintessential *Western-wear outfit* code and give in to the irreplaceable charm of *Indian ethnicity*

Christmas is sassy, New Year is fun, the holiday season is all set to bring you that much-awaited cheer! With a swift change in the weather and the rising bonhomie, everything is stunning and dazzling about December. And well, the thrill of stepping into the New Year is the *cherry on top*!

Are you too all primped up to party hard and enjoy this time of the year to the hilt? After all, dressing up is so much fun, especially when it's time to mark your calendars with a new beginning (resolutions included).

The party vibe, at this time of the year, may have high-octane gowns, cocktail skirts, and sparkling dresses at the epicentre, but how about giving your sartorial choices, a swish, snazzy, Desi twist?

With cross-cultural meets and fusion styles enhancing the festive spirit, it's time to get over the quintessential *Western-wear outfit* code and give in to the irreplaceable charm of *Indian ethnicity.*



### Indo-Western Fusion Wear

A long flared *Anarkali gown* in Christmas colours- red, pink, golden, pearl white, or green and Indian-style embroidery is also worth a trial. Alternatively, pairing a plain dress with a designer dupatta-style jacket, draped like a wrap can be a perfect amalgamation of *Indo-Western* sensibilities.

### The Suave Factor



**There** are a few colours that represent the Christmas spirit like nothing else! Wear reds and whites for a real-Santa feel, or say yes to vibrant greens and plush golds. With the right colours, you can smoothly carry off a complete Indian garment that speaks elegance and have an uber-chic feel.

### Keeping Ostentation in Check



**This** one is much like the *Simplicity Rule* we spoke of earlier. You can conveniently leave home your embroidered dupatta when you choose a party-wear *lehenga choli* to give it a crop top and skirt combo look! Choose dresses or Indian outfits that are either plain or subtle with details.

### The Layering Trend



**Oh** well, layers are very much in trend, this season too! And if you're in the northern hemisphere, the winter season makes a perfect match for pulling out and flaunting your best layers. Jacket suits, jacket *lehenga cholis*, *kurtis* layered with a frilly cape, and *ruffled ponchos* go well with the party vibe.



### Keep it Simple


You can opt for an imposing party-wear saree and play low-key with the accessories, or a plain saree with a designer blouse and statement earrings. You can also experiment with gorgeous designer blouse designs, which are the toast of the season!

### Sequined Charm

*Sequins* look spectacular in Indian ensembles like floor-length *gowns and kurtis*, giving them a chic, glamorous, and youthful appearance.




## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जालोर के लिए जवाई बांध के पानी का हक तय करने को लेकर जनहित याचिका लगाई

## राजस्थान किसान संघर्ष समिति जालोर के अध्यक्ष बद्रीदान नरपुरा की ओर से राजस्थान उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले के लिए जवाई बांध के पानी का हक तय करने को लेकर लम्बे समय से जिलेवासी संघर्ष कर रहे हैं। जिसको लेकर कई बार किसानों सहित जिले के लोगों ने धरना प्रदर्शन भी किया। लेकिन अभी तक जालोर जिले के लिए जवाई बांध के पानी पर जालोर का हक तय नहीं होने पर जालोर के प्राकृतिक हक को लेकर बद्रीदान नरपुरा ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई है।

जालोर जिले की जवाई नदी के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करने को लेकर राजस्थान किसान संघर्ष समिति जालोर के अध्यक्ष बद्रीदान नरपुरा की ओर से राजस्थान उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करवाई गई है। जिसमें हाईकोर्ट द्वारा सचिव जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार तथा मुख्य सचिव राजस्थान जयपुर, सचिव जलसंसाधन विभाग जयपुर एवं सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग जयपुर से एएजी के माध्यम से जवाब मांगा गया। आरटीआई के तहत् प्राप्त पुख्ता सबूतों के साथ उक्त रिट दर्ज करवाई गई। याचिका में बताया कि जवाई नदी जालोर क्षेत्र की एक मात्र जीवनदायिनी नदी है, जिससे जालोर जिले के किसानों को कृषि कार्यों के लिए एवं पेयजल के रूप में पीने का पानी सदियों से उपलब्ध होता रहा हैं, लेकिन 1957 में जवाई नदी पर जवाई बांध के निर्माण के उपरांत वर्ष 2022 तक 66 वर्षो में केवल 8 बार ही ओवरफ्लो हुआ, जो पूर्ण भराव के उपरांत जवाई नदी के ढलान क्षेत्र में पानी छोड़ा गया। जब भी जवाई बांध ओवरफ्लो हुआ। जालोर के लोगो को बाढ के हालात से गुजरना हुआ। जिससे जान माल की क्षति हुई तथा कृषि भूमि का भारी मात्रा में कटाव हुआ। शेष 58 वर्षो में नदी के बहाव क्षेत्र में जवाई बांध के कारण मानसून में पानी की आवक नहीं होने से धीरे धीरे बेरों-कुओं का जलस्तर रसातल चला गया, जिससे पेयजल के लिए भी भारी किल्लत बन गई।

> ■ हाईकोर्ट में प्रस्तुत याचिका पर सुनवाई करते हुए 19 दिसम्बर तक प्रगति रिपोर्ट से अवगत करवाने का आदेश पारित किया

वर्तमान में नर्मदा पेयजल योजना से जो गांव जोड़े गये हैं। उनको भी समय पर पर्याप्त व शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं होने से स्थानीय स्त्रोतों से पानी मिक्स कर आपूर्ति की जा रही है। जिसमें फ्लोराईड की मात्रा अत्यधिक है, जिससे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा हैं। बेरा बस्ती में रहने वाले हजारों लोगों को आज भी पेयजल के लिए पानी के टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता हैं। जबकि राज्य जलनीति 2010 में पेयजल को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई हैं। जवाई नदी का कुल बहाव क्षेत्र जालोर जिले में अधिक होने से प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों के आधार पर भी जवाईबांध के पानी पर 1/2 हिस्से पर जालोरवासियों का प्राकृतिक हक हैं। मानव हितों को मध्यनजर रखते हुए प्रतिवर्ष मानसून में जवाई बांध से जवाई नदी में कानूनी तौर पर 1/2 हिस्से का पानी छोडना न्यायहित व जनहित में आवश्यक हैं। वहीं विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी चुनावी सभा में कहा था कि राजस्थान में भाजपा की सरकार आने पर गुजरात की नीति अनुसार जवाई बांध के पानी को लेकर जालोर जिले के लिए योजना बनाई जायेगा। वैसे भाजपा सरकार राजस्थान में बन गई हैं ऐसे में जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग से भी जिले को लोगो को आशा है कि जल्द ही जालोर जिले के लिए जवाई बांध के पानी पर हक तय होगा।

जालोर जिला हमेशा जवाई बांध के ओवरफ्लो होने पर बाढ़ के हालात को झेलने के लिए पानी छोड दिया जाता है। जबकि जवाई बांध का सारा पानी पाली जिले में आपूर्ति होने से जालोर के लोगो कई वर्षो से जवाई बांध के पानी के हक की लड़ाई लड़ रहे है। लेकिन जिले के कमजोर जनप्रतिनिधियों की पैरवी के चलते आज तक जवाई बांध के पानी पर जालोर के लिए हक तय नही हो पाया है।

वहीं दूसरी तरफ हाईकोर्ट में प्रस्तुत याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति राजेन्द्र प्रकाश सोनी व मानिन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने जनहित याचिका में विशेष रुचि लेते हुए अतिरिक्त एडवोकेट जनरल पंकज शर्मा को रिट की कॉपी प्राप्त कर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश जारी करते हुए 19 दिसम्बर तक प्रगति रिपोर्ट से अवगत करवाने का आदेश पारित किया।

# मोदी सरकार ने दिया गवर्नेंस का नया मॉडल : शेखावत

> ■ केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को सम्बोधित किया

**जोधपुर, (कासं)।** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने गवर्नेंस का नया मॉडल देश का दिया है। इसी मॉडल का परिणाम है कि योजनाएं सौ फीसदी पात्र लोगों तक पहुंच रही है।

देश में गरीबों की संख्या में कमी आई है। शेखावत रविवार को लूणी विधानसभा क्षेत्र के झंवर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश जब आजाद हुआ, तब गरीब के मन में आशा थी कि उसके जीवन में भी परिवर्तन आएगा। लेकिन गरीबी हटाओ का नारा देकर बहुत लोगों ने सत्ता का सुख भोगा। अनेक योजनाएं भी बनी, लेकिन सरकारों का स्वभाव अभाव में काम करने का पड़ गया था। इसलिए योजनाओं का लाभ वास्तविक व्यक्ति तक नहीं पहुंच जा सकता था। गरीब विकास की रोशनी का इंतजार ही करता रहता था।

उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी ने गवर्नेंस का नया मॉडल दिया। योजनाओं का लाभ सौ फीसदी पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए। वह भी बिना किसी धर्म और जाति के भेदभाव के। हर घर में शौचालय होना चाहिए। हर घर में बिजली हो, गरीब के घर में गैस का चूल्हा हो, सभी के घर में पानी का नल पहुंचे और सभी को स्वास्थ्य का लाभ मिले। इस उद्देश्य से योजनाएं लागू की गई। इसी का नतीजा रहा कि साढ़े तेरह करोड़ लोग गरीबी की रेखा से उबर गए। तब भी किसी न किसी कारण से कई लोग होंगे, जो किसी कारण से पात्र होते हुए भी योजनाओं से वंचित रह गए। विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसे वंचित लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए चलाई गई है। इसमें पात्र लोगों का योजनाओं में पंजीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केवल सरकारें मिलकर देश को समृद्ध नहीं बना सकती। इसमें आम आदमी की भागीदारी जरूरी है। अब ऐसा हो भी रहा हे। देश बदल रहा है। नए हाईवे बन रहे हैं। रेल की व्यवस्था बदल रही है। देश के नव निर्माण का संकल्प लेना है।

उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को ड्रोन की ट्रेनिंग दी जाएगी। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत ने सभी ग्रामीणों को प्रतिज्ञा दिलाई। कार्यक्रम में लूणी विधायक जोगाराम पटेल, जिला प्रभारी प्रीतम बी. यशवंत, संभागीय आयुक्त बी. एल. मेहरा, जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश, डॉ. सुनीता पंकज, सुश्री अंशुप्रिया, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी गणपतलाल सुथार, पूर्व कुलपति गुलाबसिंह, प्रधान धवा गोविंदराम भील, पूर्व प्रधान छेलाराम सारण, विकास अधिकारी ओमप्रकाश चौधरी, सरपंच भंवरलाल पटेल, चैनाराम पटेल, राजेंद्र प्रसाद, जिला परिषद सदस्य, कानाराम सहित जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक जोगाराम पटेल ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा देश के नवनिर्माण की दिशा में ऐतिहासिक है।

कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त भंवरलाल मेहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक महत्वाकांक्षी पहल के रूप में इस यात्रा का अयोजन हो रहा है। इस यात्रा के माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के प्रचार-प्रसार के साथ ही वंचित आमजन को इन योजनाओं से जोड़ा जाएगा। साथ ही, योजनाओं की क्रियान्विति के लिए प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा की इसके सफल एवं सुगम संपादन के लिए प्रशासन द्वारा विभिन्न स्तरीय समितियों का गठन किया गया है,जिनकी उच्च स्तर पर नियमति समीक्षा की जाएगी ताकि यात्रा के उद्देश्य को पूर्ण किया जा सके। कार्यक्रम में फ्लैगशिप योजनाओं के लाभार्थियों कन्हैयालाल, सुआ देवी, छोगाराम, गंगा देवी द्वारा 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के संवाद किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** निकटवर्ती गांव हांसलिया में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसको लेकर मृतका के पीहर पक्ष ने स्थानीय थाने में दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच सीओ हनुमानगढ़ अरविंद बेरड़ कर रहे हैं।

थाना प्रभारी अजय गिरधर ने बताया कि मृतका के पिता लाल सिंह पुत्र हरबंश सिंह निवासी चक 6 बी धनूर पीएस केसरीसिंहपुर की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका के पिता ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि उसकी पुत्री कमलजीत कौर (26) की शादी मार्च 2019 में संदीप सिंह पुत्र पोला सिंह मजहबीसिख निवासी हांसलिया से हुई थी। शादी के समय अपनी हैसियत से बढकर दहेज दिया था। इसके बावजूद पुत्री कमलजीत को उसका पति संदीप व सास मनजीत कौर दहेज की मांग को लेकर निरंतर प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि संदीप सिंह के अज्ञात महिला से अवैध संबंध थे। इसकी कमलजीत को जानकारी होने पर उसने पति को समझाया। मगर वह नहीं माना बल्कि पुत्री को ही और ज्यादा प्रताड़ित करने लगा। मृतका के पिता ने पुलिस को बताया कि बेटी के मामा रूप सिंह ने दूरभाष पर सूचना दी कि कमलजीत ने आत्महत्या कर ली है। उसको यह जानकारी कमलजीत के जेठ से मिली। इस पर गांव से रवाना हुए तथा गोलूवाला के सरकारी अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि कमलजीत कौर की मृत्यु हो गई है। आरोप लगाया गया है कि कमलजीत को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए संदीप सिंह व सास मनजीत कौर ने दुष्प्रेरित किया। तंग होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली या मारकर फंदे पर लटका दिया।

## अवैध शराब से भरी कार जब्त, एक गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** घासा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध शराब से भरी कार जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश कुंवर के सुपरविजन में घासा थानाधिकारी भरतसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने शनिवार को गश्त के दौरान वीरधोलिया रोड पर आ रही कार को रोक कर तलाशी ली तो उसमें रखे प्लास्टिक के 3 बोरों में 9 कर्टन अवैध शराब के पाए गए। इस पर चालक से पूछा तो उसने अपना नाम लोकेन्द्रसिंह पुत्र शिवसिंह निवासी पिपरोली घासा होना बताया तथा पास वाली सीट पर बैठे व्यक्ति पुष्पेन्द्रसिंह निवासी झालों का ढाणा मौका देख फरार हो गया। इस पर अवैध शराब से भरी कार जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। शराब की बाजार कीमत करीब चालीस हजार रूपये बताई जाती है।

# फर्जी शादी करवाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## दुल्हन और दलाल गिरफ्तार, शादी के चार घंटे बाद ही फरार हो गई थी दुल्हन

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले की चौरासी थाना पुलिस ने फर्जी शादी करवाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस ने आरोपी दुल्हन और दलाल को गिरफ्तार कर लिया है। दुल्हन शादी के 4 घंटे बाद ही फरार हो गई थी।

चौरासी थानाधिकारी अमृतलाल मीणा ने बताया कि 5 नवंबर को भातू भाई पुत्र कालू भाई रावल निवासी डूंगरा पोस्ट बिछोर फतेहपुरा जिला दाहोद गुजरात की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। इसमें बताया कि उसकी सगाई भिंडा गांव में नीता बेन नाम की लड़की के साथ हुई थी। बिचौलिया ललित नाम के व्यक्ति ने उसकी सगाई करवाई थी। 28 अक्टूबर को वे लड़की देखने भिंडा गांव गए थे। लड़की नीता और उन्होंने एक दूसरे को देखने के बाद रजामंदी हो गई। शादी के लिए लड़की वालों ने 2 लाख 20 हजार रुपए मांगे। जिसमें से 1 लाख 20 हजार रुपए शादी के दिन और 1 लाख रुपए शादी के एक माह बाद देना तय हुआ। 31 अक्टूबर को शादी के लिए 10 से 12 लोग आए। शादी की एवज में पहले से तय 1.20 लाख रुपए दिए। शादी होने के बाद शाम 5 बजे वापस जा रहे थे। करावाडा के पास दुल्हन ने नए कपडे लेने की बात कहकर गाड़ी रुकवाई।

गाड़ी के नीचे उतरते ही पीछे से आ रही एक अपाची बाइक पर दुल्हन बैठ गई। दुल्हन को लेकर बाइक सवार फरार हो गया। इसी अपाची बाइक को दुल्हन के घर पर भी देखा था। घटना के बाद बिचौलिए ललित को फोन किया। उसने कहा की ऐसी कई शादियां हमने करवा दी है। तुम्हारे जो करना है कर लो। हमारी बहुत जान पहचान है। घटना को लेकर पुलिस ने जांच करते हुए यमुना उर्फ नीता डामोर पत्नी रमेश डामोर निवासी पालीसोडा फला नानका पुलिस थाना बिछीवाडा और बिचौलिया ललित उर्फ टाइगर पुत्र देवीलाल मसार निवासी मसारो की ओबरी पुलिस थाना कल्याणपुर सलूंबर को गिरफ्तार कर लिया है। वही पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी अमृतलाल मीणा,मुकेश कुमार, पप्पू कुमार, अनिल कुमार, महिला कांस्टेबल फूलवंती सहित शामिल है।



चौरासी पुलिस ने फर्जी दुल्हन और बिचौलिये ललित को गिरफ्तार किया।

# रंगदारी के लिए पंजाब व हरियाणा के गैंगस्टरों की नजर

**बीकानेर, (निसं)।** रेंज के हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर जिले में पंजाब व हरियाणा के गैंगस्टर अपनी पैठ जमाने व यहां के व्यापारियों तथा पैसे वाले लोगों से चौथ वसूली व दहशत फैलाने के प्रयासों में लगे रहते हैं। यहां बार-बार नए-नए गैंग्स के शूटर आते रहे हैं और कई घटनाओं में अंजाम दे चुके हैं।

पुलिस की माने तो पिछले लंबे समय से श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ पड़ोसी पंजाब व हरियाणा के गैंगस्टरों के निशाने पर रहे हैं। इन दोनों राज्यों से बदमाशों की आवाजाही रहती है और वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। ये गैंग या गैंगस्टर इन दोनों जिलों में अपनी पैठ जमाने तथा यहां चौथ वसूली के लिए प्रयासरत रहते हैं। उनको लगता है कि इन दोनों जिलों के लोग शांतिप्रिय है और उनके पास धन भी काफी है। पंजाब या हरियाणा के गैंगस्टर इस इलाके के व्यापारी वर्ग या अन्य लोगों में दहशत फैलाने के लिए फायरिंग जैसी वारदातों को अंजाम देते हैं। जिससे दबाव बनाकर वसूली की जा सके। इसके लिए हथियारों से लैस शूटरों को यहां भेजते रहते हैं। अब पंजाब व हरियाणा के गैंगस्टरों का वसूली व दहशत फैलाने का ट्रेंड बदल गया है। जहां पहले गैंगस्टर लोगों को धमकी देकर रंगादारी मांगते थे और नहीं मिलने पर फायरिंग आदि की वारदात करते थे। जिससे संबंधित व्यक्ति दहशत में आ आए। लेकिन अब करीब एक साल से इस ट्रेंड में बदलाव नजर आया। हाल ही हुई घटनाओं को देखें तो अब पहले गैंगस्टर टारगेट पर फायरिंग की वारदात कराते हैं और इसके बाद वह नहीं डरे तो फिर फायरिंग करवा देते हैं। जिससे टारगेट उनसे संपर्क करके राशि देकर पीछा छुड़ाए।

> ■ हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर जिले में व्यापारियों तथा पैसे वाले लोगों से चौथ वसूली व दहशत फैलाने के प्रयासों में लगे रहते हैं

यहां की पुलिस का पंजाब व हरियाणा की पुलिस से तालमेल व बदमाशों की सूची आदान प्रदान तथा वारदात करने वाले अपराधियों के बारे में पता लगाकर सूचना देना या उनको गिरफ्तार कराने में मदद करना है। इसके चलते अपराधी फरार हो जाते हैं और वसूली आदि नहीं कर पाते हैं। हाल ही में हुई ऐसी वारदात में भी पुलिस ने यही कार्रवाई की। जिसके चलते अपराधियों को सलाखों के पीछा पहुंचाया जा सका और अन्य फरार चल रहे आरोपियों की तलाश की जा रही है। यहां वारदात करने के लिए आने वाले अपराधियों में पंजाब के गैंगस्टर और उनके गुर्गे अधिक है। जिसमें लॉरेंस गैंग से जुड़े सदस्य व गैंगस्टरों ने यहां दो हत्याओं को अंजाम दिया था। इनमें से अधिकतर हरियाणा, पंजाब व श्रीगंगानगर में पकड़े गए और कुछ पंजाब में एनकाउंटर में मारे भी गए। इसके बाद उनके गुर्गों ने दहशत फैलाने के प्रयास किए। अब एक नई गैंग यहां अपनी पैठ जमाना चाहती है। कई वारदातों में सामने आया है कि गैंगस्टर व उनके गैंग के सदस्यों को स्थानीय संपर्क मिल जाते हैं।

## युवक ने आत्महत्या की

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के नाई थाना क्षैत्र में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को नाई थाना क्षैत्र निचला तालाब नया खेड़ा निवासी खेमा (42) पुत्र पेमा मीणा ने अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसका पता चलने पर पुलिस ने मृतक को फंदे से नीचे उतार चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया। दर्ज प्रकरण की जांच थानाधिकारी श्यामसिंह रत्नू करेंगे।

# एक माह बाद भी आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर

**जालोर, (कासं)।** जालोर के निकट मूडी गांव में पांच साल के बालक भगवतसिंह राजपुरोहित की हत्या को एक माह होने के बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नही कर पाई हैं। पुलिस द्वारा उक्त हत्याकाण्ड को लेकर किसी प्रकार की कोई ठोस कार्यवाही नही करने पर मृतक के परिजनो ने जिला कलैक्टर जालोर को ज्ञापन सौपकर आरोपियो की गिरफ्तारी नही होने पर 25 दिसम्बर से न्याय संघर्ष समिति के तत्वावधान में कलैक्ट्रेट पर महापडाव करने का एलान किया। जालोर के निकट मूडी गांव में विक्रमसिंह राजपुरोहित के पांच साल के पुत्र भगवतसिंह की एक बंद पड़े कुंए में शव मिलने के बाद पुलिस ने उक्त प्रकरण को हत्या में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। रिपोर्ट कर्ता पिता ने पुलिस को उसके पुत्र की हत्या करने वालो पर शक होने का नाम बताया। इसके बाद भी पुलिस द्वारा उन लोगो से पुछताछ तक पुलिस द्वारा नही की जा रही है। पुलिस थाना बिशनगढ के थानाधिकारी भगाराम ने इस घटना को लेकर गंभीर नही होने से आरोपी अभी तक खुलेआम घूम रहे है।

# आग लगने से तीन झोपड़ी सहित पशुचारा व सामान जलकर राख

## गांव कांजण में अज्ञात कारणों के लगी आग



सिद्धमुख के गांव कांजण में आग लगने से झोपडे, पशुचारा एवं अन्य सामान जल गया।

**सादुलपुर, (निसं)।** सिद्धमुख तहसील की ग्राम पंचायत कांजण में कांजण गांव निवासी रामसिंह बरोड के घर में अज्ञात कारणों के लगी आग से तीन झौपडी एवं पशु चारा जल कर राख हो गया। वहीं घटना के दौरान गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, तथा देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर दिया तथा झोपडे, सामान व पशुचारा जलकर राख हो गया।

पीड़ित रामसिंह बरोड ने बताया कि दोपहर के करीब दो बजे वह अपने घर पर बैठा था। घर में पशुओं के लिए से झोपडी बनायी हुई थी, जिसमें अचानक आग लग गई। एवं देखते-देखते तीन झोपड़ियां जल कर खाक हो गयी। उन्होंने बताया कि झोपडियों में रखा पशुओं का चारा सहित अनेक सामान रखा हुआ था, जो जलकर राख हो गया। छात्रनेता मुकेश गोस्वामी ने बताया कि आगजनी की घटना को लेकर सिद्धमुख पुलिस को कॉल किया गया तो उन्होंने बताया कि सिद्धमुख में फायर ब्रिगेड नहीं है, तो आप 1०० नंबर पर कॉल करो, लेकिन 100 नंबर पर कॉल नहीं लगने के कारण गांव वालों ने करीब आधा घंटा के बाद पानी के टेंकर मंगवाकर से आग पर काबू पाया, मगर पशु चारा एवं तीनों झोपडियों व उनके रखा अन्य सामान जल कर राख हो गया।

## 'प्रदेश में अब डबल इंजन की सरकार बनी है'

**जोधपुर, (कासं)।** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रदेश में अब डबल इंजन की सरकार बनी है। प्रदेश के लोग अब प्रतिदिन दिवाली अनुभव करेंगे। आने वाले पांच साल में प्रदेश हर क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनेगा। जोधपुर प्रवास के दौरान केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत रविवार को यहां पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के विषय में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में जो सकंल्प लिए थे। उनमें से अधिकांश संकल्प पूरे हो गए। इससे देश के करोड़ों लोगों के जीवन में परिवर्तन आया है। साढ़े तेरह करोड़ लोग गरीबी की रेखा से आगे निकले हैं। अब भारत तेजी से आगे बढ़ा है। विकसित भारत बनाने का यह आंदोलन जन आंदोलन बने। देश का प्रत्येक नागरिक अपनी भूमिका को समझकर इसके साथ जुड़े। इस चेतना को जाग्रत करने के लिए यह संकल्प यात्रा निकाली गई है। उन्होंने बताया कि हमारा संकल्प है कि मोदी सरकार की योजनाएं सौ फीसदी लोगों तक पहुंचे। इसलिए संकल्प यात्रा के दौरान पात्र लोगों के द्वार पर जाकर वंचित लोगों का पंजीकरण किया जाएगा।

सुबह गृह नगर जोधपुर पहुंचने पर केन्द्रीय मंत्री शेखावत का एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया। अल्प प्रवास जोधपुर आए शेखावत ने निज निवास स्थान पर गणमान्य लोगों से मुलाकात की।

# नाबालिग युवक का शव कुएं में लटका मिला

## परिजनों ने प्रशासन से 50 लाख व नौकरी की मांग की

**टोंक, (निसं)।** मेहंदवास थाना क्षेत्र के नवाबपुरा ग्राम में देर रात एक नाबालिग युवक की हत्या कर शव को कुएं में लटकाने का मामला सामने आया है, जिससे गांव में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक युवक देर शाम पास के खेत में लगे बेर तोड़ने की कहकर परिजनों को निकला था, जहां देर रात तक वह घर नहीं पंहुचा तो परिजनों ने आस-पास तलाश किया। जहां युवक को गांव में तलाश करने पर उनके खेत पर बने कुएं में ही नाबालिग का शव रस्सी से बंधा हुआ मिला।

> ■ परिजनों को खेत में लगे बेर तोड़ने की कहकर निकला था

मेहन्दवास थाना क्षैत्र के गांव नवाबपुरा में 13 वर्षीय नाबालिंग युवक की लाश कुए में लटकी मिली, जिससे आस-पास क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, जहां मौके पर पुलिस प्रशासन ने शव को कुएं से निकालकर शव को सआदत चिकित्सालय टोंक की मोंचरी में रखवाया। शव की शिनाख्त करने पर मृतक का नाम अमरीश (13) पुत्र पप्पूलाल मीणा बताया गया। जहां मौके पर परिजन पहुंचकर हंगामा करने लगे, जिस पर उनके परिजन व ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और वह धरने पर बैठ गए। परिजनों ने शव के पोस्टमार्टम करने से मना कर शव लेने से इन्कार कर दिया। उन्होंने घटना की जांच करने व परिजनों को 50 लाख रूपये देने व एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने की मांग की।




मृतक नाबालिग युवक।

इस घटना की गम्भीरता को देखते हुए मौके पर जिला पुलिस अधीक्षक, राजर्षिराज वर्मा व टोक एसडीएम कपिल शर्मा पंहुचे तथा परिजनें से समझाईश की गई और उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिनजों को सौंपा। इस मौके पर वृताधिकारी सलेह मोहम्मद, मेहन्दवास थानाधिकारी नियाज मोहम्मद, सदर थानाधिकारी बृजमोहन कविया सहित पुलिस का जाप्ता तैनात रहा।

# पारिवारिक कलह के चलते पति-पत्नी और दो बच्चियों ने जहर खाया

## गंभीर हालात में चारों को उपचार के लिए अजमेर रैफर किया


मेड़ता में घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

■ परिवार के चारों सदस्यों ने लिक्विड पॉइजन का सेवन किया था

**नागौर, (निसं)।** नागौर जिले के मेड़ता में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर हालात में पति-पत्नी और बच्चों को उपचार के लिए अजमेर रैफर किया है।

जानकारी के अनुसार नागौर जिले के मेड़ता कस्बे में सिरियो के मोहल्ले में रविवार को एक ही परिवार के चार सदस्यों (पति-पत्नी और दो बच्चियों) ने ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की। गंभीर हालात में चारों को उपचार हेतु अजमेर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार पारिवारिक कलह के चलते चारों ने जहर खाया। सूचना मिलने पर मेड़ता पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इधर पुलिस जांच में जुट गई है। मामला रविवार सुबह करीब 8.30 बजे का है। जब मेड़ता में एक ही परिवार के 4 सदस्यों ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या की कोशिश की। परिवार में पति-पत्नी और दो पुत्रियों को सुबह नौ बजे मेड़ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद गंभीर अवस्था में अजमेर रेफर किया गया। परिवार के चारों सदस्यों ने लिक्विड पॉइजन का सेवन किया था।

**जमीन के बंटवारे का है विवाद :-** जानकारी के अनुसार प्रारम्भिक तौर पर भाईयों के जमीन के बंटवारे के विवाद को लेकर अवसाद में आकर परिवार के चारों सदस्यों ने यह बड़ा कदम उठाया है। बताया जा रहा है कि खेतों में छिड़काव करने वाली विषाक्त आर्गोनो फॉस्फोरस की दो शीशियां घटनास्थल पर मिली हैं। मेड़ता के सिरियो के दामावतों के मोहल्ले में रहने वाले कैलाशचंद (45 वर्ष) पुत्र मांगीलाल, उसकी पत्नी उर्मिला (42 वर्ष), विशाका (21 वर्ष) पुत्री कैलाशचंद, कृष्णा (18 वर्ष) पुत्र कैलाशचंद ने विषाक्त पदार्थ का सेवन किया है।

घटना की सूचना के बाद पुलिस उप अधीक्षक नूर मोहम्मद सहित जाप्ता मौके पर पहुंच गए। एक हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल बयान के लिए अजमेर रवाना किए गए हैं। चिकित्सकों के अनुसार इस विषाक्त का असर कुछ घंटों बाद दिखाई देता हैं, इसलिए जहर का प्रभाव अधिक होने से पहले उपचार करने के लिए अजमेर रेफर किया गया। परिजन दो शीशी साथ लेकर आए थे, जिसके आधार पर विषाक्त का पता लगा है। पति-पत्नी एवं दोनों पुत्रियों का अजमेर के राजकीय चिकित्सालय में इलाज जारी है।

# नाबालिग दलित स्कूली छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

## बदहवास हालत में छात्रा को सुनसान रास्ते पर छोड़कर हुए फरार

■ स्कूल से परीक्षा देने के बाद लौटते समय किया था अगवा

**लालसोट/मंडावरी, (निसं)।** थाना क्षेत्र की एक आठवीं कक्षा की दलित नाबालिक स्कूली छात्रा को परीक्षा देने के बाद घर लौटते वक्त बाइक सवार दो युवकों द्वारा अगवा कर दूरस्थ जगह ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता दलित नाबालिग के पिता द्वारा इस वारदात को लेकर मंडावरी थाने में सुरेश कुमार सहित दो लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया है। जहां पर मंडावरी थाना पुलिस द्वारा पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी करने के लिए दो पुलिस टीमों का गठन किया गया है। पुलिस टीम में विभिन्न संभावित जगह पर दबिश दे रही है। मिली जानकारी के अनुसार साढे तेरह साल की आठवीं क्लास की दलित नाबालिग छात्रा 14 दिसंबर को समय साढे 12 बजे परीक्षा खत्म होने के बाद घर के लिए लौट रही थी। इस समय रास्ते में दो युवकों द्वारा नाबालिग छात्रा को जबरन मोटरसाइकिल पर बिठा लिया। पीड़ित नाबालिग छात्रा ने एक की पहचान सुरेश कुमार के रूप में की एवं दूसरे युवक को पहचान नहीं पाई है। इसके बाद छात्रा को मोटरसाइकिल पर बैठ कर दो युवक मलारना डूंगर थाना क्षेत्र के सुनसान इलाके में एक मकान पर ले गए। छात्रा को करीब 12:30 बजे मंडावरी थाना क्षेत्र के एक स्कूल के नजदीक से अगवा किया एवं करीब 8 घंटे पीड़िता को दोनों युवक मोटरसाइकिल पर बैठ कर 8 घंटे सड़कों पर घूमते रहे। साढे आठ बजे सुनसान जगह एक मकान पर लेकर पहुंचे। पीड़ित छात्रा को सुनसान जगह मकान पर एक कमरे में ले जाया गया जहां पर पीड़िता को कुछ सुंघाने के बाद वह बेहोश हो गई। इसके बाद सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़िता छात्रा को रात्रि में करीब डेढ़ बजे होश आया। इसके बाद छात्रा को 15 दिसंबर को दोपहर करीब दो लोग मोटरसाइकिल से मलारना डूंगर थाना क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप के पास छोड़ गए। पूरे मामले की जांच दोसा जिले के नागल राजावतान डिप्टी एसपी अधिकारी मानाराम गर्ग कर रहे हैं।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** स्कूली छात्रा का अपहरण कर बंधक बना दुष्कर्म करने वाले छात्र के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने विधी से संघर्षरत बाल अपचारी आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि 11 दिसंबर को मैं स्कूल से घर लौट रही थी। इस दौरान बाइक लेकर आया आरोपी मुझे बाइक पर बैठा अपहरण कर एक मकान पर ले गया। जहां तीन दिन बंधक बनाए रखा तथा मेरे साथ दुष्कर्म किया। मौका मिलने पर आरोपी के चंगुल से निकल कर घर पहुंच कर परिजनों को आपबीती बता पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। इस मामले की जांच खेरवाड़ा थानाधिकारी एसआई देवेन्द्रसिंह कर रहे है।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, पत्नी की मौत, पति घायल

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शाहपुरा के बनेड़ा थाना इलाके से गुजरने वाले जयपुर-कांकरोली मेगा हाईवे सड़क मार्ग पर सरदार नगर में एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार राजेन्द्र सिंह की पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई तथा पति राजेंद्र सिंह गंभीर घायल हो गये। घायल अवस्था में राजेंद्र सिंह को भीलवाड़ा पहुंचाया गया।

जानकारी अनुसार बामनिया निवासी राजेंद्र सिंह अपनी पत्नी विष्णु कंवर (50 वर्ष) के साथ बाईक से बामनिया से भीलवाड़ा जा रहे थे कि शाहपुरा की तरफ से आ रहे ट्रक ने सरदार नगर उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास पीछे से बाइक को टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक से उछल कर विष्णु कंवर व राजेंद्र सिंह नीचे गिर गए। हादसे में विष्णु कांवर के ज्यादा चोट लग जाने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायलअवस्था में राजेंद्र सिंह को भीलवाड़ा चिकित्सालय पहुंचाया गया। देखते ही देखते लोग एकत्रित हो गए, सूचना मिलते ही शाहपुरा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल, उपखंड अधिकारी नेहा छिपा थानाधिकारी पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। देखते देखते लोगों ने सड़क मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन कर मुआवजे की मांग करने लगे।

# शिक्षा निदेशालय ने डेपुटेशन रद्द किए


## शिक्षक-कंप्यूटर अनुदेशक होंगे रिलीव, मची खलबली

■ कंप्यूटर अनुदेशकों की प्रतिनियुक्ति की वजह से स्कूलों में लैबों का संचालन प्रभावित हो रहा है

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** राज्य में सत्ता बदलने और नई सरकार के कामकाज संभालने के साथ ही प्रभाव अब दिखना शुरू चुका है। माध्यमिक व प्रारम्भिक शिक्षा विभाग और शिक्षा निदेशालय में वर्षों से प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों तथा शिक्षकों को रिलीव करने के आदेश जारी हुए हैं। श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ जिले में स्थिति इसके विपरीत है। यहां पर ऐसे बहुत से शिक्षक और कंप्यूटर अनुदेशक हैं जो विभिन्न सरकारी कार्यालयों में लंबे समय से प्रतिनियुक्ति पर जमे हैं। श्रीगंगानगर जिले में विभिन्न शिक्षक, कंप्यूटर अनुदेशक जिला परिषद, पंचायत समिति कार्यालय, एसडीएम ऑफिस, सांख्यिकी विभाग कार्यालय सहित अन्य विभागों में लंबे समय से कार्य व्यवस्था के नाम पर बैठे हैं। कंप्यूटर अनुदेशकों की प्रतिनियुक्ति की वजह से स्कूलों में लैबों का संचालन प्रभावित हो रहा है। कई स्कूलों में शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर हैं। अध्यापकों की कमी के विरोध में कई जगह ग्रामीण तालाबंदी तक कर चुके हैं।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा विभाग, श्रीगंगानगर पन्ना लाल कड़ेला ने बताया कि, प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग में कोई कार्मिक प्रतिनियुक्ति पर है तो इसकी सूचना सोमवार को मंगवाकर इसे निरस्त किया जाएगा। कहीं पर अध्यापक नहीं है तो वो वहां पर कार्य व्यवस्था के लिए आस-पड़ोस के स्कूल से शिक्षक लगाया जाएगा। यह आदेश माध्यमिक व प्रारंभिक शिक्षा के साथ ही पंजीयक कार्यालय में कार्य व्यवस्था पर लगे सभी कार्मिकों पर लागू होगा। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय माध्यमिक-प्रारंभिक शिक्षा के साथ पंजीयक कार्यालय में भी बड़ी संख्या में कर्मचारियों-शिक्षकों को स्कूलों से लाकर लगाया गया था। निदेशालय के स्टाफ ऑफिसर ने सभी अनुभाग प्रभारियों से कहा है कि यदि अनुभाग में कर्मचारी की आवश्यकता है, तो इसके लिए निदेशक से अनुमति लेकर ही रखा जा सकेगा। इस आदेश के कारण प्रतिनियुक्ति पर लगे कर्मियों में खलबली मची है।

# रणथम्भौर में वृद्ध बाघिन व युवा बाघ में बढ़ रहा स्नेह


वृद्ध बाघिन व युवा बाघ में बढ़ रहे स्नेह को देख पर्यटक अचंभित हैं।

■ दोनों को कई बार एक साथ विचरण करते देखा गया

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** सवाई माधोपुर रणथंभौर नेशनल टाइगर पार्क के जोन नंबर एक व 6 पर एक वृद्ध बाघिन व युवा बाघ में बढ़ रहे स्नेह को देखकर पर्यटक अचंभित हैं।

पर्यटकों ने अनेकों फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर डालकर आमजन का भी ध्यान इस और आकर्षित किया है। इन दोनों को 1 वर्ष से अनेकों बार एक साथ देखा गया है जबकि बाघ, बाघिन अगर एक दूसरे को लाइक नहीं करते हैं तो वह उनके नजदीक किसी भी हालत में नहीं जाते हैं लेकिन उनकी नजदीकियों से पर्यटकों व आमजन को यह पूरा आभास हो गया है किन दोनों के बीच स्नेह बढ़ रहा है दोनों एक वर्ष से बाघिन टी-39 नूर एवं बाघ टी-101 को कई बार एक साथ देखा जा चुका है लेकिन गत 3 दिन से अक्सर यह पर्यटकों को दोनों एक साथ नजर आ रहे हैं। बाघिन टी -39नूर की उम्र करीब 17 वर्ष है जो कि अपनी वृद्धावस्था में चल रही है। बाघ, बाघिन की उम्र मात्र 20 से 22 वर्ष तक की होती है एवं जिस बाघ टी- 101 को बाघिन के साथ देखा जा रहा है वह अपने पूर्ण यौवन मात्र 9 वर्ष की उम्र का है। दोनों को अनेकों बार जॉन नंबर एक व छह में विचरण करते देखा जा चुका है। दोनों का स्नेह पर्यटकों को रोमांचित कर रहा है।

# मकान मालिक को कमरे में बंद कर लाखों की डकैती

## 50 तोला सोना, चार किलो चांदी और 4.50 लाख नगदी ले गए बदमाश, पड़ौसियों के भी गेट बंद किये

**रूपवास, (निसं)।** गहनौली थाना इलाके में 8 से 10 बदमाशों ने एक मकान में डकैती की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों के मकान मालिक और उसकी पत्नी को कमरे में बंद कर दिया और घर से 50 तोला सोना, 4 किलो चांदी 4 लाख 50 हजार रुपये लूटकर के गए। बदमाशों ने वारदात के दौरान पड़ोसियों के गेट को भी बंद कर दिया। घटना कांदौली गांव की है।

मकान मालिक सुभाष ने बताया कि, वह रात को अपनी पत्नी सुमन के साथ घर में सो रहा था। रात करीब 12 बजकर 30 मिनट पर वह पानी पीने के लिए उठा, तब तक सब ठीक था। पानी पीने के बाद वह कमरे में जाकर सो गया। उसके घर का एक गेट रात को खुला रह गया था। वहां से कुछ बदमाश घर में घुसे और दूसरे कमरे में रखे गोदरेज की अलमारी का ताला तोड़ दिया। जिसमें से बदमाश 50 तोला सोना, 4 किलो चांदी और 4 लाख 50 हजार लूट कर ले गए।

**सोते समय मकान मालिक को किया कमरे में बंदः-** जब सुबह के समय सुभाष और उसकी पत्नी उठे तो कमरे का गेट बाहर से बंद था। जिसके बाद सुभाष ने अपने भाई को फोन कर उठाया और गेट को खुलवाया। तब उसने देखा तो उसके घर का सामान बिखरा हुआ था।

गोदरेज की अलमारी में रखे नकदी और जेवर गायब थे। उसने घटना के बारे में आसपास के लोगों को बताया तो, पता लगा सुभाष के सामने रहने वाले पड़ौसी के गेट की भी कोई कुंडी लगा कर चला गया था। घटना की सूचना सुभाष ने तुरंत गहनौली थाने को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, और छानबीन की, फिलहाल पुलिस चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है।

# बैंक से नौ करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने वाले दो जने गिरफ्तार

■ बैंक के क्रेडिट कार्ड धारकों ने बैंक सर्वर को हैक कर ऑनलाइन अपने रुपए जमा बताकर बैंक से नगद पैसे निकाले थे

■ मामले में जोधपुर साइबर थाना, जोधपुर पुलिस ने पहले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था, दो जनों की पुलिस को तलाश थी।

**जोधपुर, (कासं)।** आरबीएल बैंक से 9 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी आरोपी हिमांशु प्रजापत (22) व सचिन राठौड़ (26) को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को सीआईडी सीबी हैडक्वाटर की सूचना पर जोधपुर की साइबर सेल थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि अगस्त महीने में जोधपुर के साइबर थाना में नौ करोड़ रुपए की साइबर ठगी के संबंध में मुकदमा दर्ज हुआ था। बैंक के क्रेडिट कार्ड धारकों ने बैंक सर्वर को हैक कर ऑनलाइन अपने रुपए जमा बताकर बैंक से नगद पैसे निकाले थे। मामले में जोधपुर साइबर थाना पुलिस जोधपुर द्वारा ने पहले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में हिमांशु व सचिन राठौड़ की पुलिस को तलाश थी।

**यह है मामलाः-** आरबीएल बैंक लिमिटेड जयपुर के सहायक उप प्रबंधक निखिल पुरोहित ने साइबर थाना जोधपुर में 29 अगस्त 2023 को एक रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि मसूरिया कॉलोनी शास्त्री नगर में उनकी बैंक की शाखा है। बैंक के कुछ क्रेडिट कार्ड धारकों ने कुछ व्यापारियों के साथ मिलीभगत कर 9 करोड रुपए की ठगी की है। कार्ड धारकों व अन्य ने धोखाधड़ी करने के लिए पूर्व नियोजित उद्देश्य के साथ बैंक सर्वर से छेड़छाड़ कर कंप्यूटर सिस्टम या कंप्यूटर नेटवर्क को हैक कर साइबर ठगी की है। ठगी का यह कार्य जुलाई से 16 अगस्त 2023 तक किया गया है। आरोपी राशि का भुगतान करने से मना कर रहे हैं। बैंक द्वारा संपर्क करने पर बैंक के अधिकारियों को गंभीर परिणाम करने की धमकी दी है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने के आरोप में पांच जने गिरफ्तार

## राजकार्य में बाधा पहुंचाने का मामला हुआ दर्ज, कोर्ट ने सभी को भेजा जेल


पुलिस ने राजमार्ग जाम करने के आरोप में युवकों को गिरफ्तार किया।

**बामनवास, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र में पुलिस पर गलत बर्ताव का आरोप लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करना पांच लोगों को भारी पड़ गया। बार-बार समझाईस के बाद भी राजमार्ग पर जाम लगा कर हंगामा करने के चलते पांच युवकों को जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा मिले निर्देशों पर गठित एक पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

थानाधिकारी हवा सिंह मंगवानी जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले को लेकर पुलिस टीम में सहायक उप निरीक्षक अब्दुल खलिक, सहायक उप निरीक्षक हरसुख, रामावतार, हैड कांस्टेबल हनुमान सिंह, कांस्टेबल मानसिंह, महावीर सिंह, जितेंद्र सिंह, मुकुट बिहारी, हरिमोहन, वीरेंद्र सिंह एवं महिला कांस्टेबल गीता शामिल किया गया था। जहां पुलिस टीम ने कारवाई कर शनिवार शाम को राष्ट्रीय राजमार्ग 23 सीतोड़ भट्टे पर जाम लगाने के आरोप में पांच जनों को गिरफ्तार किया है। वहीं उनके खिलाफ राजकार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी हवा सिंह मंगावा के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने के आरोप में अनंत पुत्र नेमीचंद मीणा निवासी बड़ीला, कुंजीलाल पुत्र रामस्वरूप मीणा निवासी ठीकरिया, लेखराज पुत्र किशोरी लाल मीणा निवासी बड़ीला, महेंद्र पुत्र कलुआराम योगी निवासी उदेई खुर्द पुलिस थाना पीलोदा तथा महेंद्र पुत्र रामकेश गुर्जर निवासी देहरी पुलिस थाना बाटोदा को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी मंगवाने बताया कि सभी पांचों आरोपियों को रविवार को अवकाश कालीन न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया जहां पर न्यायाधीश द्वारा सभी पांच आरोपियों को जेल भिजवा दिया।

### महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी

**बीकानेर, (निसं)।** अश्लील वीडियो बनाकर उसको परेशान करने से परेशान महिला ने सुसाइड कर लिया। मामला नोखा थाना क्षेत्र का है। मृतका के भाई ने आरोपी के खिलाफ इस आशय की रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि करीब एक साल से सुरेश पुत्र महीराम का उसकी बहन के घर आना-जाना था।

दो-तीन माह से उसकी बहन गुमशुम व उदास रहने लगी। बहन से उदास होने का कारण पूछा, तो उसने बताया कि आरोपी सुरेश ने उसके अश्लील वीडियो बना लिए है और उससे अवैध संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। उसने ऐसा करने से मना किया, तो वह वीडियो वायरल करने की धमकी देता है। इस मामले में पंच-पंचायती की गई, तो आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार कर भविष्य में उसे परेशान नहीं करने का आश्वासन दिया। बदनामी के डर से उन्होंने कोई कानूनी कार्यवाही भी नहीं की। अब पिछले कुछ दिनों से आरोपी सुरेश फिर से उसकी बहन को अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा, जिससे उसकी बहन सदमे में आ गई। शनिवार को आरोपी ने फिर से उसकी बहन को अवैध संबंध बनाने के लिए मजबूर किया, तो उसने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। इससे पूर्व शुक्रवार को उसकी बहन बिना बताए घर से निकल गई थी। उसकी काफी तलाश करने पर नहीं मिली और शनिवार को सूचना मिली कि उसने ट्रेन के आगे आकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# दसवीं बोर्ड अर्द्धवार्षिक परीक्षा का पेपर सोशल मीडिया पर वायरल

## दिनभर रही शहर में पेपर आउट की चर्चा, विभाग के अधिकारियों ने की बैठक

■ सोमवार को होने वाले पेपर आउट होने की पुष्टि नहीं हुई

■ सोमवार को पेपर खोलने के बाद ही सही और गलत का खुलेगा राज

**सादुलपुर, (निसं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हो रही अर्धवार्षिक परीक्षा में कक्षा दसवीं का सोमवार को सामाजिक विज्ञान का होने वाला पेपर वायरल होने पर पेपर आउट होने की शहर में चर्चा दिनभर जोरों पर रही। ज्ञात रहे कि कक्षा 10 वीं का सामाजिक विज्ञान का पेपर सोमवार 18 दिसम्बर 2023 को होना है। लेकिन परीक्षा शुरू होने के एक दिन पहले ही रविवार को पेपर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसको लेकर शिक्षा विभाग में हडकम्प मंच हुआ है।

इस संबंध में विभाग के संबन्धित अधिकारियों और नोडल अधिकारियों ने बताया कि कक्षा 10 वीं के सोशल मीडिया पर पेपर वायरल होने की शहर में चर्चा चल रही है। लेकिन इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि पेपर वाट्सएप पर कहां से लीक हुआ है तथा सोमवार को होने वाला पेपर होने के बाद ही वास्तविक स्थिति का खुलासा हो सकेगा।

सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले पेपर पर साफ लिखा हुआ है कि अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2023-24 सामाजिक विज्ञान, जिसको असली पेपर मानकर सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। इस संबंध में शहर के अनेक लोगों और अभिभावकों ने बताया कि अगर सोमवार को होने वाला जो वायरल हो रहा है वहीं पेपर है, तो यह विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड होगा तथा शिक्षा विभाग की बडी चूक भी होगी।

इस संबंध में नोडल अधिकारी तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ जिला चूरू के संस्था प्रधान सुरेंद्र सिंह पूनियां ने बताया कि विभाग की ओर से जारी पेपर सुरक्षित ओर सील है तथा आलमारी में रखे पेपर को आधा घण्टे पहले परीक्षा प्रभारी तथा मौजूद प्रधानाध्यापक की उपस्थिति में खोला जाता है। तथा पेपर लीक होना संभव नहीं है।

**यह पेपर हो रहा है वायरलः-** 11 दिसंबर से दसवीं कक्षा के अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू हुई थी, अब तक अंग्रेजी हिंदी साइंस और गणित की परीक्षा हो चुकी है तथा 18 दिसंबर 2023 को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी, इससे पहले ही सोशल मीडिया पर एक पेपर वायरल हो रहा है। पेपर पर अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2023-24 लिखा हुआ है, पेपर में दो पेज हैं, पहले पेज पर केवल विकल्प प्रश्न है तथा दूसरे पेज पर कुल 20 प्रश्न हैं, हालांकि पहले पेज पर कुल प्रश्नों की संख्या 13 लिखी गई है।

बब्लेश शर्मा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सादुलपुर जिला चूरू का कहना है कि जो पेपर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। उसे अभी आउट नहीं मान सकते। क्योंकि यह पेपर सोमवार को होना है तथा पेपर खोले जाने के बाद ही वास्तविक स्थिति का खुलासा हो सकेगा। पेपर वायरल सादुलपुर से नहीं है, सादुलपुर क्षेत्र के बाहर से हो सकता है। जिसकी जाँच की जा रही है तथा जाँच के बाद ही विभाग की ओर से कार्रवाई होगी

वहीं इस संबन्ध में शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में लिखा गया है कि समान परीक्षा चूरू के अन्तर्गत अर्द्धवार्षिक परीक्षा दिसम्बर 2023 के दिनांक 18.12.2023 वार सोमवार को द्वितीय पारी में आयोजित विषय सामाजिक विज्ञान कक्षा 10 के प्रश्न पत्र यूसीईईओ/पीईईओ / संस्था प्रधान विद्यालयों में सुरक्षित रखें गये है। उक्त प्रश्न पत्र फर्स्ट इंडिया न्यूज चैनल तथा अन्य वाटसअप ग्रुपो पर वायरल हो रहा है। आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने क्षेत्राधीन अन्तर्गत आने वाले यूसीईईओ/पीईईओ / संस्था प्रधान विद्यालयों में रखे गये सभी प्रश्न पत्रों की सुरक्षा की समुचित जाँच करना सुनिश्चित करें, किसी भी प्रकार की नकारात्मक स्थिति सामने आने पर तत्काल अध्यक्ष एवं जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा चूरू को अवगत करावें।

## संक्षिप्त

### भाजपा की बैठक आयोजित

**टोंक।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा द्वारा टोंक देहात मंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बूथ सत्यापन कार्य किया गया तथा बूथ सत्यापन में नए मतदाता के नाम जोड़ने व जिनके नाम कट चुके थे, उनके नाम वापस जुड़वाने का काम किया जा रहा है। देहात मंडल अध्यक्ष धोलू गुर्जर ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत को लेकर भाजपा देहात मंडल की बैठक ली गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराणा, देहात मण्डल अध्यक्ष धोलू गुर्जर, मंडल उपाध्यक्ष चौथमल जाट,रामभरोस केवट, चुन्ना ,मुन्ना, कमलेश यादव, गणेश सैनी, शिवराज गोरा, रोबिन चावला सहित अन्य मौजूद रहे।

### विवाह सम्मेलन 14 फरवरी को

**मालपुरा** (निस) आचार्य इन्द्र नन्दी महाराज के पावन सानिध्य में अग्रवाल सेवा सदन डिग्गी में रविवार को हुई बैठक में मुनि सेवा समिति का गठन कर जल्द 23 वा सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किये जाने का निर्णय लिया। अग्रवाल समाज आमचौरासी के मुख्य संरक्षक हुकम चन्द जैन ने बताया कि अग्रवाल सेवा सदन डिग्गी क्षेत्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को लेकर जैन संतो का विहार करते हुए मंगल प्रवेश होते रहते है ऐसे में मुनि सेवा समिति का गठन मील का पत्थर साबित होगा। बैठक में मंत्री विनोद नेवटा, संरक्षक त्रिलोक चन्द जैन, पूर्व प्रधान सुकुमार झण्डा फागी, पवन जैन, वर्षा योग समिति के कार्यकारी अध्यक्ष ताराचन्द जैन, पदमचन्द लावा, सहित बडी संख्या में जैन समाजबंधु मोजूद रहे।

### दुकान में लगी आग

**मालपुरा** (निस) शहर के ज्योती मार्केट स्थित अग्रवाल ज्वेलर्स की दुकान में शोर्ट सर्किट से लगी आग में जला एसी व फर्नीचर। मिली जानकारी अनुसार शनिवार की देर शाम दुकान मंगल कर जाने के पश्चात अचानक शोर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग का पता दुकान से निकली धुआ व जलने की बदबु से पडोसियों को लगने पर तत्काल दुकान मालिक मनिष जैन डेठाणी वाले को बुलाया।

# दो दुकानों व मकान से लाखों रुपए के सामान व गहने चोरी

**दौसा** । जिला मुख्यालय एवं रामगढ़ पचवारा उपखंड के राहुवास में अज्ञात चोर नकबजनों द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए लाखों रुपए के समान सहित कीमती जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर फरार होने में कामयाब रहे।

एक वारदात जिला मुख्यालय के नया कटला स्थित दो दुकानों को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया इसी तरह रामगढ़ पचवारा उपखंड के रहा तहसील मुख्यालय पर अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना

- **संदूक से कपड़े व कीमती सामान चोरी कर खेतों में छोड़ फरार हो गये**

बनाते हुए वहां रखे सोने चांदी के कीमती आभूषण सहित करीब एक लाख की नकदी को पार कर लिया गया। रामगढ़ पचवारा उपखंड क्षेत्र के राहुवास थाना अंतर्गत मोहनपुरा गांव की तलाई वाली ढाणी में शनिवार रात को चोरों ने एक मकान पर धावा बोल दिया। चोरों ने घर से एक लाख रुपए की नगदी व करीब डेढ़ लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात चुराए हैं। वही चोरों मकान में रखे लोहे के बक्सों को पास में ही खेतों में ले जाकर तोड़कर उनके अंदर से कीमती कपडे भी चुरा कर ले गए। सूचना पर राहुवास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। चोरी की घटना से पीड़ित संतोष कुमार शर्मा ने थाने में रिपोर्ट देते हुए बताया कि शनिवार रात को उसके मकान से अज्ञात चोरों ने लोहे के बक्से में रखे सोने चांदी के आभूषण व 1 लाख रुपए की नकदी चोरी की है। वहीं कीमती कपड़े भी ले गए। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनास्थल का मौका मुआयना कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। राहुवास थाना प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि मोहनपुरा गांव की तलाई वाली ढाणी में संतोष कुमार के मकान में चोरी हुई है। जिसे लेकर मामला दर्ज कर मौका मुआयना कर चोरों की तलाश के लिए टीम का गठन किया जा चुका है। जल्द ही चोरों को पकड़ कर माल बरामद किया जाएगा। दौसा जिला मुख्यालय पर नया कटला स्थित दो दुकानों में बीती रात चोरी का मामला सामने आया है। हालांकि एक दुकान में नकदी नहीं मिलने से बड़ा नुकसान होने से बच गया, लेकिन दूसरी दुकान से दो लाख से ज्यादा की नकदी पार करने में चोर कामयाब हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली थाना पुलिस ने मौका मुआयना कर पीड़ित व्यापारी से घटनाक्रम की जानकारी ली।



दौसा जिले के राहुवास थाना क्षेत्र में चोरी के बाद खेतों में पड़ा पीड़ित का बक्से में रखा सामान।

### भारत संकल्प यात्रा शिविर का निरीक्षण

**टोंक।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले में लगाए जा रहे कैंपों का निरीक्षण जिला प्रमुख सरोज बंसल द्वारा किया गया। सबसे पहले नगरफोर्ट में आयोजित कैंप का निरीक्षण किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, कृषि विभाग की योजना, समाज कल्याण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग राजीविका, सहकारिता, पशुपालन विभाग, जलदाय विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अवलोकन जनप्रतिनिधियों द्वारा द्वारा किया गया। सांसद एवं जिला प्रमुख द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में दिए जाने वाले लाभ के बारे में तथा कैंप में किए गए रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसी प्रकार कृषि विभाग की योजनाओं के अवलोकन के समय संयुक्त निदेशक, कृषि के के मंगल एवं उनकी टीम ने योजना की संपूर्ण जानकारी दी एवं नैनो यूरिया की उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा बताया कि इसके उपयोग से डीएपी खाद का उपयोग कम करना पड़ेगा एवं प्रदूषण भी कम होगा । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों ने बताया कि की टीबी बीमारी की जानकारी हेतु घर-घर सैंपल लिए जा रहे हैं ताकि हमारे देश टीबी मुक्त हो सके, इसी प्रकार सहकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग द्वारा ब्याज मुक्त ऋण किसानों को दिया जाता है।

### वरिष्ठजनों का सम्मान

**फागी।** परिक्षैत्र में पेंशनर दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। माधोराजपुरा कस्बे मेआयोजित इस सम्मान समारोह को पेंशनर समाज उपष्शाखा माधोराजपुरा के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर थानाधिकारी माधोराजपुरा हरेन्द्र सिंह विशिष्ठ अतिथि मुकेश यादव हेल्प एज इण्डिया रहे जबकि अध्यक्षता जिला जयपुर ग्रामीण महासचिव ओमप्रकाश हरित ने की। इस अवसर पर 75 वर्ष पूर्ण कर चुके पेंशनर्स का पदप्रक्षालन एवं चंदन तिलक लगा पुष्प अर्पित कर अभिवादन किया गया। हेल्प एज इण्डिया के मुकेश यादव एवं माधोराजपुरा थानाधिकारी हरेन्द्र सिंह ने साइबर क्राइम पर विस्तृत जानकारी दी साथ ही इस क्राइम से बचाव हेतु बुकलेट वितरित की गई।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरु

**दूदू।** भारत सरकार की जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं से वंचित रहे परिवारों को लाभान्वित करने की मंशा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिला मुख्यालय दूदू से शुभारंभ किया गया ।

रविवार को उपखंड मुख्यालय मोजमाबाद मैं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल प्रांगण में स्वागत किया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी हेमंत कुमार ने आमजन से कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं से वंचित परिवार अपना पंजीकरण करवा कर लाभान्वित होने का प्रयास करें कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं हैं वंचित रे परिवारों को सभी कर्मचारी जनप्रतिनिधि अपना दायित्व निभाकर लाभान्वित करवाने का प्रयास करें इस अवसर पर प्रधान उगनता सुकरिय उप प्रधान रामधन अहलावत

- **जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं से वंचित रहे परिवारों को लाभान्वित करने की मंशा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू की है विकसित भारत संकल्प यात्रा**

पंचायत समिति सदस्य सुवालाल गुर्जर मंडल अध्यक्ष बिरदी चन्द अहलावत सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित रहे परिवारों का पंजीकरण किया गयादूदू भारत सरकार की जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं से वंचित रहे परिवारों को लाभान्वित करने की मंशा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिला मुख्यालय दूदू से शुभारंभ किया गया के बाद रविवार को उपखंड मुख्यालय मोजमाबाद मैं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल प्रांगण में स्वागत किया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी हेमंत कुमार ने आमजन से कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं से वंचित परिवार अपना पंजीकरण करवा कर लाभान्वित होने का प्रयास करें कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं हैं वंचित रे परिवारों को सभी कर्मचारी जनप्रतिनिधि अपना दायित्व निभाकर लाभान्वित करवाने का प्रयास करें इस अवसर पर प्रधान उगनता सुकरिय उप प्रधान रामधन अहलावत पंचायत समिति सदस्य सुवालाल गुर्जर मंडल अध्यक्ष बिरदी चन्द अहलावत सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

### समिति की बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** स्थानीय नगर परिषद पार्क में रविवार को मेघवाल विकास समिति की बैठक समिति अध्यक्ष छोटे लाल सामरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बिन्दूओं पर चर्चा कर निर्णय लिये गये।

इस दौरान निर्माणाधीन महिला मेघवाल छात्रावास में पीछे के कोने में खाली पड़े डण्डे के निर्माण हेतु नगर परिषद एईएन से मिलकर उसे पूर्ण करवाने, छात्रावास निर्माण हेतु बनवाये गये नजरी नक्शों पर विचार विमर्श कर नक्शा - 2 पर सहमति जताई गई। साथ ही शौचालय व स्नान घर पूर्व दिशा में बनवाने का निर्णय लिया गया। प्रो. लक्ष्मण यादव को पद से हटाये जाने के विरूद्ध राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे जाने का निर्णय लिया गया। आगामी बैठक में जिला कार्यकारिणी व अध्यक्ष के गठन हेतु चर्चा की गई।

## सार-समाचार

### अखंड राम ज्योति पदयात्रा दूदू पहुंची



**दूदू** । गुजरात, वडनगर से प्रारंभ हुई अयोध्या अखंड राम ज्योति पदयात्रा के रविवार को दूदू शरह में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार 27 नवंबर 2023 को गुजरात के वडनगर से प्रारंभ हुई अखंड राम ज्योति पदयात्रा रविवार को 21 दिन बाद दूदू शहर पहुंची। पदयात्रा का सर्व हिंदू समाज व सभी संगठनों की और से शहर के मुख्य चौराहे पर पुलिया के नीचे स्वागत किया गया। यह पदयात्रा 41 दिन में 1240 किलोमीटर का सफर करते हुए 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी। अखंड रामज्योति का दूदू पहुँचने जगह -जगह पुष्प वर्षा की गई साथ ही श्री राम के जयकारे से दूदू शहर गुंजायमान हो गया। पदयात्रा मे शामिल रामभक्तो का माला व भगवा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान दिलीप कुमावत ,नानूराम धाभाई, पुरुषोत्तम स्वामी तरूण कुमावत,अमित शर्मा , हेमराज स्वामी, राजेंद्र गोरा, राहुल स्वामी ,सतपाल खारोल, जीतू गौरा, राहुल स्वामी , नीतांशु नाहर, संजय मेहता, राहुल शर्मा,अटल सिंह सहित शहरवासियों ने यात्रा का स्वागत किया। संबंधित विजुअलअयोध्या अखंड राम ज्योति पदयात्रा दूदू पहुंचने पर स्वागत किया।

### विधायक पटेल का स्वागत

**कोटपूतली।** नवनिर्वाचित विधायक हंसराज पटेल का विभिन्न वर्गो व जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत का दौर लगातार जारी है। रविवार को जहां पटेल ने कांवरनगर स्थित अपने कार्यालय पर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी बधाईयां स्वीकार की। वहीं आमजन की समस्यायें सुनकर उचित समाधान का भरोसा भी दिलाया। पटेल का विभिन्न संगठनों की ओर से माला व साफा पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। गुर्जर अधिकारी कर्मचारी महासंघ की ओर से उन्हें संरक्षक पुष्करमल रावत के नेतृत्व में विधायक बनने पर शुभकामनायें व बधाईयां दी गई। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष महिपाल सराधना, उपाध्यक्ष राजेन्द्र गोलिया, संगठन महासचिव राजेश भरगड़, सुभाष रावत, बुधराम गुर्जर, महेन्द्र रावत, राकेश गुर्जर, रामनिवास, रामेश्वर कसाना आदि मौजूद थे। इसी प्रकार गुर्जर कर्मचारी परिषद् की ओर से जगराम गुर्जर, ओमप्रकाश चनेजा, सतीश सराधना, मुरलीराम गुर्जर, बाबूलाल कसाना समेत अन्य ने पटेल का साफा पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

### समितियों का गठन

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम राजनौता में रविवार को आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर समितियों का गठन किया गया। श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा आनंद उत्सव समिति के संयोजक चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि समिति के नेतृत्व में सभी सामाजिक संस्थाओं व राम भक्तों की टोलियां घर-घर जाकर अयोध्या से आये पूजित पीले अक्षत करपत्रक एवं श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का चित्र वितरण कर 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा आनंद उत्सव को अपने गांव के मंदिर में आकर लाईव देखने का आग्रह करेगें। बजरंग दल जिला संयोजक नेमीचन्द हिंदू, प्रताप सिंह, पृथ्वी सिंह, बहादुर सिंह, पवन शर्मा, सुमेर सिंह, बजरंग सिंह, उदयवीर सिंह, नरपत सिंह, समुद्र, राजकुमार, लक्ष्मण, गिरवर, मदन, मूल सिंह, भीम सिंह, जय सिंह, रोशन, रणवीर, विक्रम, बिशन सिंह समेत युवाओं ने 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर घर-घर पीले चावल वितरण कर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को यादगार बनाने का संकल्प लिया।

### शाहपुर में जुली का भव्य स्वागत

**अलवर।** ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली का अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव शाहपुर में भीम युवा शक्ति द्वारा धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बड़ी संख्या में युवाओं ने जूली का साफा व माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। सरपंच पूरण गुर्जर ने बताया कि अलवर की राजनीति के इतिहास का मिथक तोड़ते हुए मंत्री पद पर रहते हुए जूली ने ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से ऐतिहासिक जीत हासिल की है, उनकी इस सफलता पर ग्रामीणों में काफी जोश है।उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक जीत के लिए आज सर्व समाज के लोगों ने एकत्रित होकर जाटव मोहल्ले में जूली का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

### आरोपी गिरफ्तार

**दूदू** । दूदू जिले के अधीन गांव में पीड़िता उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर पीड़िता के साथ बलात्कार करने के प्रकरण में रविवार को दर्ज प्रकरण के बाद पुलिस ने कार्रवाई कर 3 घंटे के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि रविवार को पीड़िता ने पर्चा बयान पर मामला दर्ज कराकर बताया कि 12 दिसंबर को घर पर डेढ़ साल के बच्चे के साथ थी पति जयपुर गया हुआ था आरोपी घर पर आया वह पीड़िता को परिवार को जान से मारने की धमकी देकर रूपाहेली गांव ले गया जहां उसने बलात्कार किया पुलिस ने मामला दर्ज कर उपनिरीक्षक जयप्रकाश को जांच सौंपी जयप्रकाश की टीम ने छानबीन कर आरोपी की तलाश शुरू की 3 घंटे बाद ही आरोपी सुरेश बावरिया को गिरफ्तार कर लिया।

# 3 बेटियों को विवाह का पूरा सामान दिया

**अलवर** । एक प्रयास संस्था की ओर से रविवार को अलवर शहर की तीन बेटियों की होने वाली शादी का पूरा सामान नेक कमाई समूह की ओर से डॉ. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट के साथ चलाए जा रहे कन्यादान कार्यक्रम में दिया गया। एक प्रयास समूह की पदाधिकारियों ने बेटियों के चरण धोकर उनसे आशीर्वाद लिया और उनको पायजेब जैसे कई जेवरात भी प्रदान किए।

जयंती फार्म हाउस में हुए कन्यादान कार्यक्रम में इस बार की संयोजक मनीषा जैन रही। इस अवसर पर एक प्रयास संस्था की ओर से अरुणा देवड़ा ने कहा कि जरूरतमंद बेटियों का सर्वे कर उन्हें हम तक पहुंचाने में नेक

- **एक प्रयास संस्था की पहल पर दिए सामान**

कमाई की बहुत बड़ी टीम काम कर रही है जिनका कन्यादान कार्यक्रम पूरे देश के लिए मिसाल बन गया है। एक प्रयास संस्था अलवर शहर में और भी ऐसी बेटियों की शादियों में पूरा सहयोग करेगी।

कार्यक्रम में समाजसेवी दौलत राम हजरती ने कहा कि नेक कमाई समूह और डॉ. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से चलाए जा रहे कन्यादान कार्यक्रम में यह 111 वी शादी है जिसमें एक प्रयास संस्था का सहयोग सराहनीय है। नेक कमाई समूह की संरक्षक मीना तनेजा ने कहा कि बेटियों के कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं है जिसमें अलवर में सभी समाज आगे आए हैं। इसमें महिला संगठनों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में एक प्रयास संस्था की ओर से डॉ.म्मंजू अग्रवाल, सुनीता बंका, बबीता मोर, तनुश्री देवड़ा, आशा मितल, रविता रावत, कुसुम खंडेलवाल, नेहा अग्रवाल, रश्मि मोर, गायत्री डाटा, पूनम अरोड़ा, पिंकी गर्ग, दिविशा जैन,ख्सुमन अग्रवाल और सुमन मितल ने कन्यादान किया। कार्यक्रम में डॉ. आशुतोष शर्मा, निर्मल रस्तोगी, इंजीनियर राजेश लवानिया, गुरप्रीत सिंह पवित्र, कुंती अग्रवाल और धर्म सिंह उपस्थित थे। संचालन गुरप्रीत सिंह पवित्र ने किया।

### मोबाइल लूट की वारदात का खुलासा

**टोंक।** निवाई थाना क्षेत्र में मोबाइल लूट की वारदात का पुलिस प्रशासन द्वारा पिछले 15 दिन में एक दर्जन आरोपियो को गिरफ्तार कर लूट, नकबजनी व चोरी की वारदातों का किया खुलासा। आरोपी से अन्य वारदातों के खुलासे हेतु गहनता से पूछताछ जारी। जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा द्वारा चलाये गये लूट, नकबजनी व चोरी के अपराधियों की धरपकड अभियान के दौरान कस्बा निवाई में हो रही चोरी, नकबजनी की वारदातों के खुलासे के दौरान महावीर सिंह, वृत्ताधिकारी निवाई व हरिपाल सिंह थानाधिकारी थाना निवाई के द्वारा गठित विशेष टीम की कार्रवाही में गत 25 अक्टूम्बर को ईलाका थाना निवाई में झिलाई पुलिया के पास राह चलती महिला से मोबाईल लूट करने के आरोपी हितेश गुर्जर पुत्र कन्हैयालाल जाति गुर्जर उम्र 19 साल निवासी बगडी थाना बरोनी जिला टोंक को डिटेन कर बाद पूछताछ की।

# खेरिया ने लोगों का जताया आभार

**खैरथल।** विधायक दीपचंद खेरिया ने धन्यवाद यात्रा निकाल कर खैरथल के अंबेडकर सर्किल पर प्रतिमा को माला अर्पण की एवं लोगों का धन्यवाद कर आभार जताया। धन्यवाद यात्र के दौरान विधायक ने लोगों की समस्याएं भी सुनी और जल्द समाधान का भरोसा भी दिया।

विधायक खेरिया के निजी सहायक सुनील कांत गोल्डी ने बताया कि विधायक दीपचंद खेरिया रविवार को खैरथल पहुंचे। उन्होंने अंबेडकर सर्किल पर प्रतिमा को माला अर्पण की। इसके उपरांत अंबेडकर सर्किल के निकट के वार्ड 11,12 के लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा खैरथल के लोगों ने अपार सहयोग समर्थन देकर जो भरोसा जताया हैं उसमें कोई कमी नहीं आने दूंगा। इसी प्रकार विधायक ने खैरथल के सन्यास आश्रम पर 7 और

- **विधायक दीपचंद खेरिया ने धन्यवाद यात्रा निकाली**

8 तथा यादव धर्मशाला में वार्ड 6 एवं सैनी स्कूल में सैनी समाज के कार्यक्रम और सुभाष नगर में शीला चौक पर पहुंच कर धन्यवाद प्रकट किया।

इस दौरान वार्ड के लोगों ने समस्याओं से अवगत कराया और समाधान की मांग रखी। आभार व्यक्त करने पहुंचे विधायक सहित कांग्रेस नेताओं का वार्ड वासियों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। धन्यवाद यात्रा के दौरान प्रधान बद्री प्रसाद सुमन पीसीसी सदस्य गिरीश डाटा पूर्व प्रधान ओम प्रकाश रोघा शिवचरण गुप्ता सहित कांग्रेस कार्यकर्ता पार्षद मौजूद रहे।


# पक्षी घर बनाया

**फागी** । दादा दादी को श्रद्धांजली देने का एक नया तरीका निकालते हुए उनकी याद में छ मंजिला पक्षीघर बनाकर क्षेत्र में मिशाल बना दी है जिसे देखकर हर कोई आश्चर्यचकित तो होता ही है साथ ही प्रेरणा भी लेता है। गौरतलब है कि क्षेत्र के गांव केरिया में बालाजी मंदिर के पास बना छ मंजिला पक्षीघर सम्पूर्ण क्षेत्र का ऐसा स्थान बन गया है जहां पक्षी दर्शक मात्र नहीं बनकर अपने घरों के मालिक बन गये है।ऐसा सम्भव हुआ कस्बे में पले बढे व अध्यापक तुलसीराम बलोदा के पुत्र अध्यापक हंसराज बलोदा की प्रकृति एवं जैव विविधता की हृदयमय असीम अनुराग वाली सोच के कारण एक मिशाल पेश की है।

### आभार यात्रा निकाली

**चाकसू** (निस) चाकसू विधानसभा से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक रामावतार बैरवा ने रविवार को आभार यात्रा निकाली। आभार यात्रा मे विधानसभा क्षेत्र के चाकसू पंचायत समिति प्रधान उगन्ता चौधरी, प्रहलाद मीणा आदि मौजूद थे।


## तीये की बैठक



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री नारायण दास जी टेवानी (राष्ट्रदूत) का स्वर्गवास 15.12.2023 को हो गया है, जिनकी तीये की बैठक 18.12.2023 को सायं 4.00 बजे (जनाना-मर्दाना) शिव पार्क बसंत बहार कॉलोनी गोपालपुरा मोड, जयपुर में रखी गई है। मो. 9414073446

शोकाकुल : जमना देवी (पत्नी), दीपा-खुशीराम (डॉ. के.आर. टेवानी), (पुत्र-पुत्रवधु), अनीता (पुत्रवधु), भावना-राजकुमार (पुत्री-दामाद), कविता-आकाश (पौत्री-दामाद), जैनिफर-मनीष (पौत्र-पौत्रवधु), यामिनी-जयकिशन (दोहिता-दोहिता वधु), हर्षिता (पौत्री), नीलेश (पौत्र), राहुल (दोहिता), जिया (पर पौत्री) एवं समस्त टेवानी परिवार।


# जनता का वकील बनकर सेवा करने का विधायक ने संकल्प लिया

**मालपुरा** (निस) भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय नेतृत्व एवं केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा मोदी विजन पर देश भर में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का रविवार को विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने डिग्गी से फिता काटकर किया शुभारम्भ। संकल्प यात्रा के शुभारम्भ समारोह में विधायक ने केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा किसान, नोजवान, गरीब व बेरोजगार सहित महिलाओं के लिए चलाई जा रही अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के हर नागरिक के विकास का विजन लेकर चल रहे है।

उसी विजन के तहत सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने के लिए आज विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ मालपुरा विधानसभा में पहुचा है। डिग्गी कल्याणजी की पावन धरा से यात्रा का शुभारम्भ किया गया है। मंच से उदबोधन के दौरान विधायक चौधरी ने आक्रामक रूप दिखाते हुए समारोह में मोजूद अधिकारी व कर्मचारीयें को अपने ही अंदाज में कडे लहजे में कहा कि सरकारी कर्मचारी को फील्ड में जाकर काम करने की तन्खवाह दी जाती है, छोटे-छोटे कामों के लिए गांव का गरीब पटवारी गिरदावर व ग्राम सेवकों के साथ साथ अधिकारीयों के कार्यालयों में एक टेबल से दुसरे टेबल पर चक्कर लगाने के बावजूद बिना सुविधा शुल्क लिए उसके काम नही किये जाते। विधायक ने दो टुक शब्दें में कहा कि अब राज बदल गया है भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी अपनी आदत व नोकरी करने का लहजा बदल ले नही तो अपने बोरी बिस्तर बांधने के लिए तैयार रहे। मै भ्रष्टाचार व गरीबों को परेशान करने वालों के सख्त खिलाफ हूँ। कोई सरकारी कर्मचारी मेरे सामने कागज के टुकडे रख कर मुझे गुमाराह करने के बजाय टेबल पर आमजन की समस्या का समाधान करें। विधायक ने कहा कि में जीरों टोलरेंस पर काम करूंगा यदि इस चैतावनी के बावजूद अधिकारी कर्मचारी विधानसभा क्षेत्र की जनता को परेशान करने की शिकायत मिलेगी तो या तो वो एसीबी व एसीडी के हत्थे चढेगा या फिर उसे सुधारने के लिए मुझे मेरा तरीका अपनाना होगा।

मोदी विजन पर शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारम्भ समारोह में विधायक के 11 मिनट के उदबोधन में आक्रमक रूख को देख अधिकारी कर्मचारी के साथ साथ भी चकित रह गया। एसडीएम मनोज कुमार वर्मा के हाथों आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पुरी की। जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी देशल दान सहित पंचायत समिति प्रधान सकराम चौपडा, उपप्रधान मुलशंकर शर्मा, सरपंच हलिमा बानों ने भी केन्द्र सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं पर अपना उदबोधन दे ज्यादा से ज्यादा लोगो को लाभान्वित किये जाने के लिए अधिकारीयों को निर्देश दिये।





विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का डिग्गी में शुभारम्भ किया।

### धनकड ने धन्यवाद यात्रा निकाली

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के समस्त देवतुल्य मतदाताओं ने इतिहास रचते हुए लोकप्रिय भाजपा विधायक कुलदीप धनकड को अपना आशीर्वाद प्रदान कर भारी बहुमत से विजयी बनाया है। जनता जनार्दन, मतदाताओं का कोटिश: नमन करते भाजपा के समस्त ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ नवनिर्वाचित भाजपा विधायक कुलदीप धनकड ने जन जन का आभार व्यक्त करने के लिए आभार यात्रा निकाल कर जनता जनार्दन का धन्यवाद ज्ञापित किया। आभार यात्रा ढोल नगाड़ों के साथ विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के तैली छींड गांव से प्रारंभ हूई। जहाँ पर विधायक कुलदीप धनकड ने आगे की आभार यात्रा शुरू कर जनता के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। धन्यवाद व आभार यात्रा तैली छींड, भैरु का टीबा जोगियों की ढाणी, पायला की ढाणी, तालवा, विहाजर, घाटाबार बलाईयों की ढाणी, भांकरी, सितोपसिंहपुरा, बादशाहपुर, गुढ़ा, स्वामियों की ढाणी, सुन्दरपुरा, भीण्डोर, चेचावाला होते हुए आमलोदा में आभार सभा के रूप में सम्पन्न हूई। सभी जगह पर पुष्प वर्षा कर नवनिर्वाचित भाजपा विधायक कुलदीप धनकड का स्वागत किया गया। वही धन्यवाद व आभार यात्रा के दौरान नवनिर्वाचित भाजपा विधायक कुलदीप धनकड ने सभा को संबोधित करते हुए कहाँ कि मोदी की गारंटी विकसितभारतसंकल्पयात्रा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में से होकर गुजरेगी।



मुझे उस दिन सर्वाधिक गर्व महसूस होगा, जिस दिन अपना देश स्पोर्ट्स कंट्री के रूप में दुनिया भर में जाना पहचाना जाएगा।
- साइना नेहवाल

अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी, एक स्कूल के वार्षिक खेल समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में स्कूली छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए।




**आज का खिलाड़ी**

## केन विलियम्सन



न्यूजीलैंड के सीमित ओवर कप्तान केन विलियमसन को एकदिवसीय और टेस्ट के बाद अब बंगलादेश के खिलाफ होने वाली घरेलू टी-20 श्रृंखला की भी जिम्मेदारी दी गई है। इस श्रृंखला के साथ ही उनकी एक वर्ष के बाद टी-20 टीम में वापसी हो रही है। सलामी बल्लेबाज डेवन कॉन्वे को टी-20 से आराम दिया गया है, जबकि माइकल ब्रेसवेल, लॉकी फ़र्ग्यूसन, मैट हेनरी और हेनरी शिपली अलग-अलग चोटों के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर नहीं करने वाले ट्रेंट बोल्ट ने अपने आपको चयन के लिए अनुपलब्ध बताया।

**क्या आप जानते हैं ?...** सॉफ्टबॉल और हार्डबॉल स्क्वैश के खेल की दो पद्धतियां है इसमें साफ्टबॉल को ब्रिटिश व इंटरनेशनल पद्धति माना जाता है कि, जबकि हैडबॉल को अमरीकी पद्धति।

# भारत ने द. अफ्रीका को 8 विकेट से हराया

## पहले वनडे में श्रेयस और सुदर्शन की फिफ्टी, अर्शदीप-आवेश ने मिलकर 9 विकेट झटके

नई दिल्ली, 17 दिसंबर। भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले वनडे में 8 विकेट से हरा दिया है। जोहान्सबर्ग में अर्शदीप सिंह और आवेश खान ने मिलकर 9 विकेट झटके। वहीं डेब्यूटांट साई सुदर्शन ने फिफ्टी लगाकर टीम को जीत के पार पहुंचाया। भारत से श्रेयस अय्यर ने भी 52 रन बनाए।




न्यू वांडरर्स स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम 27.3 ओवर में 116 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गई। अर्शदीप को 5 और आवेश को 4 विकेट मिले। 117 रन का टारगेट भारत ने 16.4 ओवर में ही हासिल कर लिया।

सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 55 रन बनाए। अर्शदीप को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।पहले वनडे में जीत के साथ भारत ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा वनडे 19 दिसंबर को केबेरा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। ये मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे से शुरू होगा।

अर्शदीप ने पारी के दूसरे ओवर में रीजा हेंड्रिक्स को बोल्ड कर दिया, हेंड्रिक्स 8 गेंद खेलकर भी अपना खाता नहीं खोल सके। फिर पांचवीं ही गेंद पर उन्होंने रासी वान डर डसन को भी कर दिया। दोनों बैटर्स खाता नहीं खोल सके।

अर्शदीप ने 8वें ही ओवर में टोनी डी जॉर्जी को भी कॉट बिहाइंड कराया। टोनी 28 रन ही बना सके। 10वें ओवर की आखिरी बॉल पर उन्होंने हेनरिक क्लासन को भी बोल्ड कर दिया। क्लासन 6 रन ही बना सके। साउथ अफ्रीका ने शुरुआती 10 ओवर में 52 रन बनाए लेकिन 4 विकेट भी गंवा दिए।

9.5 ओवर तक साउथ अफ्रीका ने 3 विकेट पर 52 रन बनाए, यहां कप्तान ऐडन मार्करम और हेनरिक क्लासन क्रीज पर थे। पारी में शुरुआती 3 विकेट ले चुके अर्शदीप सिंह ने 10वें ओवर की आखिरी गेंद पर क्लासन को भी बोल्ड कर दिया। 11वें ओवर में तेज गेंदबाज आवेश खान ने कप्तान ऐडन मार्करम को पवेलियन भेज दिया।

आवेश ने फिर दूसरी ही गेंद पर वायन मुल्डर को भी कर दिया। इस तरह साउथ अफ्रीका ने लगातार गेंदों पर 3 विकेट गंवाए। साउथ अफ्रीका का स्कोर 7.4 ओवर में 42 रन पर 2 विकेट था। लेकिन टीम ने अगले 16 ही रन जोड़ने में 5 विकेट गंवा दिए और 13 ओवर के बाद स्कोर 58/7 हो गया। साउथ अफ्रीका से टोनी डी जॉर्जी, हेनरिक क्लासन, ऐडन मार्करम, वायन मुल्डर और डेविड मिलर आउट हुए। शुरुआती 10 ओवर में साउथ अफ्रीका को चारों झटके अर्शदीप सिंह ने दिए। वहीं 11वें के बाद आवेश ने भी 4 विकेट झटक लिए।

साउथ अफ्रीका ने 58 रन के स्कोर पर ही 7 विकेट गंवा दिए थे। यहां से एंडिले फेलुक्वायो ने गेंदबाजों के साथ पार्टरनशिप बनाई और टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचा दिया। फेलुक्वायो 33 रन बनाकर आउट हुए। उनके सामने केशव महाराज ने 4, नांद्रे बर्गर ने 7 और तबरेज शम्सी ने 11 रन बनाए। आखिरी 4 बैटर्स ने मिलाकर टीम के लिए 58 रन जोड़े। साउथ अफ्रीका से ओपनर रीजा हेंड्रिक्स, रासी वान डर डसन और वायन मुल्डर खाता खोले बगैर ही आउट हो गए। एंडिले फेलुक्वायो ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। टोनी डी जॉर्जी ने 28, ऐडन मार्करम ने 12 और तबरेज शम्सी ने 11 रन बनाए। बाकी बैटर्स 10 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। नांद्रे बर्गर 7, हेनरिक क्लासन 6, डेविड मिलर 2 और केशव महाराज 4 रन ही बना सके।

अर्शदीप सिंह और आवेश खान की स्विंग और उछालभरी गेंदबाजी के आगे साउथ अफ्रीका 116 रन पर ही ऑलआउट हो गया। अर्शदीप ने 5 और आवेश ने 4 विकेट लिए। कुलदीप यादव को भी एक सफलता मिली। साउथ अफ्रीका के कप्तान ऐडन मार्करम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। उनका ये फैसला उन्हीं के खिलाफ चले गया। टीम 27.3 ओवर ही बैटिंग कर सकी और 116 रन के स्कोर पर अपने सभी विकेट गंवा दिए।

117 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को संभली हुई शुरुआत मिली। ओपनर ऋतुराज गायकवाड ने डेब्यूटांट साई सुदर्शन के साथ 3 ओवर में 17 रन जोड़े। चौथे ओवर में गायकवाड 5 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें वायन मुल्डर ने किया। टीम ने 23 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाया।

# आइस स्केटिंग शिमला में आज से




शिमला, 17 दिसंबर। हिमाचल प्रदेश की राजधानी में आइस स्केटिंग के शौकीनों के लिए अच्छी खबर है। शिमला के लक्कड़ बाजार में स्थित स्केटिंग रिंक में रविवार सुबह ट्रायल हुआ जो सफल रहा है। इसके बाद रिंक में सोमवार से स्केटिंग सेशन शुरू हो जाएगा। अभी फिलहाल सुबह के सेशन में ही स्केटिंग होगी। शिमला के लक्कड़ बाजार में स्थित आइस स्केटिंग रिंक एशिया का पहला ओपन एयर रिंक है जहां आज भी प्राकृतिक रूप से बर्फ जमाई जाती है। इस रिंक को 1920 में अंग्रेजों ने बनाया था तब से लेकर हर साल यहां पर सर्दियों में प्राकृतिक रूप से बर्फ जमा कर स्केटिंग करवाई जाती है। आइस स्केटिंग क्लब के ऑर्गेनाइजिंग सेक्टरी रजत मल्होत्रा ने बताया कि ट्रायल सफल रहा है। कल से स्केटिंग के रेगुलर सेशन शुरू हो जाएंगे जो सुबह आठ से दस बजे तक होंगे। अभी स्केटिंग सुबह के समय ही होगी। उन्होंने कहा की सभी सदस्य कल से स्केटिंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

# साल्ट के नाबाद शतक और हैरी की शानदारी पारी से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराया

सेंट जॉर्ज 17 दिसंबर। इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के नाबाद 109 रनों की शतकीय पारी और हैरी ब्रूक की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज को ग्रेनेडा के सेंट जॉर्ज नेशनल स्टेडियम में खेले गए तीसरे टी-20 मैच में सात विकेट से हरा दिया है।

हालांकि वेस्टइंडीज पांच टी-20 मैचों की इस श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे है। इंग्लैंड ने 223 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज सॉल्ट के 56 गेंदों में नाबाद 109 रनों की शतकीय पारी और हैरी ब्रूक ने आंद्रे रसेल के अंतिम ओवर में तीन छक्के, एक चौका और एक दो लगाए और केवल सात गेंदों में नाबाद 31 रन ठोकर डाले उन्होंने सलामी बल्लेबाज साल्ट के साथ 12 गेंदों पर 40 रन की साझेदारी कर एक गेंद शेष रहते ही टीम को जीत दिला दी।

इंग्लैंड की सॉल्ट और बटल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 11.2 ओवर में 115 रन बनाये। जोस बटलर 34 गेंदों में 51 रन बनाए। लियाम लिविंगस्टोन ने 18 गेंदों में 30 रन बनाये। इससे पहले निकोलस पूरन की केवल 45 गेंदों में 82 रन की शानदार पारी खेलते हुए वेस्टइंडीज की पारी को संभाला। रोवमैन पॉवेल ने 39रन, शेरफेन रदरफोर्ड ने 29 रन और शाई होप के 26 रनों की पारी खेली। जेसन होल्डर ने केवल पांच गेंदों में नाबाद 18 रन बनाकर वेस्टइंडीज के स्केर को छह विकेट पर 222 रन पर पहुंचा दिया।

इंग्लैंड की ओर से आदिल राशिद को दो विकेट मिले और आदिल राशिद तथा गुडाकेश मोती को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। दोनों टीमों के बीच मंगलवार को चौथा और गुरुवार को पांच टी-20 मैच त्रिनिदाद में खेला जायेगा।

# विलियम्सन की एक वर्ष बाद हुई टी-20 टीम में वापसी

वेलिंग्टन, 17 दिसंबर। न्यूजीलैंड के सीमित ओवर कप्तान केन विलियमसन को एकदिवसीय और टेस्ट के बाद अब बंगलादेश के खिलाफ होने वाली घरेलू टी-20 श्रृंखला की भी जिम्मेदारी दी गई है। इस श्रृंखला के साथ ही उनकी एक वर्ष के बाद टी-20 टीम में वापसी हो रही है। सलामी बल्लेबाज डेवन कॉन्वे को टी-20 से आराम दिया गया है, जबकि माइकल ब्रेसवेल, लॉकी फ़र्ग्यूसन, मैट हेनरी और हेनरी शिपली अलग-अलग चोटों के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर नहीं करने वाले ट्रेंट बोल्ट ने अपने आपको चयन के लिए अनुपलब्ध बताया। टीम में ऑलराउंडर जेम्स नीशम की भी वापसी हुई है तथा तेज गेंदबाज बेन सियर्स को भी टीम में शामिल किया गया है। विलियमसन ने अपना पिछला टी-20 पिछले वर्ष नवंबर में भारत के खिलाफ खेला था। उन्हें इस साल के आईपीएल के पहले मैच के दौरान पैरों में चोट लगी थी और उनकी सर्जरी हुई थी। इसके बाद उन्होंने अक्तूबर-नवंबर में हुए एकदिवसीय विश्व कप के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। टीम के कोच गैरी स्टीड ने कहा, जिस तरह से हमने एकदिवसीय विश्वकप के लिए अलग से तैयारी की थी और रचिन रवींद्र और मार्क चैपमैन जैसे खिलाड़ी उभरे थे, उसी तरह हम टी-20 विश्वकप की भी तैयारी कर रहे हैं। टिम साइफ़र्ट हमारे लिए एक ऐसे ही नाम हैं, जो टी20 विश्वकप के दौरान ऊपरी क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अभी टी-20 विश्वकप में समय है और हमें उम्मीद है कि विशेष भूमिकाओं के लिए हमें कुछ और नए खिलाड़ी मिलेंगे। हम टूर्नामेंट की परिस्थितियों के अनुसार अपनी योजनाएं बना रहे हैं। न्यूजीलैंड की टीम क्रिसमस के बाद 26 दिसंबर को नेपियर में अपना पहला टी-20 मुकाबला खेलेगी।

# द. अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट नहीं खेलेंगे ईशान

नई दिल्ली, 17 दिसंबर। साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से विकेटकीपर ईशान किशन ने अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने पर्सनल कारणों के चलते से भारत में रहने की परमिशन मांगी, जिसे ने अप्रूव कर लिया। ईशान की जगह अब केएस भरत स्क्वॉड का हिस्सा होंगे। स्क्वॉड में भरत के अलावा केएल राहुल दूसरे विकेटकीपर हैं। ईशान से पहले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इंजरी के कारण टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए थे। ईशान किशन साउथ अफ्रीका में टी-20 स्क्वॉड का हिस्सा थे। 3 मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही थी, एक मुकाबला बेनतीजा था। हालांकि किशन को एक भी टी-20 खेलने का मौका नहीं मिला। वह वनडे स्क्वॉड का हिस्सा नहीं है, और टेस्ट सीरीज 26 दिसंबर से शुरू होने जा रही है। इसलिए ईशान जल्द ही साउथ अफ्रीका से भारत के लिए रवाना हो जाएंगे। ईशान किशन ने इसी साल जुलाई में वेस्टइंडीज में टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट में एक फिफ्टी समेत कुल 78 रन बनाए थे। केएल राहुल टेस्ट स्क्वॉड का हिस्सा हैं, ऐसे में उन्हें मौका मिलना मुश्किल था। टेस्ट के अलावा ईशान भारत के लिए 27 वनडे और 32 टी-20 भी खेल चुके हैं। वनडे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 24 विकेट लेने वाले मोहम्मद शमी भी टेस्ट सीरीज से बाहर हो चुके हैं। उन्हें एंकल इंजरी है और वर्ल्ड कप के बाद से ही उनका इलाज जारी है।

# हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय पुरूष और महिला टीम बेल्जियम से हारी

वालेंसिया, 17 दिसंबर। भारतीय महिला और पुरुष हॉकी टीम को पांच देशों के टूर्नामेंट में बेल्जियम से हार का सामना करना पड़ा है। महिला टीम को शनिवार को बेल्जियम से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर एकमात्र गोल वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने 56वें मिनट में किया। वहीं बेल्जियम ने एम्ब्रे बैलेन्घिएन ने 22वें और लुईस वर्सावेल ने 37वें मिनट के गोल दाग कर मुकाबला जीत लिया। भारतीय महिला हॉकी टीम का अगला मुकाबला 19 दिसंबर को जर्मनी से होगा। वहीं पुरुष टीम को भी अपने दूसरे मैच में बेल्जियम से 2-7 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से अभिषेक और जुगराज सिंह गोल किये। पहले क्वार्टर में बेल्जियम के सेड्रिक चार्लियर ने पहले मिनट, एलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने 10 वें मिनट और थिब्यू स्टॉकब्रोएक्स ने 13 मिनट में गोल किये। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में थिब्यू स्टॉकब्रोएक्स ने 16वें मिनट में टॉम बून ने 26 वें मिनट में तथा चौथे क्वार्टर में टॉम बून ने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर दिया। इसके बाद अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने 53वें मिनट में गोल दाग कर स्कोर 2-7 कर दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 19 दिसंबर को जर्मनी से मुकाबला करेगी।

# नाथन लियोन 500 विकेट लेने वाले दुनिया के आठवें गेंदबाज बने

पर्थ 17 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन 500 टेस्ट विकेट तक लेने वाले दुनिया के आठवें गेंदबाज और तीसरे ऑस्ट्रेलियाई बन गए हैं ।लियोन ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट के चौथे दिन फहीम अशरफ को पगबाधा आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। वह इस साल की शुरुआत में एशेज के दौरान पिंडली की चोट के कारण 496 विकेट पर रुक गए थे, लेकिन उन्होंने ऑप्टस स्टेडियम में अपना अच्छा रिकॉर्ड जारी रखा। उन्होंने पाकिस्तान की पहली पारी में अब्दुल्ला शफीक, इमाम-उल-हक और आमेर जमाल को आउट कर 499 विकेट अपने नाम किए। इसके बाद उन्होंने फहीम अशरफ को पगबाधा आउट कर अपना 500वां विकेट पूरा किया और दूसरी पारी में आमेर जमाल को आउट कर अपना 501वां विकेट भी हासिल कर लिया। वह यह कारनामा करने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज है। पहले स्थान पर पूर्व दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न का नाम आता है। वॉर्न के नाम 145 टेस्ट की 273 पारियों में 708 विकेट दर्ज हैं। दूसरे स्थान पर पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने 124 मैचों की 243 पारियों में 563 विकेट लिये है। लियोन 501 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन 800 विकेटों के साथ शीर्ष पर है। उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई शेन वॉर्न 708 विकेट, इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन 690 विकेट, भारत अनिल कुंबले के 619, इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड 604 विकेट, ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैकग्रा 563 विकेट, वेस्टइंडीज के कर्टनी वॉल्श 519 विकेट, ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन 501 विकेट, भारत के रविचंद्रन अश्विन 489, दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन 439 विकेट दसवें स्थान है।

# ऑस्ट्रेलिया ने 360 रन से जीता पहला टेस्ट

## पर्थ में पाक 89 रन पर ऑलआउट, नाथन लायन के 500 विकेट पूरे

नई दिल्ली, 17 दिसंबर। पर्थ में खेले जा रहे पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 360 रनों से हरा दिया। इसके साथ ही तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन 84/2 से आगे खेलते हुए 233/5 के स्कोर पर अपनी दूसर पारी घोषित कर दी। पाकिस्तान को 449 रन का टारगेट मिला लेकिन टीम 89 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया से दूसरी पारी में मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 3-3 विकेट लिए। नाथन लायन ने 2 विकेट लेकर टेस्ट करियर में अपने 500 विकेट पूरे किए। वहीं एक विकेट कप्तान पैट कमिंस को भी मिला। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 487 और पाकिस्तान ने 271 रन बनाए थे।




तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में 84/2 बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन 3 विकेट खोकर 149 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया का चौथा विकेट 107 रन पर गिर गया था। उसके बाद उस्मान ख्वाजा और मिचेल मार्श ने पांचवे विकेट के लिए 129 गेंदों पर 126 रन की पार्टनरशिप की। दूसरी इनिंग में ऑस्ट्रेलिया की ओर से दो बल्लेबाज हाफ सेंचुरी जड़ने में सफल हुए। उस्मान ख्वाजा ने 190 गेंदों में 90 रन और मिचेल मार्श ने 68 गेंदों पर नाबाद 63 रन बनाए। इनके अलावा स्टीव स्मिथ ने 87 गेंदों पर 45 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने 3 विकेट लिए।

449 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान का कोई भी बल्लेबाज दूसरी पारी में 24 रन से आगे नहीं बढ़ सका। पाकिस्तान के लिए सउद शकील ने 51 गेंदों पर 24 रन बनाए। इनके बाद दूसरी पारी में पाकिस्तान के टॉप स्कोरर पाकिस्तान के बाबर आजम रहे। उन्होंने 37 गेंदों पर 14 रन बनाए। इन दोनों के अलावा इमाम-उल-हक ने 20 गेंदों पर 10 रन बनाए। पाकिस्तान का पहला विकेट 2 रन के स्कोर पर गिरा। ओपनर अब्दुल्लाह शफीक मिचेल स्टार्क की गेंद पर कैच आउट हो गए। वहीं पाकिस्तान को दूसरा झटका जोश हेजलवुड ने कप्तान शान मसूद को एलेक्स कैरी के हाथों कैच करा कर दिया। पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के सामने घुटने टेक दिए। दोनों ने 3-3 विकेट लिए।

नाथन लायन ने दूसरी पारी में 2 विकेट लिए। उन्होंने पहला विकेट लेने के साथ ही टेस्ट में अपने 500 विकेट पूरे किए। लायन 500वां शिकार फहीम अशरफ को बनाया। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने 300 रन की बढ़त बना लिए। पाकिस्तान अपनी पहली पारी में 277 रन ही बना सका था। पूरी खबर पढ़ने के लिए यहां क्लिक यहां क्लिक करें

# अर्शदीप, आवेश की घातक गेंदबाजी रही

जोहान्सबर्ग 17 दिसंबर। भारत ने अर्शदीप सिंह पांच विकेट और आवेश खान चार विकेट की घातक गेंदबाजी तथा साई सुदर्शन के नाबाद 55 रन और श्रेयस अय्यर की 52 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत रविवार को तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हरा दिया है। 117 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऋतुराज गायकवाड़ और साई सुदर्शन की सलामी भारतीय जोड़ी ने पहले विकेट के लिए मात्र 23 रन ही जोड़ सकी थी कि मुल्डर ने चौथे ओवर की चौथी गेंद पर गायकवाड़ पांच रन को पगबाधा कर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये श्रेयस अय्यर ने सुदर्शन के साथ दूसरे विकेट के लिए मजबूत साझेदारी कर भारतीय टीम की जीत पक्की कर दी। 15.5 ओवर में श्रेयर 52 रन को फेहलुकवायो ने मिलर के हाथों कैच आउट कराया। उस समय टीम को स्कोर 111 रन था। सुदर्शन 55 रन बनाकर और तिलक वर्मा एक पर नाबाद रहे। भारत ने 16.4 ओवर में 117 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। भारत इस जीत के साथ ही श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली है। दक्षिण अफ्रीका की ओर से वियान मुल्डर और एंडिले फेहलुकवायो ने एक-एक विकेट लिया।

# हरियाणा ने पहली बार जीती विजय हजारे ट्रॉफी

## 30 साल पुराने टूर्नामेंट के फाइनल में राजस्थान को 30 रन से हराया

नई दिल्ली, 17 दिंबर। हरियाणा की टीम ने विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। टीम ने वनडे टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में राजस्थान को 30 रन से हराया। सुमित कुमार प्लेयर ऑफ द फाइनल चुने गए। उन्होंने नाबाद 28 रन बनाने के साथ 3 विकेट भी हासिल किए। साथ ही तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने डेथ ओवर्स में शानदार गेंदबाजी की और 3 विकेट चटकाए। राजकोट के मैदान पर शनिवार को हरियाणा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और 50 ओवर में 8 विकेट पर 287 रन बनाए। 288 रन का टारगेट चेज करने उतरी राजस्थान की टीम 48 ओवर में 257 रन पर ऑलआउट हो गई। हरियाणा ने पहली बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता है। टूर्नामेंट की शुरुआत 1993 में हुई थी। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी हरियाणा की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 3 रन पर पहला विकेट गंवा दिया। यहां युवराज सिंह एक रन बनाकर आउट हुए। ऐसे में अंकित कुमार (88 रन) ने हिमांशु राणा के साथ 47 बॉल पर 38 रन की पार्टनरशिप की। यहां हिमांशु 10 रन बनाकर आउट हो गई। हिमांशु के आउट होने के बाद अंकित ने अशोक मेनारिया के साथ 151 बॉल पर 124 रन की साझेदारी की।

# सुदर्शन को कप्तान राहुल ने डब्लू कैप दी

## अय्यर का बल्ला हवा में उड़ा, दक्षिण अफ्रीका ने 3 गेंद में 3 विकेट गंवाए

नई दिल्ली, 17 दिसंबर। भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले वनडे में 8 विकेट से हरा दिया। न्यू वांडरर्स स्टेडियम में रविवार को साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम 27.3 ओवर में 116 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गई। 117 रन का टारगेट भारत ने 16.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। भारत के डेब्यूटांट सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 55 रन बनाए। उन्हें भारत के मौजूदा कप्तान केएल राहुल ने डेब्यू कैप सौंपी। सुदर्शन ने श्रेयस अय्यर के साथ 88 रन की पार्टनरशिप भी की। बैटिंग के दौरान श्रेयस का बल्ला हाथ से फिसल गया। रासी वान डर डसन ने उन्हें बल्ला लौटाया।

सुदर्शन को कप्तान राहुल ने डेब्यू कैप सौंपी भारत के बल्लेबाज साई सुदर्शन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया। सुदर्शन भारत के लिए वनडे डेब्यू करने वाले 253वें खिलाड़ी बने। भारत के मौजूदा वनडे कप्तान केएल राहुल ने उन्हें डेब्यू कैप दी।

सुदर्शन ने अपने डेब्यू वनडे में भारत के लिए 43 बॉल में 53 रन की नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। तीनों फॉर्मेट मिलाकर सुदर्शन भारत के 400वें इंटरनेशनल खिलाड़ी भी बने। केएल राहुल ने सुदर्शन को डेब्यू कैप सौंपी। वह भारत की ओर से वनडे खेलने वाले 253वें क्रिकेटर बने। वे भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाले 400वें खिलाड़ी भी बने।

अर्शदीप सिंह ने मैच में कुल 5 विकेट झटके, इनमें से 2 विकेट अर्शदीप ने लगातार 2 बॉल में लिए। अर्शदीप ने साउथ अफ्रीका की पारी के दूसरे ओवर की चौथी बॉल पर रीजा हेंड्रिक्स को बोल्ड कर दिया, हेंड्रिक्स 8 गेंद खेलकर भी अपना खाता नहीं खोल सके। इसके बाद पांचवीं ही गेंद पर उन्होंने रासी वान डर डसन को भी कर दिया। डर डसन अपनी पारी की पहली बॉल पर आउट हो गए। दोनों ही बैटर्स खाता नहीं खोल सके।

ऋतुराज गायकवाड ने पहली पारी में आसान सा कैच छोड़ दिया। 9वें ओवर की तीसरी बॉल आवेश खान ने ऑफ स्टंप के बाहर शॉर्ट ऑफ गुड लेंथ फेंकी। हेनरिक क्लासन गेंद को ठीक से खेल नहीं सके और बॉल उनके बैट से लगकर सेकेंड स्लिप में चली गई। वहां खड़े गायकवाड ने कैच लेने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके हाथ के बीच से चौके के लिए चली गई। जीवनदान के वक्त क्लासन खाता भी नहीं खोल सके थे।

# इंडिया बने स्पोर्ट्स कंट्री : साइना नेहवाल

इटावा, 17 दिसंबर। अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने कहा है कि उन्हें उस दिन सर्वाधिक गर्व महसूस होगा, जिस दिन अपना देश स्पोर्ट्स कंट्री के रूप में दुनिया भर में जाना पहचाना जाएगा। साइना रविवार को इटावा एक स्कूल के वार्षिक खेल समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में स्कूली छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रही थी। करीब 3 घंटे से अधिक समय तक स्कूल के परिसर में बच्चों और खिलाड़ियों के बीच रही साइना ने कहा कि उन्होंने बचपन में जब बैडमिंटन खेलना आरंभ किया था, तब न तो उनका कोई रोल मॉडल था और न ही उनके पास कोई प्रशिक्षक ही था, मगर उनके माता-पिता की प्रेरणा उनके साथ थी। धीरे -धीरे वह बैडमिंटन में पारंगत होती गई। जब 2010 में वह ओलंपिक में पहली बार पदक जीतने से चूक गईं, तो वह रात भर रोई थी ,मगर सवेरे से ही नई ऊर्जा के साथ प्रेक्टिस में जुट गई थी और फिर उन्होंने देश का नाम गौरवान्वित करने में कोई और कसर नहीं छोड़ी और न ही पीछे मुड़कर देखा। साइना ने कहा कि आज के बच्चों के लिए रोल मॉडल बनने के लिए खेलों में तेंदुलकर, विराट धोनी आदि खिलाड़ी हैं और मुझ से भी बच्चे प्रेरणा ले सकते हैं। लोगों में अभी भी अपने बच्चों को डॉक्टर ,इंजीनियर आईएएस और पीसीएस बनने की ललक है। मगर अब बच्चे खिलाड़ी बनकर बहुत ऊंचाई पा सकते हैं। न केवल अपने परिवार का बल्कि अपने स्कूल और देश



का नाम गौरवान्वित कर सकते हैं। साइना ने कहा है कि क्रिकेट की तरह बैडमिंटन को लोकप्रिय करने के लिए देशभर में बैडमिंटन अकादमी खोलने की बड़ी जरूरत है। कॉरपोरेट हाउस और सरकार बैडमिन्टन को क्रिकेट की तरह बढ़ावा देने के लिये आगे आए। साइना ने स्कूली बच्चों को नसीहत देते हुए कहा है कि स्कूली बच्चों पर मोबाइल का बुरा प्रभाव पड़ रहा है इससे बचने की बड़ी जरूरत है। मोबाइल के कारण स्कूली बच्चे फील्ड में नही का काम इस ओर ध्यान देने की बड़ी जरूरत है।सोशल मीडिया का यूथ में बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिये माता पिता को आगे आने की बड़ी जरूरत है। बैडमिंटन की विख्यात अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी साइना ने पत्रकारों से वार्ता में कहा कि वह आज इटावा पहली बार आईं हैं और लोगों के इस प्यार और स्नेह से बेहद ही प्रभावित हैं। उन्होंने अपनी सफलता का राज बताते हुए कहा कि मैंने खेल को कभी भी टाइमपास नही समझा और हमेशा ही हर खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया जिसमे काफी बार मुझे चोट भी लगी लेकिन मैं फिर से खड़ी हुई और पूरे आत्मविश्वास से खेली और जीती भी। उन्होंने बताया कि मात्र 18 वर्ष की उम्र में ही वे ओलंपिक गेम्स खेल चुकी है लेकिन कभी भी किसी असफलता से डरी नहीं बस हमेशा पूरे आत्म विश्वास के साथ खेलती रही और आज उसका परिणाम साइना नेहवाल के रूप में आप सभी के सामने है। उन्होंने भारत में क्रिकेट की तरह ही बैडमिंटन को भी बढ़ावा देने की बात कहते हुए कहा कि क्रिकेट की तरह ही आज देश में हर राज्य में एक बैडमिंटन अकादमी बनाने की भी आवश्यकता है।




# “दुनिया में कोई डायमंड बोर्स कहेगा, तो सूरत का नाम आयेगा”

## प्रधानमंत्री ने विश्व के सबसे बड़े कार्पोरेट ऑफिस हब “सूरत डायमंड बोर्स” का उद्घाटन किया

■ मोदी ने कहा कि यह भवन भारतीय डिजाइन, भारतीय डिजाइनर्स, भारतीय मेटेरियल तथा भारतीय कांसेप्ट को दर्शाता हैं।

सूरत, 17 दिसंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि, अब दुनिया में कोई भी कहेगा डायमंड बोर्स तो सूरत के नाम के साथ भारत का नाम भी आएगा।

मोदी ने गुजरात में दुनिया के सबसे बड़े कॉर्पोरेट ऑफिस हब ‘सूरत डायमंड बोर्स’ (एसडीबी) के उद्घाटन अवसर पर कहा कि, सूरत डायमंड बोर्स, भारतीय डिज़ाइन, भारतीय डिज़ायनर्स, भारतीय मटेरियल और भारतीय कॉन्सेप्ट के सामर्थ्य को दिखाता है। ये बिल्डिंग, नए भारत के नए सामर्थ्य और नए संकल्प की प्रतीक है। मैं सूरत डायमंड बोर्स के लिए डायमंड इंडस्ट्री को, सूरत को, गुजरात को, पूरे देश को बधाई देता हूं।

उन्होंने कहा कि, आज सूरत शहर की भव्यता में एक और डायमंड जुड़ गया है। डायमंड भी छोटा-मोटा नहीं है बल्कि ये तो दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। इस डायमंड की चमक के आगे दुनिया की बड़ी से बड़ी इमारतों की चमक फीकी पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि, सूरत शहर के साथ मेरा जो आत्मीय लगाव है, उसको शब्दों में बयान करने की जरूरत नहीं है, आप लोग भली-भांति जानते हैं। सूरत ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। सूरत ने सिखाया है कि, जब सबका प्रयास होता है, तो हम कैसे बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। सूरत की मिट्टी में ही कुछ बात है, जो इसे सबसे अलग बनाती है। और सूरतियों का सामर्थ्य, उसका मुकाबला मिलना मुश्किल होता है।

हम सब जानते हैं कि सूरत शहर की यात्रा कितने उतार-चढ़ावों से भरी रही है। अंग्रेज भी यहां का वैभव देखकर सबसे पहले सूरत ही आए थे। एक जमाने में दुनिया के सबसे बड़े समुद्री जहाज सूरत में ही बना करते थे। सूरत के इतिहास में अनेक बार बड़े-बड़े संकट आए, लेकिन सूरतियों ने मिलकर हर एक से मुकाबला किया। वो भी एक वक्त था, कहते थे कि 84 देशों के शिप के झंडे यहां फहरते थे। आज ये माथुर भाई बता रहे थे कि अब 125 देशों के झंडे यहां फहरने वाले हैं।

कभी गंभीर बीमारियों में सूरत फंस गया, कभी तापी में बाढ़ आई। मैंने तो वो दौर निकट से देखा है, जब भांति-भांति की निराशा फैलाई गई, सूरत की स्पिरिट को चुनौती दी गई। लेकिन मुझे पूरा भरोसा था कि सूरत संकट से तो उभरेगा ही, नए सामर्थ्य के साथ दुनिया में अपना स्थान भी बनाएगा। आज देखिए ये शहर दुनिया के सबसे तेजी से आगे बढ़ते टॉप 10 शहरों में है।

यहां के लोगों ने अपने परिश्रम से, पूरी ताकत स इसको डायमंड सिटी बनाया, सिल्क सिटी बनाया। आप सभी ने और मेहनत की और सूरत ब्रिज सिटी बना। आज लाखों-लाख युवाओं के लिए सूरत, ड्रीम सिटी है। और अब सूरत आईटी के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि, आजकल आप सभी मोदी की गारंटी की चर्चा खूब सुनते होंगे।

हाल के दिनों में जो चुनाव नतीजे आए, उसके बाद ये चर्चा और बढ़ गई है। लेकिन सूरत के लोग तो मोदी की गारंटी को बहुत पहले से जानते हैं। यहां के परिश्रमी लोगों ने मोदी की गारंटी को सच्चाई में बदलते देखा है। इस गारंटी का उदाहरण ये सूरत डायमंड बुर्स भी है।

मोदी ने कहा हमने तो पहले से ही इस सेक्टर को एक्सपोर्ट प्रमोशन के लिए फोकस एरिया के रूप में चुना है। पेटेन्टेड डिजाइन को प्रोत्साहन देना हो, एक्सपोर्ट प्रोडक्ट्स को डाइवर्सिफाय करना हो, दूसरे देशों के साथ मिलकर बेहतर तकनीक की खोज करना हो, लैब ग्रोन या ग्रीन डायमंड को बढ़ावा देना हो, ऐसे अनेक प्रयास केंद्र सरकार कर रही है। ग्रीन डायमंड को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने बजट में भी विशेष प्रावधान किए हैं। आपको इन सारे प्रयासों का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाना है।

## नागपुर में बारुद फैक्ट्री में विस्फोट : नौ की मौत

■ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने फैक्ट्री में हुए विस्फोट में हुई लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

नागपुर, 17 दिसंबर। महाराष्ट्र के शहर नागपुर के बाजारगांव स्थित एक बारूद कंपनी में रविवार को विस्फोट हो जाने से तीन महिला श्रमिकों सहित नौ लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संदीप पखाले ने कहा कि, विस्फोट के सही कारणों की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि, विस्फोट में मरने वालों में से छह पुरुष तथा तीन महिलाएं हैं और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस बीच, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नागपुर में फैक्ट्री में हुए विस्फोट में हुई लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने पीड़ितों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता देने की भी घोषणा की है।

उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस और सभी संबंधित एजेंसियों को घायल व्यक्तियों को उत्तम उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया हैं। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

# चरणदास महन्त को विपक्ष का नेता बना कांग्रेस में असंतोष दूर करने के प्रयास

## वरिष्ठता के बावजूद महन्त को भूपेश बघेल लगातार उपेक्षित करते थे

■ डॉ. महन्त एक मात्र ऐसे वरिष्ठ नेता हैं, जो खुद ही नहीं जीते, बल्की आस-पास की अधिकांश सीटों पर भी विजय दिलायी।

■ वे तीन बार अविभाजित मध्यप्रदेश में विधायक रहे, तीन बार लोकसभा सदस्य रहे तथा दूसरी बार छत्तीसगढ़ में विधायक बने हैं।

रायपुर, 17 दिसम्बर। कांग्रेस आलाकमान ने वरिष्ठ पार्टी नेता डॉ. चरणदास महंत को छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल का नेता बनाकर सत्ता से बेदखल होने के बाद पार्टी में उभरे असन्तोष को दूर करने की कोशिश की है। डॉ. महंत विधायक दल के नेता होने के साथ ही विधानसभा में विपक्ष के नेता भी होंगे।

विनम्र, सौम्य और मिलनसार राजनेता डॉ. महंत को कांग्रेस विधायक दल का नेता बनाए जाने का ऐलान कांग्रेस महासचिव वी.वेणुगोपाल ने नई दिल्ली में किया। गत 13 दिसम्बर को कांग्रेस विधायक दल की यहां हुई बैठक में नेता चुनने का अधिकार पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंप दिया गया था। डॉ. महंत निवर्तमान विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष थे।

विधायक दल का नेता बनाए जाने के बाद डॉ. महंत ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि, सरकार में रहते हुई कुछ गलतियों की वजह से बिखर रही पार्टी को एकजुट रखने की महती जिम्मेदारी को सबको साथ लेकर पूरा करने की कोशिश करेंगे। सभी पार्टीजनों को वह प्यार बांटेंगे और सभी मिलकर छत्तीसगढ़ के लिए संघर्ष करेंगे। जनता को जब जहां भी जरूरत होगी वहां खड़े होंगे।

डॉ. महंत कांग्रेस के इकलौते वरिष्ठ नेता हैं जो हाल में सम्पन्न विधानसभा चुनावों में स्वयं ही चुनाव नहीं जीते हैं बल्कि आसपास की अधिकांश सीटों पर भी कांग्रेस उम्मीदवार निर्वाचित हुए हैं। डॉ. महंत वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष हैं, लेकिन राजनीतिक जानकारों के अनुसार इतने अहम पद पर होने के बाद भी भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री रहते उन्हें उपेक्षित रखने की पूरी कोशिश की। इसके साथ ही उनके क्षेत्र की आसपास की सीटों पर भी कांग्रेस उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा। डॉ. महंत 1980 में पहली बार अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के सदस्य चुने गए थे।

अविभाजित मध्यप्रदेश में वे तीन बार विधायक रहे डॉ. महंत छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए वे सक्ती सीट से दूसरी बार विधायक चुने गए हैं। डॉ. महंत तीन बार 12वीं, 13वीं तथा 15वीं लोकसभा के सदस्य रहे। महंत केन्द्र में मनमोहन सरकार में राज्यमंत्री तथा मध्यप्रदेश में गृह एवं जनसम्पर्क मंत्री रहे। वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के दो बार अध्यक्ष एवं कई बार कार्यकारी अध्यक्ष रहे।

# “लोकसभा चुनाव में कांग्रेस गठबंधन में बड़े भाई की भूमिका निभायेगा”

■ यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पत्रकारों से कहा।

■ राय ने कहा इण्डिया गठबंधन भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगा।

जौनपुर, 17 दिसम्बर। उत्तरप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को कहा कि, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी गठबंधन में बड़े भाई की भूमिका निभायेगी। पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़कर भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य इण्डिया गठबंधन करेगा। 20 दिसम्बर से हमारे नेतृत्व में सहारनपुर जनपद से यूपी जोड़ो पद यात्रा की शुरू होने जा रही है। जिसका समापन लखनऊ में होगा।

राय रविवार को शिवापार गांव में किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिंह डब्बू के घर पर नव विवाहित जोड़े को आशीर्वाद देने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। राय ने संसद में हुए घटनाक्रम के बारे राहुल गांधी के बयानों को सही ठहराते हुए कहा कि, आज बेरोगारी, मंहगाई चरम पर है जिसके कारण पढ़े लिखे बेरोगार युवाओं को यह कदम उठाना पड़ा। ये कोई आतंकवादी नहीं हैं ये हमारे देश के युवा हैं, जिन्होंने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए ऐसा कदम उठाया है। उन भाजपा सांसद पर भी कार्रवाई होनी चाहिए, जिसने इन लड़को का पास बनाया था।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय कें दो छात्रों द्वारा की गयी आत्महत्या पर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि, बेरोगारी के कारण इन बच्चों ने मौत को गले लगाया है। जौनपुर शहर में सीवर लाइन बिछाने के कार्य में लगे मजदूर की दर्दनाक मौत पर दु:ख प्रकट करते हुए अजय राय ने इस कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है साथ यह भी आरोप लगाया कि इस भ्रष्टाचार में स्थानीय मंत्री भी लिप्त है।

राय ने जिला कांग्रेस कमेटी को निर्देश दिया कि इस भ्रष्टाचार के खिलाफ आन्दोलन करें तथा मृतक मजदूर को न्याय दिलाने का कार्य करें।

## सरदारशहर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के पीछे स्थित दीवार पर काले रंग से धार्मिक, जातीय समुदाय के मध्य सौहार्द व शत्रुता वैमनस्य भावनाएं फैलाने के लिए अपमानजनक शब्द अंकित कर उनकी गरिमा को कलंकित किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरंत कार्रवाई करते हुए दो जनों को राउण्डप किया है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार दोनों आरोपी नाबालिग हैं।

स्मृति स्थल पर की गई तोड़फोड़ की क्षत्रिय सभा, बीकानेर, राजस्थान ब्राह्मण महासभा, विप्र फाण्डेशन, जाट विकास सस्थान, भाजपा नेता राजेन्द्रसिंह राठौड़, कांग्रेस नेता रफीक मंडेलिया, भाजपा नेता अभिनेश महर्षि, भाजपा नेता राजकुमार रिणवां, डॉ. महेश शर्मा आदि ने घटना की निन्दा की है।

पण्डित भंवरलाल शर्मा स्मृति स्थल पर की गई तोड़-फोड़ के विरोध में सोमवार को बाजार बन्द रहेगा तथा सुबह 10 बजे से ताल मैदान से गांधी चौक तक मौन जुलूस निकाला जाएगा। बन्द का व्यापार एवं उद्योग मण्डल, व्यापार एवं उद्योग संघ, शिव मार्केट एसोसियेशन, कपड़ा व्यापार संघ, आटो चालक युनियन आदि संगठनों ने भी बंद का समर्थन किया है।

# बंधकों को छुड़ाने को लेकर दबाव बढ़ा, गाजा पर हमलों में तेजी

■ इजरायल प्रधानमंत्री को रविवार को बंधकों के रिश्तेदारों के विरोध का सामना करना पड़ा।

■ प्रधानमंत्री ने कहा कि, तीन बंधकों की मौत के बाद युद्ध प्रयास को दोगुना कर दिया गया है।

तेल अवीव ,17 दिसम्बर। इजरायल में सात अक्टूबर के हमलों के दो महीने बीत जाने के बाद भी क्षेत्र में बंधकों की रिहाई सुनिश्चित न होने के बढ़ते दवाब के बीच रविवार को गाजा पट्टी पर ताजा हमले किए गये।

मीडिया रिपोर्टों के मुतबिाक प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को शनिवार को बंधकों के रिश्तेदारों के विरोध का सामना करना पड़ा , जिन्होंने सेना द्वारा गाजा में तीन बंदियों को गलती से मारने की बात स्वीकार करने के बाद उनकी स्वतंत्रता को सुरक्षित करने के लिए तत्काल समझौते की मांग की।

बंधक बनाये गये हैम पेरी की बेटी नोम पेरी ने विरोध प्रदर्शन में कहा, हमें ध्यान में रखें और अब (बातचीत के लिए) एक योजना बनाएं।

इस बीच नेतन्याहू ने शनिवार को अपने युद्ध प्रयास को दोगुना करते हुए तीन बंधकों की मौत के बारे में संवाददाताओं से कहा इसने मेरा दिल तोड़ दिया।

इसने पूरे देश का दिल तोड़ दिया। गहरे दुख के साथ मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि अपहृत की वापसी और हमारे दुश्मनों पर जीत हासिल करने के लिए सैन्य दबाव आवश्यक है।

रविवार को गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार केंद्रीय शहर दीर अल-बलाह पर इजरायली हमलों में कम से कम 12 लोग मारे गए। चश्मदीदों ने गाजा पट्टी के दूसरे शहर खान यूनिस के पूर्व में बानी सुहैला की दक्षिणी नगर पालिका पर इजरायली हवाई और तोपखाने हमलों की भी सूचना दी।

इससे पहले कतर ने शनिवार को एक बयान में, मानवीय विराम को नवीनीकृत करने के लिए चल रहे राजनयिक प्रयासों की पुष्टि की। लेकिन हमास ने टेलीग्राम पर कहा कि वह जब तक हमारे लोगों के खिलाफ आक्रामकता पूरी तरह से बंद नहीं हो जाती तब तक कैदियों की अदला-बदली के लिए किसी भी बातचीत के खिलाफ है।

अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने शनिवार देर रात कहा कि वह वाशिंगटन की क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करने की प्रतिबद्धताओं को उजागर करने के लिए इज़राइल, बहरीन और कतर की यात्रा कर रहे हैं।

## श्रीकरणपुर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उपाध्यक्ष भरत राम मेघवाल, पूर्व सांसद शंकर पन्नू, पूर्व विधायक जगदीश जांगिड़, केशकाल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र गहलोत, पीसीसी सदस्य युवरेंद्र सिंह युवी, पूर्व विधायक सोना देवी बावरी, सचिव रमा सेवी बावरी, श्रीकरणपुर प्रधान गोमदेवी, पदमपुर प्रधान सुशीला पूनिया, श्रीकरणपुर चेयरमैन रमेश कुमार बंसल और पदमपुर चेयरमैन रूबी मिगलानी को भी चुनाव प्रबंधन समिति में शामिल किया गया है। इसके साथ ही कांग्रेस के अग्रिम संगठनों के श्रीगंगानगर जिलाध्यक्षों को भी इस समिति में जगह दी गई है।

## प्रदेश के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अधिकार है। सरकार को भी चाहिए कि वह भी कर्मचारियों के हित की वाजिब मांगों पर विचार कर उन्हें राहत दे। कर्मचारियों की वाजिब मांगों पर मैं हमेश गौर करता रहा हूँ और आगे भी उचित माध्यम से सरकार तक पहुंचाता रहूँगा।

इस दौरान महासंग के प्रदेश संगठन मंत्री विजयसिंह धाकड, प्रदेश महामंत्री राकेश शर्मा, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अनुराधा, सरोज यादव सहित उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा नव मनोनित विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी का माला पहनाकर एवं साफ पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

## हिमाचल में अग्निकांड, दो बच्चे सहित तीन जिंदा जले

शिमला, 17 दिसंबर। हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना में भीषण अग्निकांड हुआ है जहां आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई जिनमें एक महिला व उसके दो बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा महिला का पति बुरी तरह से झुलस गया है जिसे क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से पीजीआई चंडीगढ़ के लिए रेफर किया गया है। पुलिस ने मृतकों की पहचान सुमित देवी (25) पत्नी विजय शंकर निवासी बाथु व उसका नौ माह का बेटा अंकित और पांच साल की बेटी नैना के रूप में हुई है। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। वह मूल रुप से उत्तर प्रदेश की निवासी है जो रोजगार के लिए बाथु में अपने परिवार के साथ रहती थी।

यह मामला ऊना जिले के हरोली इलाके के गांव बाथु का है। यहां विजय शंकर अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ झुग्गी में रह रहा था और यहां मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। लेकिन बीती रात अचानक ही झुग्गियों में आग लग गई जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

# श्रीनगर में आतंकवादी मॉड्यूल नष्ट किया : पुलिस महानिदेशक

## यह मॉड्यूल पाकिस्तानी हैंडलर के इशारे पर ऑफ-ड्यूटी पुलिसकर्मियों को मारता था

■ तीन आंतकवादियों की गिरफ्तारी के बाद हथियार, मैगजीन व गोलियां बरामद हुई है।

श्रीनगर, 17 दिसंबर। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर आर स्वैन ने रविवार को कहा कि, पुलिस ने श्रीनगर में ऑफ-ड्यूटी पुलिसकर्मियों को मारने के लिए नियुक्त आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।

स्वैन ने कहा कि, इस संबंध में अब तक तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है जो नौ दिसंबर को श्रीनगर के बेमिना में एक पुलिस कांस्टेबल पर हमले में भी शामिल थे।

उन्होंने यहां पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि, जांच और पुख्ता सबूतों के बाद पुलिस ने पाया कि तीन लोगों की पहचान इम्तियाज अहमद खांडे जो तारिया अहमद खांडे , मेहनान खान, पुत्र मेहराज दीन और दानिश अहमद के रुप में की गयी है।

इस संबंध में बेमिना थाना में धारा 7/27 307, आईपीसी 16, 18 और 38 यूएलएपी के तहत एफआईआर संख्या 112/23 दर्ज की गई है।

डीजीपी ने कहा कि, तीनों पाकिस्तान स्थित हैंडलर हमजा-बुरहान के इशारे पर काम कर रहे थे जो मूल रूप से पुलवामा का रहने वाला था। उन्होंने कहा, तीन आतंकवादियों में से, दानिश मल्ला मास्टरमाइंड था, जिसने पुलिस कांस्टेबल मुहम्मद हाफिज चक पर हमला करने की साजिश रची थी जो नौ दिसंबर को अपनी ड्यूटी करने के बाद अपने घर जा रहे थे। उन पर छह गोलियां चलाई गईं, दो आरपार हो गईं और एक उनकी रीढ़ की हड्डी में लगी जिसे डॉक्टरों ने हटा दिया। घायल कांस्टेबल की हालत स्थिर है। इसके अलावा इम्तियाज अहमद खांडे ने बेमिना के हमदानिया कॉलोनी में कांस्टेबल हाफिज पर गोली चलाई थी।

उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान इम्तियाज अहमद खांडे के पास से अपराध में प्रयुक्त हथियार-कैनिक टीपी09, तुर्की निर्मित पिस्तौल, एक मैगजीन और एक राउंड 9 मिमी बरामद किया गया।

स्वैन ने कहा कि मेहनान खान के पास से एक दूसरी -कैनिक टीपी09 टर्की निर्मित पिस्तौल, एक मैगजीन और सात गोलियां बरामद की गयी। उन्होंने कहा, डेनिश मॉल से 9एमएम की 57 गोलियां और दो मैगजीन बरामद की गईं। गिरफ्तार तीनों आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा और उसके सहयोगी संगठन टीआरएफ से जुड़े थे।

पुलिस प्रमुख ने कहा कि, जांच के दौरान यह सामने आया कि गिरफ्तार तीनों ने निशाना बनाए जाने वाले पुलिसकर्मियों की एक लंबी सूची तैयार की थी। उन्होंने कहा,सूची में अन्य लोग भी थे लेकिन ज्यादातर पुलिसकर्मी निशाने पर थे।

यह पूछे जाने पर कि, क्या यह पहली बार है कि तुर्की निर्मित पिस्तौल बरामद किए गए हैं, डीजीपी ने कहा कि, पहले भी ऐसे छोटे हथियार बरामद किए गए हैं।

उन्होंने कहा, ऐसे हथियार ड्रोन से गिराए जा रहे हैं और अन्य माध्यमों से भी जम्मू-कश्मीर में भेजे जा रहे हैं। ऐसे हथियार वजन में हल्के होने के कारण ले जाने में आसान होते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या 29 अक्टूबर को श्रीनगर के ईदगाह में क्रिकेट खेलने के दौरान हुई पुलिस इंस्पेक्टर मसरूर अहमद वानी की हत्या से इस मॉड्यूल का कोई संबंध था, डीजीपी ने कहा कि मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा की जा रही है। उन्होंने बेमिना पुलिस पर हमले के मामले की पेशेवर तरीके से जांच करने और आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की सराहना की।

## पूववर्ती कांग्रेस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सरकारी सदस्यों की सलाहकारी सेवाएं ली जा रही हैं, उन्हें भी समाप्त करने का फैसला लिया गया है।इस आदेश में सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को अपने-अपने विभागों में किए गए मनोनयन और सलाहकार के रूप में गैर सरकारी सदस्यों की सेवाओं को खत्म करने के आदेश जारी कर रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय भिजवाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही ऐसे प्रकरण जिनमें वैधानिक दृष्टि से निरस्त किया जाना संभव नहीं है, उनकी पत्रावली भी सी.एम.ओ. भिजवाने को कहा गया है।

## छत्तीसगढ़ में एक जवान शहीद

जगदलपुर, 17 दिसंबर। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में रविवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच हुयी मुठभेड़ में केन्द्रीय सुरक्षा बल का एक उप निरीक्षक शहीद हो गया। वहीं एक अन्य जवान घायल हो गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सुबह जगरगुंडा के अंतर्गत कैम्प बेंद्रे से केंद्रीय सुरक्षा बल के 165 बटालियन की कंपनी के जवान गश्त पर निकले थे। इसी के दौरान नक्ससलियों से मुठभेड़ हुयी। करीबन एक घंटे तक दोनों तरफ से गोलीबारी हुई, जिसमें 165 बटालियन का केंद्रीय सुरक्षा बल के उप निरीक्षक सुधाकर रेड्डी शाहिद हो गए तथा केंद्रीय सुरक्षा बल का एक जवान रामु गोली लगने से घायल हो गया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908